# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026







# प्रदेश के रियल एस्टेट के क्षेत्र में रहेजा ग्रुप ने जीता कस्टमर्स का विश्वास

## रहेजा निर्वाणा बना आधुनिक और प्रीमियम लाइफस्टाइल का नया ठिकाना



रायपुर स्थित रहेजा ग्रुप छत्तीसगढ़ के रियल एस्टेट क्षेत्र का एक प्रतिष्ठित और विश्वसनीय नाम है, जो पिछले दो दशकों से अधिक समय से अपनी गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय पर प्रोजेक्ट डिलीवरी के लिए जाना जाता है। समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संजय रहेजा जी के कुशल नेतृत्व में कंपनी ने आवासीय और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में बेहतरीन बेंचमार्क स्थापित किए हैं।

**भरोसे की विरासत:** रहेजा ग्रुप ने रायपुर के रियल एस्टेट परिदृश्य को आधुनिक रूप दिया है। कंपनी का मुख्य फोकस ग्राहकों को सिर्फ प्लॉट या मकान देना नहीं, बल्कि एक संपूर्ण लाइफस्टाइल और 'सुकून' का अनुभव कराना है। ग्रुप ने प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स, आलीशान विला और आधुनिक व्यावसायिक परिसरों का निर्माण किया है, जिनमें रहेजा टावर्स (जेल रोड), रहेजा निर्वाणा (Phase 1, Phase 2, और Phase 3), रहेजा एम्बारा और हाल ही में लॉन्च हुआ रहेजा अवाना (रहेजा लक्स सेगमेंट) प्रमुख हैं।

**हमारी पॉलीसी (कस्टमर फर्स्ट):** योजना से लेकर निर्माण और पजेशन के बाद के सपोर्ट तक, ग्रुप की हर गतिविधि में पारदर्शिता और ग्राहकों का अटूट विश्वास देखने को मिलता है।

**रहेजा निर्वाणा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम :** यह प्रोजेक्ट रायपुर के सबसे तेजी से विकसित हो रहे प्रीमियम रेजिडेंशियल जोन कचना में स्थित है। यह एक विशाल और आधुनिक सुविधाओं से लैस इंटीगेटेड टाउनशिप है।

**लोकेशन की खासियत (Connectivity):** यह विधानसभा रोड से बेहद नजदीक है। इसके 3 से 5 किलोमीटर के दायरे में ज्ञानगंगा, एन.एच गोयल और डीपीएस जैसे प्रतिष्ठित स्कूल, अंबुजा मॉल, तथा बालाजी व नारायणा जैसे मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल मौजूद हैं। **सक्सेसफुल फेजेस:** इस प्रोजेक्ट की जबरदस्त सफलता को देखते हुए कंपनी ने इसके तीन चरण (Phase 1, Phase 2, और Phase 3) विकसित किए हैं।



**संजय रहेजा**
एम.डी.
रहेजा ग्रुप, रायपुर

**विश्वस्तरीय सुविधाएं :** रहेजा निर्वाणा फेज-3 में 20,000 वर्ग फुट से अधिक का विशाल और सेंट्रल इंडिया का सबसे भव्य क्लबहाउस डिजाइन किया गया है, जिसमें रूफटॉप इन्फिनिटी पूल, इनडोर बैडमिंटन कोर्ट, स्पा (स्टीम और सौना), और शानदार रेस्टोरेंट शामिल हैं।

**मनोरंजन और फिटनेस:** अत्याधुनिक जिम, 40 सीटों वाला मिनी थिएटर (डॉल्बी साउंड के साथ), लाइब्रेरी कैफे, और लॉन टेनिस व बास्केटबॉल कोर्ट। **छत्तीसगढ़ का पहला मिनी वॉटर पार्क:** परिवारों और बच्चों के मनोरंजन के लिए टाउनशिप के भीतर ही स्लाइड्स वाला शानदार वाटर पार्क बनाया गया है। **ग्रीनरी और इंफ्रास्ट्रक्चर:** प्रोजेक्ट का लगभग 55% क्षेत्र हरियाली और खुली जगहों (ओपन गार्डेन, मेडिटेशन पार्क) के लिए आरक्षित है। इसके साथ ही भूमिगत बिजली व्यवस्था, सौर ऊर्जा से संचालित पब्लिक एरिया, ईवी चार्जिंग स्टेशन और 24/7 मल्टी-टियर सुरक्षा उपलब्ध है। **रेरा अप्रूव्ड (RERA Approved):** यह पूरी तरह से टीएंडसी (T&C) स्वीकृत और छग रेरा (CG RERA) द्वारा पंजीकृत सुरक्षित प्रोजेक्ट है।

**डायरेक्टर श्री संजय रहेजा जी:** रहेजा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संजय रहेजा जी का व्यक्तित्व एक दूरदर्शी उद्योगपति और संवेदनशील नागरिक का सटीक उदाहरण है। उनके बारे में कुछ प्रमुख और सकारात्मक बातें इस प्रकार हैं। **दूरदर्शी नेतृत्व :** संजय रहेजा जी ने छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट को एक नई परिभाषा दी है। उनका मानना है कि लक्जरी और आधुनिक सुविधाएं केवल मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि रायपुर के निवासियों को भी वैश्विक स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी मिलनी चाहिए। **गुणवत्ता और वैल्यू-बेस्ड बिजनेस:** वे बिजनेस में ऑन-ग्राउंड अनुशासन और पारदर्शिता को सर्वोपरि रखते हैं। उनका दृष्टिकोण हमेशा कम से कम कीमतों पर सर्वोत्तम प्रीमियम सुविधाएं प्रदान करने का रहा है, ताकि उच्च स्तर की जीवनशैली हर किसी के लिए सुलभ हो सके।

## सुकून' की थीम पर बसा एक अनोखा आशियाना



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और शहर के शोर-शराबे के बीच हर व्यक्ति शाम को एक ऐसे आशियाने में लौटना चाहता है, जहाँ सिर्फ और सिर्फ 'सुकून' हो। रहेजा ग्रुप का 'रहेजा निर्वाण' प्रोजेक्ट इसी 'सुकून' की थीम पर आधारित है। यहाँ सुबह की शुरुआत चिड़ियों की चहचहाहट और ताजी हवा के साथ होती है, तो शामें ढलती हैं हरी-भरी वादियों के बीच परिवार के साथ बिताए गए खुशनुमा पलों में। टाउनशिप का लगभग 55% खुला क्षेत्र, सुंदर मेडिटेशन पार्क और प्राकृतिक हरियाली आपको मानसिक शांति का अहसास कराते हैं। डायरेक्टर संजय रहेजा जी के विजन के अनुसार, रहेजा निर्वाणा सिर्फ कंक्रीट का ढांचा या जमीन का टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह आधुनिक सुख-सुविधाओं और प्रकृति के बीच एक ऐसा संतुलन है, जो आपके दिल को असीम शांति और 'सुकून' देता है।

**प्रोजेक्ट रेरा रजिस्टर्ड :** यह प्रोजेक्ट रेरा रजिस्टर्ड और सभी शासकीय मानदंडों से अपूव्ड है। प्रोजेक्ट में भव्य श्री राम मंदिर का भी निर्माण किया गया है। इसके अलावा सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है, जो कस्टमर्स को परिवार के साथ सुकुन के पल जीने का अहसास प्रदान करता है।





सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹108071/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹131990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹144080/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026



देवभोग में ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर, बनने में लग गए थे 46 साल परंपराएं हैं अनोखी

# देवभोग से पुरी जाता है भोग, 84 गांवों से लगान वसूलने की परंपरा आज भी चल रही, यहां अकेले विराजे हैं भगवान जगन्नाथ

शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

आज जगन्नाथ यात्रा

गरियाबंद जिले के देवभोग में एक ऐसा अनोखा मंदिर है, जहां भगवान जगन्नाथ अकेले विराजे हैं। राज्य में ऐसा मंदिर कहीं और नहीं है। मंदिर और यहां की मान्यताएं भी काफी रोचक हैं और लोगों की आस्था की अभिव्यक्ति करती हैं। करीब सवा सौ साल पहले स्थापित इस मंदिर को बनाने में 46 साल लगे। बेल का गुदा, चिवड़ा, मुर्रा और रेगटा (एक विशेष प्रकार के पत्थर) का चूर्ण पीसकर मंदिर का निर्माण शुरू किया गया। कहते हैं कि मंदिर की स्थापना हुई तब आसपास के 84 गांवों ने शपथ ली थी कि पुरी में विराजे श्री जगन्नाथजी को वे हर साल का पूरा भोग ▶▶| शेष पेज 8 पर





### चार पीढ़ीयों से कर रहे सेवा

देवभोग मंदिर में सेवा की जिम्मेदारी झराबहाल गांव के यादव परिवार को सौंपी गई थी। यह परिवार पिछले चार पीढ़ियों से मंदिर में सेवक (चाकर) के रूप में भगवान की सेवा में जुटा है। पुजारी के साथ मिलकर ये सेवक पूरे क्षेत्र में घूम-घूमकर लगान वसूलते हैं।

### एकल विग्रह वाला दुर्लभ मंदिर

देवेंद्र बेहेरा ने बताया कि इस मंदिर की सबसे अनूठी पहचान यह है कि यहां भगवान जगन्नाथ का एकल विग्रह स्थापित है। सामान्यतः जगन्नाथ मंदिरों में भगवान बलभद्र,देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ तीनों की प्रतिमाएं एक साथ विराजमान रहती हैं, लेकिन देवभोग के इस प्राचीन मंदिर में केवल भगवान जगन्नाथ की ही प्रतिमा स्थापित है।

### पुरी रथयात्रा के लिए तैयार, सरकार 'हाई अलर्ट' पर

पुरी। ओडिशा में समुद्र के किनारे बसे पुरी शहर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहन की वार्षिक रथ यात्रा के लिए तीन शानदार लकड़ी के रथ 'ग्रैंड रोड' पर निकलने को तैयार हैं। इस बड़े आयोजन के सुचारू संचालन के लिए राज्य सरकार हाई अलर्ट पर है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घोषणा की कि तीनों रथों - भगवान बलभद्र के 'तालध्वज', देवी सुभद्रा के 'दर्पदलन' और भगवान जगन्नाथ के 'नंदीघोष' का निर्माण और सजावट पूरी हो गई है।

## खबर संक्षेप

### अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार फाइनल में, इंग्लैंड को 2-1 से हराया



**अटलांटा।** दो दशक के लंबे इंतजार के बाद फीफा विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में एक बार फिर दुनिया की दो सबसे बड़ी फुटबॉल ताकतें अर्जेंटीना और इंग्लैंड आमने-सामने हुई। मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में लाखों प्रशंसकों की धड़कनों के बीच शुरू हुए हाई-वोल्टेज मुकाबले में अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली। अर्जेंटीना का सामना अब खिताबी मुकाबले में स्पेन से होगा। अर्जेंटीना ने पहले आक्रामक तेवर दिखाए। पहला हाफ गोल रहित रहा।

### भारत में 99 फीसदी सामान 3 फीसदी एवरेज टैरिफ पर होंगे आयात

# भारत और यूके में फ्री ट्रेड लागू, ब्रिटेन की व्हिस्की, कारें और ब्यूटी प्रोडक्ट्स सस्ते

*भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता बुधवार से लागू हो गया। इसके तहत कई भारतीय उत्पाद ब्रिटेन के बाजार में शून्य आयात शुल्क पर प्रवेश कर सकेंगे। भारत में ब्रिटेन की कारें, व्हिस्की, कपड़े और फुटवियर सस्ते मिलेंगे। अब भारत के 99 फीसदी सामानों को ब्रिटेन में जीरो टैरिफ पर निर्यात किया जाएगा। वहीं, ब्रिटेन के 99फीसदी सामान 3 फीसदी एवरेज टैरिफ पर आयात होंगे। इस डील ने अलग-अलग सेक्टर में फैले 95फीसदी से ज्यादा टैरिफ को खत्म या बहुत कम कर दिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ किसानों और एमएसएमई को भी मिलेगा लाभ

भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच हुआ व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (कॉम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक ऐंड ट्रेड एग्रीमेंट-सीईटीए) तथा सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट 15 जुलाई से लागू हो गया है। इस समझौते के लागू होने के साथ ही भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यात को ब्रिटेन के बाज़ार में जीरो ड्यूटी का लाभ मिलेगा, जो लगभग 100 प्रतिशत व्यापार ▶▶| शेष पेज 8 पर

### ये हो होंगे सस्ते

- ब्रिटेन से आयात होने वाली स्कॉच व्हिस्की और जिन पर भारत का टैरिफ 150 फीसदी से घटकर 75फीसदी हो जाएगा।
- लग्जरी कारें जैसे- जगुआर लैंड रोवर, रोल्स रॉयस 20-30% सस्ती हो सकती हैं
- ब्रिटेन से आयात होने वाले सैल्मन, लैंब, चॉकलेट, बिस्किट और सॉफ्ट ड्रिंक्स पर टैरिफ कम होगा। इससे ये उत्पाद सस्ते होंगे।

▶▶| शेष पेज 8 पर




### प्रधानमंत्री ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता और सामाजिक सुरक्षा समझौता लागू होने को दोनों देशों के संबंधों के लिए महत्वपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक संबंधों को नई गति मिलेगी। इन दोनों समझौतों से भारत और ब्रिटेन के बीच आर्थिक संबंध और अधिक गहरे होंगे तथा दोनों देशों की साझा महत्वाकांक्षा लोगों के लिए ठोस अवसरों में बदलेगी।

### इधर, भारत पर 100 फीसदी अमेरिकी शुल्क की तैयारी

*वाशिंगटन। अमेरिका के दोनों प्रमुख दलों- रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के एक समूह ने सीनेट में एक विधेयक पेश किया है, जिसमें रूस से तेल खरीदने के लिए भारत और चीन समेत पांच देशों पर 100 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम की पहल पर तैयार इस विधेयक में रूस से गैस खरीदने वाले 15 यूरोपीय देशों को शुल्क से छूट दी गई है।*

### तीसरा नाबालिग गंभीर

## टैंकर ने स्कूटी को मारी टक्कर, भाई-बहन की मौत



**पिछले दो दिनों में चार लोगों की हो चुकी है मौत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

तेज रफ्तार टैंकर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कटघोरा अंबिकापुर मुख्यमार्ग में पोड़ी उपरोड़ा के समीप स्कूटी सवार तीन बच्चों को चपेट में ले लिया जिससे दो सगे भाई बहनों की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरा नाबालिग भी गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ▶▶| शेष पेज 8 पर

### समझाइश के बाद जाम खत्म

बांगो थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा स्टॉफ, कटघोरा थाना से एस आई राजेंद्र सिंह व स्टॉफ साथ ही पोड़ी उपरोड़ा सरपंच सहेतर सिंह राज व कोनकोना सरपंच द्वारा करीब एक घंटे की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया, जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात फिर से शुरू हो सका। फिलहाल पुलिस ने टैंकर को अपने कब्जे में लेकर दुर्घटनाकारित टैंकर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### विकास गर्ग अहम कड़ी, उससे पूछताछ करने ईडी को मिली 10 दिन की रिमांड

# कोलकाता के हवाला कारोबारी के जरिए दुबई भेजा जा रहा था सट्टे का पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

महादेव सट्टा एप और स्काई एक्सचेंज से जुड़े कारोबारी विकास गर्ग को दिल्ली से गिरफ्तार कर रायपुर लाने के बाद ईडी ने उसे बुधवार को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया। जांच एजेंसी के आवेदन पर उसे पूछताछ करने 10 दिन की पुलिस रिमांड दी है। विकास को 24 जुलाई को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

रिमांड पर लेने के बाद ईडी अब आरोपी से ऑनलाइन महादेव बैटिंग एप से जुड़े पैसों के निवेश, हवाला नेटवर्क, शेल कंपनियों, विदेशी लेन-देन और कारपोरेट अधिग्रहण में इस्तेमाल हुई रकम को लेकर पूछताछ करेगी। जांच एजेंसी के अनुसार विकास गर्ग इस पूरे वित्तीय नेटवर्क की अहम कड़ी है। गिरफ्तारी से कुछ दिन पूर्व ईडी ने विकास तथा ▶▶| शेष पेज 8 पर



### टिबरेवाल के माध्यम से पहुंचाई जाती थी रकम

*विकास का काम सट्टे की ब्लैक मनी को व्हाइट मनी में कन्वर्ट कर दुबई तक पहुंचाए जाने का था। उसके पास सट्टे की रकम कोलकाता के हवाला कारोबारी हरीश टिबरेवाल के माध्यम से पहुंचाई जाती थी। विकास सट्टे की रकम को शेयर बाजार तथा अन्य तरीके से निवेश कर व्हाइट करता था। इसके बाद रकम चैनल के माध्यम से दुबई में बैठे सौरभ चंद्राकर तक पहुंचाई जाती थी। प्रमोटरों ने स्काई एक्सचेंज नामक आनलाइन बेटिंग प्लेटफार्म का भी इस्तेमाल किया।*

### फंडिंग जांच के घेरे में

विकास गर्ग की कंपनी एराया लाइफस्पेस लिमिटेड को स्काई एक्सचेंज के माध्यम से 13 सौ करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि प्राप्त हुई। जांच एजेंसी के दावों के मुताबिक इस रकम का इस्तेमाल अमेरिका की दिवालिया घोषित हो चुकी कंपनी एबिक्स ग्रुप में लगभग 1,273.25 करोड़ रुपए का अधिग्रहण करने के लिए किया गया। जांच एजेंसी ने अब तक इस रकम के 50 प्रतिशत से अधिक हिस्से का मनी ट्रेल स्थापित कर लिया है।।

### सरकार से मांगा स्थायी समाधान

# डिजिटल मूल्यांकन से छात्र हताश, सुप्रीम कोर्ट चिंतित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को लेकर छात्रों की 'हताशा' पर बुधवार को चिंता जताई और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इस मामले की सुनवाई में सहायता का अनुरोध किया। यह मामला एक जनहित याचिका से जुड़ा है, जिसमें केंद्र सरकार और सीबीएसई को यह निर्देश देने की मांग की गई है कि वे ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली के तहत परीक्षाओं के संचालन के लिए उचित नियम और दिशानिर्देश तैयार करें। सीबीएसई की ओएसएम मूल्यांकन प्रणाली एक ▶▶| शेष पेज 8 पर

### सीबीआई को निर्देश देने की मांग

याचिका में केंद्र सरकार और सीबीएसई को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे ओएसएम मूल्यांकन प्रणाली के माध्यम से बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के लिए स्पष्ट नियम बनाएं और सुधारों की निगरानी एवं क्रियान्वयन के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित करें। जिन छात्रों को अस्थायी प्रवेश मिल चुका है या जिन्होंने प्रवेश परीक्षाएं पास कर ली हैं, उन्हें न्यूनतम योग्यता अंकों में राहत दी जाए। साथ ही विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए निर्धारित कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या अन्य न्यूनतम अंक की अनिवार्यता से भी उन्हें छूट देने का निर्देश दिया जाए।

रखें अपनों का ख़याल,
उनके वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करते हुए
एलआईसी के संग



This is AI generated image. Any resemblance to real persons, living or dead, is coincidental.
सुरक्षा, हर मुस्कुराहट के लिए
अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने LIC एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
क्यूआर कोड स्कैन करें और डाउनलोड करें My LIC App
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2026-27/10/Hin
नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के निवेश, रकम की वापसी जैसी गतिविधियों में संलग्न नहीं है. ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाएँ.

### राज्यपाल ने किया नवीन विस परिसर में नए प्रेक्षागृह का लोकार्पण

# राज्यपाल ने उत्कृष्ट विधायकों एवं पत्रकारों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए विधानसभा परिसर में राज्यपाल रमेन डेका ने उत्कृष्टता अलंकरण समारोह में वर्ष 2025 के लिए 'उत्कृष्ट विधायक' एवं 'उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार' को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। 'उत्कृष्ट विधायक' के रूप में पक्ष से धरम लाल कौशिक एवं प्रतिपक्ष से राघवेन्द्र सिंह को सम्मानित किया गया। 'उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार' के लिए संतराम साहू एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में 'उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार पुरस्कार' के लिए सौरभ सिंह परिहार एवं डॉ. राजेश राज को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद सांस्कृतिक संध्या के अन्तर्गत देश के प्रसिद्ध भजन एवं सुगम संगीत कलाकार ▶▶| शेष पेज 8 पर




### मुख्यमंत्री ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्कृष्ट विधायकों एवं उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार पुरस्कार से सम्मानितों को बधाई देते हुए कहा,जिन विधायकों को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है उनके दायित्व सभा के प्रति और बढ़ गये हैं। ये उत्कृष्ट विधायक हमेशा सदन में सक्रिय रहे एवं जनसमस्याओं के मुद्दों को प्रमुखता से सभा में ▶▶| शेष पेज 8 पर

एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने किया ऐलान

# ‘शर्तों के साथ’ परिसीमन बिल के समर्थन के लिए तैयार पवार की पार्टी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र की सियासत में शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) के भविष्य को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही है। मीडिया में इस तरह की रिपोर्ट आई हैं कि शरद पवार की पार्टी के कई विधायक बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होना चाहते हैं। इन सब अटकलों के बीच बुधवार को एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को ऐलान किया कि उनकी पार्टी केंद्र सरकार के प्रस्तावित परिसीमन बिल का समर्थन करेगी। हालांकि इस दौरान उन्होंने यह शर्त रखी कि केंद्र सभी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रावधान करे।

### ऐलान की अहमियत

सुले का यह ऐलान इसलिए अहम हैं क्योंकि एनसीपी (एसपी) ने बजट सत्र के दौरान प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया से जुड़े केंद्र के संविधान संशोधन बिल के खिलाफ वोट किया था। अब इस समय शरद पवार की पार्टी के अंदर दल की राजनीतिक दिशा को लेकर चर्चा चल रही है। पिछले कुछ दिनों में एनसीपी (एसपी) के नेताओं की BJP के सीनियर नेताओं संग कई बैठकें भी हो चुकी हैं।

### भाजपा नेताओं से मीटिंग पर दी सफाई

बीजेपी संग गठबंधन की अटकलों को कम करने करने की कोशिश करते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि जब वह संसदीय दल की मीटिंग के लिए लखनऊ में थी, तब उन्होंने सबके सामने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि अगर एनसीपी (एसपी) को बीजेपी के साथ गठबंधन करना होता तो वह खुलकर नहीं मिलतीं।’ सुले द्वारा यह सफाई देवेंद्र फड़नवीस और जयंत पाटिल की मुलाकात की बाद दी गई है। इससे पहले सुनीत तटकरे और प्रफुल्ल पटेल भी मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस से मिल चुके हैं। इसी वजह से एनसीपी (एसपी) और बीजेपी के बीच गठबंधन के कयास लगाए जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि शरद पवार की पार्टी के कम से कम दस विधायक एनडीए में जाने के पक्ष में है।

### एनसीपी ने पूर्व में प्रस्तावित संशोधन बिल के खिलाफ किया था वोट

इंडिया को झटका देकर एनडीए में शामिल होने की हैं अटकलें



यह रखी गई है शर्त

सुप्रिया सुले ने एक अखबार से बातचीत में कहा कि अगर केंद्र सरकार परिसीमन बिल में सीटों की संख्या 50 प्रतिशत बढ़ाने का संशोधन करती है, तो हम उसका समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा, ‘मैं कोई नई बात नहीं कह रही हूं। हमने हमेशा यही कहा है कि अगर ये संशोधन किए जाते हैं तो हम बिल का समर्थन करेंगे। हमारे रुख में कोई बदलाव नहीं है।’ उन्होंने कहा कि जब संसद में यह बिल पहली बार पेश किया गया था, तब टीएमसी और डीएमके सहित कई विपक्षी दलों ने यह मांग उठाई थी। उन्होंने कहा, ‘टीएमसी और डीएमके सहित हम सभी ने यह रुख अपनाया था। ऐसा नहीं है कि यह बात पहली बार कही जा रही है।’

## खबर संक्षेप

### विधायक मित्रा ने छोड़ा ममता का साथ छोड़ा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सीनियर लीडर मदन मित्रा ने बुधवार को ममता बनर्जी का साथ छोड़ दिया। वे ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट में शामिल हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने विधायक पद नहीं छोड़ा है। मित्रा के तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट में शामिल होने का फैसला ऐसे समय में सामने आया है, जब उनके ऊपर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का शिकंजा कस रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी ने मदन मित्रा की पत्नी और उनके दो बेटों को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है।

### 6 साल से जेल में बंद खालिद को राहत



**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा मामले में आरोपी उमर खालिद को राहत देते हुए कड़कड़डूमा कोर्ट ने उन्हें सप्ताह में दो बार परिवार से वीडियो कॉल (ई-मुलाकात) की अनुमति दे दी है। इससे पहले उनकी यह सुविधा घटाकर एक बार कर दी गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी की अदालत ने यह आदेश खालिद की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। अदालत ने कहा कि खालिद पिछले 6 सालों से सप्ताह में दो बार ई-मुलाकात की सुविधा ले रहा था और इस दौरान उसने जेल के किसी नियम का उल्लंघन नहीं किया।

कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट भारत के 7 परमाणु संयंत्रों में सबसे बड़ा

# भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट कुडनकुलम के ‘डेटा’ में सेंध

तमिलनाडु स्थित देश के सबसे बड़े कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट से जुड़े संवेदनशील डेटा लीक हो गए हैं। वर्ल्ड लीक्स नाम के दो हैकर ग्रुप ने इस पावर प्लांट की जानकारियों को पोस्ट किया है, जिसमें प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट (नक्शे), सप्लायर्स की जानकारी, मीटिंग और इंस्पेक्शन रिकॉर्ड्स, उपकरणों के रिव्यू और इंश्योरेंस पॉलिसी से जुड़े करीब 19,000 जरूरी दस्तावेज की डिटेल शामिल है।


इस तरह की घटना ने कंपनियों पर सवाल खड़ा कर दिया है कि वे इन खतरों से निपटने में कितनी सक्षम हैं?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ल्ड लीक्स हैकर ग्रुप ने दावा किया है कि ये दस्तावेज अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप के हैं, जो इस प्लांट में कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम कर रहा है। तमिलनाडु में स्थित कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट भारत के सात परमाणु संयंत्रों में सबसे बड़ा है। अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने बताया कि उसके डेटा में आंशिक सेंधमारी की गई है। कंपनी ने बताया कि यह डेटा थर्ड पार्टी डेटा सेंटर सर्विस प्रोवाइडर योट्टा के सर्वर पर होस्ट था। रिलायंस ने इस घटना की जानकारी भारत सरकार को दे दी है। हालांकि कंपनी ने ये नहीं बताया है कि किस तरह का डेटा चोरी हुआ है।

परमाणु सुरक्षा संबंधी मामलों में सरकारों को सलाह देने और देशों की तैयारियों का आकलन करने वाली संस्था न्यूक्लियर थ्रेट इनिशिएटिव के सीनियर डायरेक्टर निकोलस रोथ ने कहा कि डेटा लीक से प्लांट की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। इस तरह की घटना ने कंपनियों पर सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वे इन खतरों से निपटने में कितने सक्षम हैं? यह पहली बार नहीं है जब कुडनकुलम संयंत्र का नाम किसी साइबर घटना से जुड़ा हो।

प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट समेत 19,000 जरूरी दस्तावेज की डिटेल सार्वजनिक की



**हैकर ग्रुप का दावा**

ये दस्तावेज अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप के हैं, जो इस प्लांट में कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम कर रहा है

**कौन है वर्ल्ड लीक्स ग्रुप?**

डेटा चुराकर फिरौती वसूलता है ये समूह

इस हैकर ग्रुप का काम कंपनियों का डेटा चुराकर फिरौती वसूलना है। अगर इसे पैसे नहीं दिए गए तो यह डेटा को डार्क वेब पर सार्वजनिक कर देता है। इससे पहले यह ग्रुप नाइकी और भारत के टाटा ग्रुप को भी निशाना बना चुका है। इस ग्रुप ने जून में टाटा ग्रुप के डेटा लीक किया था, जिसमें एप्पल और टेस्ला जैसे बड़े ब्रांड्स के कॉन्फिडेंशियल कंपोनेंट डिजाइन शामिल थे। उस समय हैकर्स ने 15 लाख डॉलर की मांग की थी। कंपनी ने पैसे देने से इनकार किया तो डेटा लीक कर दिया गया था।

### इस प्लांट से 2 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन होगा

*लीक हुए दस्तावेज साल 2016 से लेकर 2025 के बीच के हैं। वर्ल्ड लीक्स वेबसाइट पर मौजूद रिलायंस की कुल 858,000 फाइलों में से 19,000 फाइलें सबसे संवेदनशील और सीक्रेट लगती हैं। रिलायंस ग्रुप की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को साल 2018 में कुडनकुलम प्लांट की यूनिट 38 और यूनिट 4 के डिजाइन और कंस्ट्रक्शन का कॉन्ट्रैक्ट मिला था। फिलहाल ये दोनों यूनिट्स बन रही है और साल 2027 तक इसके चालू होने की उम्मीद है। चालू होने के बाद इससे कुल 2000 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।*

दोनों देशों में युद्धविराम टूटकर अब पूरी तरह बदल चुका है सैन्य संघर्ष में

# ईरान के सैन्य ठिकानों पर 7 घंटे तक हुई बमबारी, इधर अमेरिकी बेस पर भी अटैक

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन/तेहरान

ईरान और अमेरिका के बीच 60 दिनों का युद्धविराम बीच में ही टूटकर अब पूरी तरह सैन्य संघर्ष में बदल चुका है। अमेरिका ने मंगलवार देर रात सात घंटे तक ईरान के ठिकानों पर बमबारी की। होर्मुज स्ट्रेट के आसपास ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों, नौसैनिक संसाधनों और कोस्टल डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया गया। ईरान ने भी पलटवार करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। ईरान के सरकारी मीडिया ने भी अमेरिकी हमले की पुष्टि की है। उसके अनुसार दक्षिणी शहर अहवाज में मंगलवार को कई इलाकों में तेज धमाके की आवाज सुनी गई। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य के पास स्थित केशम द्वीप पर भी कई विस्फोटों की खबर सामने आई है। इससे पहले भी बंदर अब्बास और किश द्वीप के आसपास इसी तरह के धमाकों की सूचना मिलती रही है, जिससे साफ है कि दक्षिणी ईरान के तटीय इलाके लगातार अमेरिका के निशाने पर बने हुए हैं। उधर, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि उसने जवाबी अभियान शुरू करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। आईआरजीसी ने बहरीन के अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट बेस और जॉर्डन के अजराक एयरबेस को निशाना बनाने का भी दावा किया।



### दोनों देशों ने दी धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तेहरान समझौते के लिए आगे नहीं आया, तो अगले हफ्ते बिजलीघरों और पुलों को भी निशाना बनाया जाएगा। दूसरी ओर, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुकेगा और होर्मुज स्ट्रेट पर अपनी रणनीति जारी रखेगा। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि होर्मुज से गुजर रहे कमर्शियल जहाजों पर ईरान की ओर से हो रहे हमलों के जवाब में उसने ईरानी बंदरगाहों पर अपनी नाकाबंदी दोबारा बढ़ा दी है।

### तेल की कीमतों पर पड़ सकता है असर

*अमेरिका ने पहले भी अप्रैल के मध्य में इसी तरह की नाकाबंदी लागू की थी, जिसे जून के मध्य में एक अंतरिम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद हटा लिया गया था। लेकिन बीते कुछ दिनों में जहाजों पर हुए हमलों और लगातार बिगड़ते हालात के बीच यह समझौता अब लगभग बेअसर होता दिख रहा है। इस बीच वैश्विक बाजारों में भी हलचल देखी जा रही है और तेल की कीमतों पर इसका सीधा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।*

डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा मलहम®
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

हाईकोर्ट में आज होगी सुनवाई

# वांगचुक के अनशन पर केंद्र व दिल्ली सरकार को नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक का मामला दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक बीती 28 जून से आमरण अनशन कर रहे हैं। सोनम वांगचुक द्वारा की जा रही भूख हड़ताल को लेकर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका पर सुनवाई हुई। दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने कल तक जवाब देने को कहा है। याचिका पर मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की खण्डपीठ सुनवाई कर रही थी। याचिका सामाजिक कार्यकर्ता और वकील राकेश कुमार सैनी ने दाखिल की है। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वांगचुक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाए।



छतरपुर गोलीकांड पर पुलिस का एक्शन

# धीरेंद्र शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग समेत दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में गो-शाला के पीछे स्थित जमीन को लेकर हुए हिंसक विवाद में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले के 4 आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का भाई शालिग्राम गर्ग और उसका साथी अंकित मिश्रा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल एक अन्य नामजद और एक अज्ञात आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। यह पूरा मामला मंगलवार को राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़ा में तब गरमाया जब जमीन के विवाद को लेकर सरेआम गोलीबारी की गई। घायल किसान मोतीलाल कुशवाहा का आरोप है कि बागेश्वर धाम प्रमुख के भाई शालिग्राम गर्ग ने उन पर सीधे गोली चलाई।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

रायपुर
गुरुवार 16 जुलाई 2026
आषाढ़, शुक्ल पक्ष द्वितीया
वर्ष : 24, अंक : 355
पृष्ठ : 16+4+4 = 24 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 34.80
न्यून. 26.10

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं से कारखानों में नहीं ले सकते जोखिम भरा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


छत्तीसगढ़ के कारखानों में कार्यरत महिलाओं, विशेषकर गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं से अब कारखानों में जोखिम भरे काम नहीं लिए जा सकेंगे। यह दरअसल सुरक्षा के नए मानकों का हिस्सा है। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ कारखाना नियम, 1962 में व्यापक संशोधन करते हुए खतरनाक प्रक्रियाओं में उनके नियोजन को लेकर नए प्रावधान लागू किए हैं। संशोधन का उद्देश्य महिलाओं के रोजगार पर रोक ▶▶| शेष पेज 8 पर

### ऐसे में नहीं लगाया जा सकेगा काम

संशोधित नियमों के तहत गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और अल्पवय व्यक्तियों को कई खतरनाक औद्योगिक प्रक्रियाओं में नियोजित नहीं किया जा सकेगा। इनमें क्रोमियम, निकेल, कैडमियम, जस्ता, तांबा और अन्य धातुओं की इलेक्ट्रोप्लेटिंग, सीसा (लीड) से जुड़े कार्य, कांच निर्माण, पेट्रोल गैस उत्पादन, सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन प्लांट, मैंगनीज और उसके यौगिकों का निर्माण, बेंजीन युक्त रसायनों का ▶▶| शेष पेज 8 पर

### नए सुरक्षा मानक लागू

- सुरक्षा के लिए फैक्ट्री नियमों में बड़ा बदलाव
- महिलाओं के रोजगार पर नहीं, बल्कि सुरक्षित कार्यस्थल पर जोर



### क्यों महत्वपूर्ण है यह संशोधन?

औद्योगिक क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए यह संशोधन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पहले नियमों में गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए इतनी स्पष्ट परिभाषाएं और विस्तृत सुरक्षा प्रावधान नहीं थे। अब राज्य सरकार ने मातृत्व सुरक्षा और कार्यस्थल पर स्वास्थ्य संरक्षण को कानूनी रूप से अधिक मजबूत आधार प्रदान किया है, जिससे उद्योगों में सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### अन्य महिलाओं के लिए रोजगार जारी रहेगा

*सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रतिबंध केवल गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और अल्पवय व्यक्तियों पर लागू होगा। अन्य महिलाओं को इन उद्योगों में रोजगार दिया जा सकेगा, लेकिन कारखाना संचालकों को कठोर सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा। संशोधित नियमों के अनुसार उद्योगों में बंद (इनक्लोज्ड) प्रणाली, स्वचालित संचालन, वायु गुणवत्ता की निगरानी, रसायनों की अनुमेय सीमा (पीईएल) का पालन, विशेष व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण , नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, रक्त में सीसे की जांच, जैविक निगरानी, गैस डिटेक्शन सिस्टम, आपातकालीन प्रशिक्षण तथा नियमित सुरक्षा प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है।*

### औद्योगिक सुरक्षा मानकों को आधुनिक बनाने की पहल

*संशोधन में कई ऐसे सुरक्षा उपाय शामिल किए गए हैं जो आधुनिक औद्योगिक सुरक्षा मानकों के अनुरूप हैं। इनमें स्वचालित मशीनों का उपयोग, जोखिम वाले कार्यों का ऑटोमेशन, स्थानीय वेंटिलेशन, वाष्प निगरानी प्रणाली, धूल नियंत्रण, हीट स्ट्रेस मॉनिटरिंग, एक्सपोजर समय की सीमा तय करना, श्वसन सुरक्षा उपकरण और नियमित चिकित्सा निगरानी जैसे प्रावधान शामिल हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मूंगफली गले में फंसने से बच्चे की मौत

**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले में तीन वर्षीय एक बच्चे के गले में मूंगफली फंस जाने से दम घुटने के कारण उसकी मौत हो गई। यह घटना सोमवार को कुन्नुमपुरम इलाके में हुई। वेंगारा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, बच्चा घर पर नमकीन खा रहा था। इसी दौरान उसमें मौजूद एक मूंगफली उसके गले में फंस गई जिससे उसका दम घुटने लगा। पुलिस ने बताया कि बच्चे को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सक उसे बचा नहीं सके।

### प्रख्यात कलाकार मूझिक्कल पंकजाक्षी का निधन

**कोट्टायम।** केरल की प्राचीन और दुर्लभ कठपुतली कला 'नोक्कुविद्या पावक्कली' की



प्रख्यात कलाकार तथा पद्मश्री से सम्मानित मूझिक्कल पंकजाक्षी का बुधवार को निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। वह उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं और कूथाट्टुकुलम के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार किया जा रहा था।

*सेमीकंडक्टर मोबाइल विनिर्माण को बढ़ावा देने 1.9 लाख करोड़ की योजनाओं पर मुहर*

# देश में ही बनेंगे मोबाइल पुर्जे, ग्लोबल चिप मार्केट में बजेगा भारत का डंका!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में सेमीकंडक्टर परिवेश को मजबूत बनाने, मोबाइल फोन का उत्पादन बढ़ाने और वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण केंद्र के तौर पर स्थिति मजबूत करने के लिए लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपए के व्यय वाली दो बड़े विनिर्माण कार्यक्रमों को मंजूरी दी। सरकार ने सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के 'सेमीकॉन 2.0' कार्यक्रम को मंजूरी दी है। इसके साथ ही, मोबाइल फोन का घरेलू उत्पादन बढ़ाने, निर्यात को बढ़ावा देने और स्थानीय मूल्य सृजन को मजूबत करने के मकसद से 62,500 करोड़ रुपये की 'मोबाइल फोन विनिर्माण' योजना को भी मंजूरी दी गई है। सेमीकंडक्टर कार्यक्रम 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' के पहले चरण पर आधारित है। यह छह मुख्य क्षेत्रों चिप डिजाइन, ▶▶| शेष पेज 8 पर

*भारत को दुनिया का प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स और हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' को हरी झंडी दे दी है। देश के भीतर चिप और सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को पूरी तरह से विकसित करने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपए का भारी-भरकम बजट आवंटित किया है।*

### कैबिनेट में फैसले

- भारत में चिप निर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक बड़े बजट के साथ 'सेमीकॉन 2.0' योजना
- देश में मोबाइल निर्माण को रफ्तार देने और इलेक्ट्रॉनिक सामानों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए नई योजना
- वाराणसी के एलिवेटेड कॉरिडोर को मंजूरी, 89 किमी ▶▶| शेष पेज 8 पर



### 12 विनिर्माण परियोजनाएं

भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र पर जोर देने से 12 विनिर्माण परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है। इन परियोजनाओं में कुल मिलाकर 1.64 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश होगा। सरकार ने कहा कि 2014-15 के बाद से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में काफी वृद्धि हुई है। उत्पादन सात गुना और निर्यात 11 गुना बढ़ गया है। इसमें 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत मोबाइल फोन विनिर्माण का बड़ा योगदान है। सेमीकंडक्टर और मोबाइल विनिर्माण के ये कार्यक्रम भारत की उस बड़ी रणनीति का हिस्सा हैं।

### देश में यूरिया के आठ से नौ नए संयंत्र

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय निवेश नीति-2026 को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसका उद्देश्य देश में एक करोड़ टन अतिरिक्त यूरिया उत्पादन क्षमता सृजित करना और सर्वाधिक इस्तेमाल होने वाले इस उर्वरक के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। पिछले एक दशक में छह नए संयंत्र स्थापित होने से यूरिया आयात पर भारत की निर्भरता कम हुई है।

### परियोजनाओं को मंजूरी दी

रेल मंत्रालय की लगभग 3,907 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। समिति ने पारादीप-हरिदासपुर खंड के दोहरीकरण तथा राजखरसावां-डांगोआपोसी खंड पर चौथी रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी दी। रेल लाइन क्षमता बढ़ने से आवाजाही में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे भारतीय रेल की परिचालन दक्षता और सेवा की विश्वसनीयता बेहतर होगी। बहु-लाइन संबंधी ये परियोजनाएं परिचालन को सुचारु बनाने और दबाव कम करने में सहायक होंगी।

**सबके खिलाफ चार्जशीट जारी**

# सामूहिक नकल मामले में चपरासी समेत पांच दोषी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सामूहिक नकल मामले में हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई में सचिव स्कूल शिक्षा ने एक एफिडेविट फाइल किया है। इसमें बताया गया कि घटना की जांच के बाद दोषी लोगों लेक्चरर गंगा प्रसाद पटेल, अनिरुद्ध, आलोक भोई, दिनेश कुमार दास, असिस्टेंट टीचर दुर्गा प्रसाद पटेल और श्रीमती विजिया बुडेक (भृत्य) के खिलाफ चार्जशीट तैयार किया गया है। शपथ पत्र के मुताबिक इन सभी को नोटिस भी दिया गया है। इसके बाद विभागीय जांच आगे बढेगी। शपथपत्र के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के सेक्रेटरी एक और पर्सनल एफिडेविट फाइल करेंगे, जिसमें पांच दोषी अधिकारियों के खिलाफ शुरू की गई डिपार्टमेंटल ▶▶| शेष पेज 8 पर

- शिक्षा सचिव ने हाईकोर्ट में दायर किया हलफनामा

### यह था पूरा मामला

महासमुंद जिले के भंवरपुर सेंटर पर 12वीं बोर्ड एग्जाम के दौरान, नीता नाम की एक स्टूडेंट ने एग्जाम हॉल में खुलेआम नकल कराने में मदद करने की एक्टिविटी को स्टिंग ऑपरेशन के जरिए रिकॉर्ड किया और सबूतों के साथ शिकायत दर्ज कराई। जब डिस्ट्रिक्ट लेवल पर कोई सुनवाई नहीं हुई, तो वह माध्यमिक शिक्षा मंडल (बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन) के ऑफिस में लिखित शिकायत दर्ज कराने गई।

**हिरासत में दो संदिग्ध**

# बुजुर्ग दंपती की हत्या के बाद घर में लगा दी आग


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

घरघोड़ा के औरानारा से धरमजयगढ़ के क्रोंधा गांव खेती करने गए बुजुर्ग दंपती की हत्या कर दी गई। हत्या एक हादसा लगे इसलिए आरोपियों ने घर में आग लगाकर दोनों को जला दिया था। शव के आसपास पड़े खून के छींटों से हत्या की पुष्टि होने की बात कही जा रही है। पुलिस और फोरेंसिंक ▶▶| शेष पेज 8 पर



### जमीन विवाद हो सकती है वजह

जानकारी मिल रही है कि उनका पुराना जमीन विवाद चल रहा था। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि इसी विवाद की परिणति दोनों बुजुर्ग की हत्या हो गई। हालांकि अभी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। फोरेंसिक टीम भी इस मामले को सुलझाने के लिए सभी एंगल से जांच कर रही है।




### असम राइफल्स के कैंप पर हमला, पत्थर फेंके



एजेंसी ▶▶| सेनापति/इंफाल

मणिपुर के सेनापति जिले के एक इलाके में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाए जाने के कुछ घंटों बाद भीड़ ने पथराव किया, असम राइफल्स के शिविर में तोड़-फोड़ की और सुरक्षाकर्मियों की तीन गाड़ियों में आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा की यह घटना जिला मुख्यालय में स्थित अर्द्धसैनिक बल के शिविर में मंगलवार रात साढ़े नौ बजे हुई जब भीड़ ने बैरक पर हमला किया। एक अधिकारी ने बताया कि हालात अब काबू में हैं। सुरक्षा बलों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

### रोहतक की गुंगुन ने रहीं सीएस एंट्रेंस में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ने कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट के जून 2026 सत्र का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया। हरियाणा के रोहतक परीक्षा केंद्र से परीक्षा देने वाली सुश्री गुंगुन ने देशभर में ऑल इंडिया प्रथम रैंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि को लेकर संस्थान ने उन्हें बधाई दी है। यही नहीं प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर लड़कियों के ही बाजी मारी है। द्वितीय स्थान पर दिल्ली की सृष्टि रहीं जबकि महाराष्ट्र के कोल्हापुर की छवि कमल मित्तल ने ऑल इंडिया रैंक में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



ऑल इंडिया एग्जाम में 67.59 प्रतिशत अभ्यर्थी सफल रहे हैं। परिणाम संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं और ▶▶| शेष पेज 8 पर

**रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी**

# आईआरसीटीसी की नई वीटा वेबसाइट लॉन्च, बदला टिकट बुकिंग का अंदाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेल मंत्री ने छात्रों से किया अपना वादा तय समय पर पूरा कर दिया है। यात्रियों को बेहतर टिकट बुकिंग अनुभव देने के लिए आईआरसीटीसी की नई वेबसाइट का बीटा वर्जन बुधवार को लॉन्च कर दिया गया। नई वेबसाइट को यूजर्स के लिए ट्रायल के तौर पर उपलब्ध कराया गया है, ताकि यात्री इसके नए डिजाइन और सुविधाओं का अनुभव लेकर अपने सुझाव दे सकें। ▶▶| शेष पेज 8 पर



### ये चार बड़े बदलाव

- अब अनावश्यक कैप्चा, पॉप-अप, फ्लैशिंग ग्राफिक्स और ध्यान भटकाने वाले एलिमेंट्स को हटाया गया है।
- यात्रियों को सभी श्रेणियों में सीट उपलब्धता एक ही जगह दिखाई देगी।
- बुकिंग के दौरान जरूरी स्टेप्स की संख्या कम की गई है, जिससे चेकआउट प्रक्रिया तेज होगी।
- यात्रियों के लिए सेव किए गए पैसेंजर डिटेल्स की सुविधा दी गई है, जिससे बार-बार जानकारी भरने की जरूरत नहीं होगी।



चिंतन

# ट्रंप की टैरिफ की धमकी के बीच यूके से एफटीए

वैश्विक व्यापार इस समय एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की चेतावनी देकर आर्थिक दबाव की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं, तो दूसरी ओर भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लागू होना आर्थिक सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है। ये दोनों घटनाएं बताती हैं कि आज दुनिया में व्यापार केवल वस्तुओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कूटनीति, रणनीति और राष्ट्रीय हितों का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। अमेरिका की प्रस्तावित टैरिफ नीति का निशाना रूस की ऊर्जा आय को कम करना है, लेकिन इसका असर भारत जैसे देशों पर भी पड़ सकता है, जिन्होंने अपनी ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल खरीदना जारी रखा है। भारत आज रूस से सबसे अधिक कच्चा तेल खरीदने वाले देशों में शामिल है। सस्ते रूसी तेल ने भारत को महंगाई नियंत्रित रखने, ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण मदद की है। ऐसे में यदि रूस से तेल खरीदने के आधार पर भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की कोशिश होती है, तो यह केवल व्यापारिक फैसला नहीं, बल्कि आर्थिक दबाव बनाने की रणनीति होगी। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। इसी बीच भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते का लागू होना भारत के लिए सकारात्मक संकेत है। यह समझौता केवल टैरिफ घटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, तकनीक और रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में लगभग शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने से वस्त्र, चमड़ा, इंजीनियरिंग, कृषि और एमएसएमई क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। दूसरी ओर भारतीय उपभोक्ताओं को ब्रिटेन से आने वाली कारें, स्कॉच व्हिस्की, कॉस्मेटिक्स, मेडिकल उपकरण और कई प्रीमियम उत्पाद अपेक्षाकृत कम कीमत पर उपलब्ध होंगे। हालांकि, एफटीए का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब भारतीय उद्योग गुणवत्ता, तकनीक और उत्पादकता के स्तर पर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए स्वयं को तैयार करेंगे। केवल आयात सस्ता होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्यात बढ़ाना और घरेलू उद्योगों को मजबूत बनाना भी उतना ही आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि मुक्त व्यापार का लाभ किसानों, एमएसएमई और छोटे उद्योगों तक भी पहुंचे। कुल मिलाकर ट्रंप की टैरिफ चेतावनी और भारत-यूके एफटीए, दोनों यह साबित करते हैं कि आने वाले समय में वैश्विक व्यापार का स्वरूप केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और रणनीतिक भी होगा। जहां टैरिफ व्यापार को सीमित करने और दबाव बनाने का माध्यम बन सकता है, वहीं मुक्त व्यापार समझौते विकास, निवेश और साझी समृद्धि के रास्ते खोलते हैं। भारत के लिए सही रास्ता यही है कि वह दबाव की राजनीति से अप्रभावित रहते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे और एफटीए जैसे समझौतों के जरिए वैश्विक बाजार में अपनी आर्थिक ताकत को और मजबूत बनाए। यही संतुलित नीति भारत को बदलती विश्व व्यवस्था में एक भरोसेमंद और प्रभावशाली आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करेगी।



नवाचार
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# सहकारिता के नए आकाश में नई उड़ान

त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विश्व में उस परिवर्तनकारी सोच का प्रतीक माना जा रहा है, जिसमें सहकारिता को केवल डेयरी, चीनी या बैंकिंग तक सीमित नहीं किया जाएगा अपितु सहकारिता का विस्तार जैविक खेती, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य पालन, बीज उत्पादन, पर्यटन, डिजिटल सेवाओं, ई-कॉमर्स, हरित ऊर्जा और ग्रामीण उद्यमिता को समेकित करते किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रबंधन, डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्तीय अनुशासन और वैश्विक दृष्टि पर बहसें होंगी। देश के उत्थान पॉलिसीज पर कार्य करने वाले चेंज मेकर यह मान रहे हैं कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय संभावनाओं का संस्थागत स्वरूप है।

भारत का सहकारिता आन्दोलन अपने नए स्वरूप में आ गया है। बौद्धिक समाज का उत्पादन एवं उनसे राष्ट्र निर्माण की कोशिश भारत के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। वैसे तो आणंद का नाम श्वेत क्रांति के स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है, जहां त्रिभुवनदास पटेल, सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रेरणा और डॉ. वर्गीज़ कुरियन की दूरदर्शिता व आत्मविश्वास अपना नया आकार पाया। इस भूमि पर जिन मनीषियों ने कार्य किया उन्होंने सिद्ध किया कि यदि उत्पादक स्वयं अपने संगठन के स्वामी बन जाएं, तो आर्थिक स्वतंत्रता किसी स्वप्न से कम नहीं होती। उदाहरणतया अमूल की सफलता केवल दुग्ध उत्पादन की कहानी नहीं है, यह विश्वास, सहभागिता और लोकतांत्रिक प्रबंधन की सफलगाथा है। इसी विरासत को नए युग की आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाने का संकल्प है-त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय, जिसे अमित शाह वर्षों से स्थापित करना चाहते थे। विश्व में यह विश्वविद्यालय उस परिवर्तनकारी सोच का प्रतीक माना जा रहा है, जिसमें सहकारिता को केवल डेयरी, चीनी या बैंकिंग तक सीमित नहीं किया जाएगा अपितु सहकारिता का विस्तार जैविक खेती, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य पालन, बीज उत्पादन, पर्यटन, डिजिटल सेवाओं, ई-कॉमर्स, हरित ऊर्जा और ग्रामीण उद्यमिता को समेकित करते किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रबंधन, डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्तीय अनुशासन और वैश्विक दृष्टि पर बहसें होंगी। देश के उत्थान पॉलिसीज पर कार्य करने वाले चेंजमेकर यह मान रहे हैं कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय संभावनाओं का संस्थागत स्वरूप है। यहां से निकलने वाले विद्यार्थी केवल डिग्रीधारक नहीं लेकर निकालेंगे अपितु वे सहकारिता के नए राजदूत होंगे। वे गांवों में नई आशा की लौ जगाएंगे।

किसानों को बाजार से जोड़ेंगे। महिलाओं को आर्थिक शक्ति देंगे। युवाओं को उद्यमिता की राह दिखाएंगे। समाज में साझेदारी की संस्कृति को सुदृढ़ करेंगे। उनका कार्य आर्थिक प्रगति और सामाजिक संवेदनाओं दोनों को निर्मित करेंगे। इस विश्वविद्यालय के विजन प्लान को सही से पढ़ा जाए तो ऐसा लगता है कि एनईपी-2020 के माध्यम से शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध करने हेतु नहीं निर्धारित हुए हैं, अपितु वह व्यक्ति को समाज के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए भी है। उसके लिए ठीक-ठीक कार्य आईआईएम जैसे संस्थाओं से अधिक सहकारिता विश्वविद्यालय करेगा। यह उस क्षण का आरंभ है जब विद्यार्थी पुस्तकों से बाहर निकलकर जीवन की खुली पाठशाला में प्रवेश कर रहे हैं। वास्तव में वास्तविक विश्वविद्यालय वही है जो वास्तविक जीवन मूल्य परिवर्तन का माध्यम बने। नए जीवन की शुरुआत प्रथम दीक्षांत समारोह से जो शुरू करने जा रहे हैं वे रिश्क में नहीं हैं, अपितु वे सन्देश दे रहे हैं कि जीवन मूल्य भी अब सहकारिता से सुरक्षित होंगे। यह सहकारिता में नए आकाश में नई उड़ान है, चाहे कोई माने या न माने। यह उड़ान निःसंदेह सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह के संकल्पों से संभव हो पा रही है, ऐसा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात न होगी। हम सभी आज यह महसूस करने लगे हैं कि भारत की सहकारी व्यवस्था आज विश्व की सबसे बड़ी जन



आधारित आर्थिक व्यवस्थाओं में से एक है। करोड़ों नागरिक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहकारी संस्थाओं से जुड़े हैं। किसानों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, कारीगरों और ग्रामीण युवाओं के लिए सहकारिता केवल संस्था नहीं, बल्कि अवसर का द्वार है। लाभ और लोकहित के बीच संतुलन स्थापित कर नवाचार हेतु विकास का माध्यम सहकारिता बनने जा रही है। सहकारिता का प्राण उसके नैतिक मूल्यों में निहित है। विश्वास, पारदर्शिता, सहभागिता, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक निर्णय, ये वे आधार हैं जिन पर सहकारिता का विशाल भवन खड़ा हुआ है। यदि इन मूल्यों के साथ त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय दायित्वबोध लेकर ऐसे चरित्रवान नेतृत्व का निर्माण करने की कोशिश कर रहा है तो इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए।

विशेष विश्लेषण करने पर ऐसा लगता है कि यह विश्वविद्यालय सहकारिता के नए पक्षियों के कलरव से लोकमंगल का माध्यम बनने वाला है। जो 302 विद्यार्थी एवं 2 स्कॉलर को स्नातक एवं पीएचडी की उपाधि मिली है, यह तो एक शुरुआत है। केंद्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर ने गुजरात के आणंद में 'त्रिभुवन' सहकारी विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में कहा भी कि नरेंद्र मोदी के "सहकार से समृद्धि" के संकल्प तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व में स्थापित 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी सहकारिता क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है। यह यूनिवर्सिटी भविष्य के सहकारी नेतृत्वकर्ताओं, शोधकर्ताओं और पेशेवर प्रबंधकों को तैयार कर भारत के सहकारी आंदोलन को नई दिशा और नई गति प्रदान करेगी। यह बात शत-प्रतिशत सही भी है और उनके प्रयासों का एक तरह से अभिनंदन भी है। सहकारिता को नया बौद्धिक आधार ऐसे विश्वविद्यालय की स्थापना से जो मिलने लगा है, जिसने ज्ञान, शोध, नवाचार और मानवीय मूल्यों का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया है तो ऐसे ऐतिहासिक पहल को स्वर्णाक्षरों में अंकित भी किया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की जानी चाहिए। दरअसल, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय उस विश्वास का प्रतीक अब बनने जा रहा है, जो संगठित समाज की शक्ति व किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पहल है। भारत इससे विश्व की सहकारिता को टक्कर देगा और देश को सशक्त बनाएगा, इसे नहीं भूलना चाहिए। महिला डिग्रीधारिकों की एक नई नवाचार की प्रयोगशाला होगी। महिलाएं सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखेंगी, यह विश्वविद्यालय की उपलब्धियों में शामिल होने जा रहा है।

हम खुद विश्व जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और असमानता जैसी चुनौतियों से लड़ेंगे और सहकारिता के माध्यम से सशक्त बनकर और भारतीय जनमानस को सशक्त बनाकर सामुदायिक भागीदारी और टिकाऊ विकास का नया मार्ग तैयार करेंगे। सहकारिता विश्वविद्यालय के संबंध में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के आणंद में इस विश्वविद्यालय के शिलान्यास समारोह में इसके उद्देश्यों को विस्तार से रखा तो इसके बारे में जो भी कल्पनाएं लोग किए हों, लेकिन अब तो इस विश्वविद्यालय से सैकड़ों छात्र व शोधार्थी उपाधि प्राप्त करके भारत देश की सेवा में आगे बढ़ने जा रहे हैं। अब जो अनमने ढंग से इस पहल की आलोचना करते रहे होंगे उनके लिए भी एक सीख है कि देश के लिए पहले अपने मन में इच्छा पैदा करो, उसे संजोकर उसकी संकल्पना को स्वरूप दो और फिर उसे स्थापित करके मिसाल के रूप में पेश करो। अमित शाह की प्रसन्नता की अनुभूति निःसंदेह असीमित होगी क्योंकि सहकारिता के नए आकाश में नई उड़ान की यह देशव्यापी हर्ष व उल्लास की बेला है।

(लेखक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफ़ेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

रक्षा प्रणाली
प्रमोद भार्गव




# लंबी जंग की तैयारी के लिए सक्षम होता भारत

ऑपरेशन सिंदूर की छोटी लड़ाई के बाद भारत रक्षा-रणनीति में बदलाव के ऐसे संकेत दे रहा है कि पाकिस्तान या अन्य किसी देश से लंबी लड़ाई भी लड़नी पड़े तो उसकी युद्ध क्षेत्र में सक्षमता बनी रहे। नतीजतन पिछले सवा साल में भारत ने हथियार व अन्य उपकरणों की बड़ी खरीद की है अथवा उसकी तैयारी चल रही है। अतएव स्पष्ट संकेत है कि तीनों सेनाओं को अब सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि लंबी और बहुस्तरीय लड़ाई के लिए तैयार किया जा रहा है। रक्षा क्रियान्वयन सलाहकार परिषद ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत हुए संघर्ष के बाद 55 प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिनकी कुल कीमत 9.80 लाख करोड़ रुपये हैं। यह राशि कई वर्षों में धीरे-धीरे खरीद सौदों, निर्माण कार्यों और योजनाओं के आधुनिकीकरण पर खर्च होगी। हाल ही में भारतीय निजी उद्योगपतियों को भी बड़ी रक्षा सामग्री के निर्माण की अनुमति दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन नौसेनिक जहाजों आइएनएस दूनागिरी, आइएनएस संशोधक और आइएनएस अग्रय को नौसेना के बेड़े को सुपुर्द करते हुए कहा है कि 'कोई भी राष्ट्र समुद्र में अपनी क्षमता बढ़ाए बिना बड़ी शक्ति नहीं बन सकता है। ये संकेत स्पष्ट करते हैं कि ये तैयारियां भारत को सामरिक दृष्टि से वैश्विक पटल पर महत्वपूर्ण बना रही हैं। इन खरीदों में टैंक, तोप, ड्रोन, एयरडिफेंस इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और लंबी दूरी के सटीक हमले के लिए एआई नेटवर्क आधारित युद्ध क्षमता को विकसित करने के बड़े संकेत हैं। दरअसल रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास और अमेरिका-ईरान तथा पश्चिम एशिया के देशों में चल रहे युद्ध को देखते हुए भारत की सैन्य सोच बदली है। हालांकि पनडुब्बियों और पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की भी बड़ी संख्या में जरूरत है। भारत ने मार्च 2025 में 54 हजार करोड़, जुलाई में 1.05 लाख करोड़, अगस्त में 67 हजार करोड़, अक्टूबर में 79 हजार करोड़ की रक्षा सामग्री खरीद के प्रस्ताव अलग-अलग देशों को दिए हैं। फरवरी 2026 में 3.6 लाख करोड़ की रक्षा सामग्री खरीद प्रस्तावों को मंजूरी देने के साथ 114 नए राफेल विमान भी खरीदे जा रहे हैं। इसी माह जुलाई में 52 हजार करोड़ की सामग्री सैन्य-बलों की जंगी क्षमता बढ़ाने के लिए दिए गए हैं। साफ है, भविष्य में भारत का किसी देश से युद्ध होता है तो वह लंबी लड़ाई की सामर्थ्य दिखाने में अग्रणी रहेगा। स्वदेशी तकनीक से निर्मित जो तीन युद्धपोत सेना में शामिल किए गए हैं, उनसे वाकई भारत की समुद्र में ताकत बढ़ी है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों में 40 से अधिक स्वदेश में ही निर्मित युद्धपोत और पनडुब्बियां समुद्र में तैनात कर दिए हैं। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने वाले ये जहाज और पनडुब्बियां भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ देश की औद्योगिक क्षमता बढ़ाने वाली है। आने वाले दिनों में इनके निर्यात के द्वार भी खुल जाएंगे। अतएव पश्चिम बंगाल की ब्लू इकोनोमी का बड़ा केंद्र बन जाएगा। भारत में नौसैनिकों की सुविधाओं के लिए 45 बड़े प्लेटफॉर्म भी तैयार किए जा रहे हैं। आइएनएस दूनागिरी अत्याधुनिक हथियारों और संवेदनशील प्रणालियों के साथ ब्रह्मोस मिसाइल से संपन्न है।

ब्रह्मोस सतह से सतह और सतह से आकाश तक शत्रु पर सटीक हमला करने में युद्धपोत पर लगे नवीनतम उपकरण एवं स्टेल्थ तकनीक के कारण यह मिसाइल रडार की पकड़ में नहीं आती है। इसकी इस विलक्षणता के चलते ब्रह्मोस मिसाइल को दूसरे देश भी खरीद रहे हैं। आइएनएस संशोधक देश का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत है। इसे तटीय क्षेत्रों व गहरे समुद्री इलाकों में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने तथा रक्षा एवं नगरिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। आइएनएस अग्रय पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है। उथले समुद्री क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों और अन्य खतरों का मुकाबला करने में इसे अत्यंत प्रभावी माना जा रहा है। यह टारपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और उथले जल के लिए विकसित सोनार प्रणाली से लैस है। इसके चलते समुद्र के भीतर गुप्त खतरे का इसे पता चल जाता है। स्वदेशी युद्धपोत निर्माण की इस क्षमता ने भारत को पोत निर्माण में आत्मनिर्भर बना दिया है। इस उपलब्धि से समुद्र में भारतीय हितों की रक्षा का अभियान और प्रभावी ढंग से चलाया जा सकेगा। इसके पहले भारत स्वदेशी तकनीक से परमाणु पनडुब्बी आईएनएस 'अरिहंत' का निर्माण 2009 में शुरू करके 2013 में इसे समुद्र में जलावतरण भी कर चुका है। इस स्वदेशी परमाणु चालित पनडुब्बी अरिहंत का परमाणु रिएक्टर चालू होना हमारी स्वदेशी तकनीकि क्षमताओं को विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम था।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित
दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्योधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### होर्मुज संकट : विश्व आर्थिकी के लिए बढ़ता खतरा

अमरीका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक चिंता का विषय बना दिया है। यदि यह समुद्री मार्ग लंबे समय तक बाधित रहता है, तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार व्यवस्था प्रभावित होगी। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय संघर्ष अब वैश्विक संकट का रूप ले सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। प्रतिदिन दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। जहाजों की आवाजाही अगर बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आना स्वाभाविक है। – *सुभाष यादव, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### ट्रेड एग्रीमेंट



आज से भारत-यूके कॉम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट लागू हो गया है। उम्मीद है कि यह अहम समझौता 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को $100 बिलियन तक पहुंचाएगा।
-**अन्नपूर्णा देवी**, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अंतरिक्ष उड़ान



भारतीय मूल के नासा अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन ने अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर कदम रखा है। यह मिशन नई रिसर्च, टेक्नोलॉजी में इनोवेशन और अंतरिक्ष अभियानों के लिए नई संभावनाओं का रास्ता खोलेगा।
- **सम्राट चौधरी**, सीएम, बिहार

### पारदर्शी परीक्षा प्रणाली



पारदर्शी परीक्षा प्रणाली हर छात्र का अधिकार है। कांग्रेस पार्टी देश भर में छात्रों के इस अधिकार के लिए लड़ रही है। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में यह समस्या और भी गंभीर है, जहां व्यापम, पटवारी भर्ती, कॉन्स्टेबल भर्ती और नर्सिंग कॉलेज जैसे घोटाले हुए हैं।
- **कमलनाथ**, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

### दर्शकों का अपमान



फिल्मों पर सेंसरशिप असल में दर्शकों का अपमान है। स्मार्टफोन और बेहिसाब जानकारी तक पहुंच के इस दौर में, यह सोचना कि सरकार की बनाई कमेटी किसी सच्चाई के बारे में फिल्ममेकर के नज़रिए से बालिग़ लोगों को बचा सकती है, ये सिर्फ़ पुरानी सोच है, बल्कि बेवकूफी भी है।
- **रामगोपाल वर्मा**, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### ग्रेट बैरियर रीफ के लिए खतरा बना है जल प्रदूषण



जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले प्रवाल विरंजन (कोरल ब्लीचिंग) को आमतौर पर ग्रेट बैरियर रीफ के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जाता है, लेकिन दुनिया की इस सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति प्रणाली के सामने खराब जल गुणवत्ता भी एक गंभीर चुनौती है। खेती, शहरों और वन क्षेत्रों से बहकर नदियों में पहुंचने वाली मिट्टी (तलछट) समुद्र में दूर तक पहुंच जाती है। इसकी अधिक मात्रा प्रवाल भित्तियों और समुद्री घास (सीग्रास) के मैदानों को ढक सकती है, जबकि उर्वरकों और कीटनाशकों के अवशेष स्थिति को और खराब कर देते हैं। जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है, लेकिन जल गुणवत्ता ऐसा मुद्दा है जिस पर ऑस्ट्रेलिया सीधे कार्रवाई कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने हाल के वर्षों में बार-बार इस पर चिंता जताई है। वर्ष 2023 के बाद जारी चौथे मसौदा निर्णय में भी जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ खराब जल गुणवत्ता को प्रमुख खतरा बताया गया है। मसौदे में 2024-25 में प्रवाल विरंजन, खराब जल गुणवत्ता, मछली पकड़ने के ऐसे गैर टिकाऊ तरीके और तटीय भूमि के अनुचित उपयोग से हुए नुकसान पर ऑस्ट्रेलियाई सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है।

## ऑफ बीट

### खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3 .4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।





# पर्सनल लाइफ पर बात करने से किया इंकार

हाल ही में शहनाज गिल और राघव जुयाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था, जिसके बाद दोनों के अफेयर की चर्चाएं तेज हो गई थीं। अब शहनाज ने इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक इंटरव्यू के दौरान जब शहनाज से राघव जुयाल के साथ उनके रिश्ते को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने अपनी निजी जिंदगी पर बात करने से साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'प्लीज मुझसे पर्सनल सवाल मत पूछिए।' शहनाज ने राघव को अपना बेहद करीबी और अच्छा दोस्त बताया।

उन्होंने अफेयर की खबरों पर ध्यान न देते हुए बातचीत का रुख राघव के काम की तरफ मोड़ दिया। शहनाज ने राघव की आने वाली फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को सपोर्ट करने की अपील की है। उन्होंने



राघव की तारीफ करते हुए कहा, राघव पहली बार किसी फिल्म में बतौर मुख्य अभिनेता नजर आने वाले हैं। उनका कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है, उन्होंने आज जो भी मुकाम हासिल किया है वह सिर्फ अपनी मेहनत और टैलेंट के दम पर किया है। इसलिए, सभी लोग सिनेमाघरों में जाकर उनकी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को जरूर देखें और उन्हें पूरा सपोर्ट करें। फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' दुनिया भर के सिनेमाघरों में 30 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन विवेक बी. अग्रवाल ने किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है।

**ऑब्सेशन के सीक्वल की कोई योजना नहीं :** लॉस एंजिल्स। ऑब्सेशन फिल्म के मुख्य अभिनेता माइकल जॉनस्टन ने एक इंटरव्यू में यह साफ किया है कि इस फिल्म के सीक्वल की फिलहाल कोई योजना नहीं है। माइकल ने कहा कि हालांकि वे इस फिल्म के अगले भाग में काम करना पसंद करेंगे, लेकिन अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। माइकल ने मजाक में कहा कि फिल्म में उनके किरदार 'बेयर' को जो अंत मिला, दर्शक उसी के हकदार उसे मानते थे। इसलिए शायद ही लोग उसकी वापसी चाहें। हालांकि, उन्होंने फिल्म के निर्देशक करी बार्कर के उस आइडिया की तारीफ की, जिसमें इस फिल्म को एक अलग-अलग कहानियों वाली सीरीज में बदलने की

## नास्तिक हूं, मगर किसी धर्म का अनादर नहीं करता : अन्नू कपूर

**नई दिल्ली।** अन्नू कपूर अपकमिंग कॉमेडी फिल्म 'उत्तर दा पुत्तर' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह फिजिक्स प्रोफेसर का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में वह वास्तु में अटूट आस्था की कहानी को आगे बढ़ाते हैं। उनके मुताबिक यह उनकी अपनी सोच से बिल्कुल अलग है। उनका मानना है कि एक एक्टर की निजी सोच और उनके निभाए गए किरदारों के बीच फर्क होना चाहिए। अन्नू कपूर कहा कि 'मैं नास्तिक हूं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं किसी धर्म या किसी की आस्था का अनादर करता हूं। जब



प्रोड्यूसर संदीप कपूर मेरे पास एक ऐसे फिजिक्स प्रोफेसर का रोल लेकर आए जो वास्तु में विश्वास करता है, तो मैंने उसे स्वीकार कर लिया। एक एक्टर के तौर पर, मुझे ऐसे किरदार निभाने का मौका उत्साहित करता है जो असल जिंदगी में मेरी अपनी पर्सनैलिटी से बिल्कुल अलग हों।' उन्होंने आगे कहा 'मैंने उत्सुकता और जानकारी के लिए हस्तरेखा शास्त्र और ज्योतिष पर कई किताबें पढ़ी हैं। मगर ये मेरे निजी अनुभव और शौक हैं। इन्हें एक एक्टर के तौर पर मेरे प्रोफेशनल काम से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।'



## जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के पूरे हुए 15 साल

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल की अदाकारी वाली फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' की रिलीज को बुधवार को 15 साल हो चुके हैं। इस मौके पर फरहान अख्तर ने अपनी इस फिल्म को याद किया है। उन्होंने इस फिल्म की कई बीटीएस तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ एक नोट लिखा है। फरहान ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के कलाकार नजर आ रहे हैं। बीटीएस तस्वीरों में फरहान, ऋतिक रोशन, अभय देओल, कटरीना कैफ और कल्कि कोचलिन भी नजर आ रही हैं। तस्वीरों के साथ अभिनेता ने कैप्शन में लिखा '15 साल, अब भी हर पल का भरपूर फायदा उठा रहा हूं। फिल्म के 15 साल पर जश्न मना रहा हूं।' फरहान अख्तर की पोस्ट पर विनीत कुमार सिंह ने लिखा 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा क्लासिक है।'

## 10000 गाने बनाने वाले संगीत के जादूगर, जिनकी धुनों पर सजती थी रफी और लता की आवाज...

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में कई दिग्गज संगीतकार हुए हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक गीत और कंपोजिशन दिए हैं। आनंद बख्शी से लेकर- आर बर्मन और लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की जोड़ी से लेकर खय्यम तक जैसे लीजेंडरी म्यूजिशियंस ऐसे थे जिन्होंने कई गानों की बेहदरीन कंपोजिशन दी और कई बेहतरीन गाने लिखे भी। इनके लिखे गीत सालों बाद भी सदाबहार हैं और कई तो कल्ट क्लासिक बनकर उभरे हैं। इन्हीं में से एक संगीतकार ऐसे थे जिन्होंने अपने पूरे करियर में 10 हजार से ज्यादा गीत लिखे और कंपोज किए। उन्होंने ना सिर्फ हिंदी बल्कि गुजराती सिनेमा में भी कई शानदार गीत दिए और उनके गाये गीतों को लीजेंडरी गायक मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने अपने आवाज में पिरोया है।*



***40 के दशक में मिली सफलता :*** अविनाश व्यास 1912 में गुजरात में जन्मे थे और उन्होंने उस्ताद अलाउद्दीन खान से ट्रेनिंग ली थी। उन्होंने अपने करियर की पहली सफलता 1948 में रिलीज हुई फिल्म गुणसुंदरी से मिली थी जो गुजराती और हिंदी दोनों भाषाओं में बनी थी।

### 190 गुजराती फिल्मों में भी दिया संगीत

भारतीय संगीत के वो महान जादूगर थे जिन्होंने अपने कॅरियर में 10 हजार गीत लिखे और उन्हें कंपोज किया, वे थे अविनाश व्यास, जिन्होंने गुजराती सिनेमा में लगभग 190 फिल्मों के लिए संगीत दिया और रफी साहब और लता दीदी से अपने सदाबहार गीतों को आवाज दिलवाई।

### अविनाश व्यास के वो गीत, जिन्हें रफी-लता ने गाया

मोहम्मद रफी ने फिल्म लक्ष्मी के लिए पोलम पोल गीत गाया था इसके अलावा लता मंगेशकर ने फिल्म मेहंदी रंग लग्यो के लिए मेहंदी ते ववी मालवे, फिल्म कैलाशपति के लिए जा रे बादल जा जैसे गीत गाए थे। इतना ही नहीं उस दौर के बेहतरीन सिंगर्स जैसे मुकेश, मन्ना डे, तलत महमूद, आशा भोंसले, गीता दत्त, किशोर कुमार ने भी उनके गीतों को अपनी आवाज दी थी।

## यश की टॉक्सिक से क्लैश बदलेगी ईठा की रिलीज डेट

मुंबई। यश की 'टॉक्सिक' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होने वाला है। दोनों ही फिल्मों को लेकर काफी बज है। हालांकि, अब खबरें हैं कि 'ईठा' की रिलीज पोस्टपोन की जा सकती है। साउथ सुपरस्टार यश फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर खबरों में हैं। ये फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी लेकिन फिल्म पोस्टपोन हुई और अब फिल्म 26 अगस्त को रिलीज हो रही है। यश की 'टॉक्सिक' को लेकर बज इतना ज्यादा है कि बाकी



फिल्ममेकर अपनी फिल्में इस समय रिलीज करने से परहेज कर रहे हैं. हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्र और तमन्ना भाटिया की फिल्म वेवान की रिलीज डेट भी पोस्पोन हुई। पहले ये फिल्म 28 अगस्त को रिलीज हो रही थी। लेकिन, अब 'टॉक्सिक' से क्लैश से बचने के लिए फिल्म पोस्टपोन हो गई है। वहीं, एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की फिल्म 'ईठा' भी 28 अगस्त को रिलीज होने वाली है। लेकिन, अब रिपोर्ट्स हैं कि फिल्म पोस्टपोन हो रही है।




## टीवी मसाला



## मम्मी आ रही हैं! टप्पू की बात सुन झूमे जेठालाल...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन इतिहास के सबसे लोकप्रिय कॉमेडी शोज में से एक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दयाबेन का कैरेक्टर बहुत पॉपुलर था। इस कैरेक्टर को दिशा वकानी निभा रही थीं। वो 2017 में मैटरनिटी लीव पर गई थीं और इसके बाद उन्होंने शो में वापसी ही नहीं की। पिछले करीब 9 सालों से शो से गायब चल रहीं दर्शकों की सबसे चहेती 'दया भाभी' यानी दयाबेन आखिरकार गोकुलधाम सोसाइटी में वापसी करने जा रही हैं। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का नया प्रोमो रिलीज हो गया है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। करीब 9 साल बाद शो में दयाबेन की वापसी होने जा रही है। सामने आए लेटेस्ट प्रोमो वीडियो की शुरुआत बेहद इमोशनल और धमाकेदार अंदाज में होती है। जेठालाल के बेटे टप्पू को घर में बेहद उत्साहित होकर चिल्लाते हुए देखा जा सकता है। टप्पू बेहद खुश होकर दादाजी (बापूजी) और जेठालाल के सामने आकर कहता है, 'क्या मम्मी आ रही हैं!' ये सुनते ही जेठालाल की आंखें फटी की फटी रह जाती हैं और उनके चेहरे पर एक बड़ी सी मुस्कान आ जाती है। अपनी प्यारी दया के आने की खबर सुनते ही जेठालाल खुशी से फूले नहीं समाते और झूमने लगते हैं। पूरे गोकुलधाम में इस बात को लेकर हलचल तेज हो गई है कि उनकी चहेती दयाबेन वापस लौट रही हैं। दया भाभी की वापसी की सुगबुगाहट सुनते ही जेठालाल तुरंत अपने परम मित्र और 'फायर ब्रिगेड' तारक मेहता के पास पहुंचते हैं।






# ईस्ट 12 जहाँ है आपके सपनों का घर

श्री स्वस्तिक ग्रुप के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक ईस्ट 12 है जो कि शहर के प्राइम लोकेशन खम्हारडीह शंकर नगर में स्थित है। यह प्रोजेक्ट 12 फ्लोर का है जिसमें 2, 3 एवं 4 बीएचके के फ्लैट्स उपलब्ध हैं। इस प्रोजेक्ट में लगभग विकास के कार्य पूर्ण हो चुका है, कई परिवार रहने आ चुके हैं। इस प्रोजेक्ट में उपलब्ध फ्लैट मे तुरंत पोजीशन लिया जा सकता है। इसके आसपास बहुत हरियाली है एवं शुद्ध वातावरण है। इस प्रोजेक्ट में कमर्शियल स्पेस भी उपलब्ध है। जिसके अंतर्गत बनाये गये सभी दुकानें बिक चुकी हैं एवं कई दुकाने खुल चुकी है। प्राइम लोकेशन एवं उपलब्ध सुविधाओं के चलते Occupancy दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इस प्रोजेक्ट में फ़्लेट बहुत ही किफायती दरों पर उपलब्ध है। जहां की प्रीमियम फैसिलिटी प्रदान की जा रही है, जिसमें सेपरेट पार्किंग, स्विमिंग पूल, किड्स पूल, जिम-योग सेंटर, एरोबिक्स सेंटर, बिलियर्ड रूम, कैरम रूम, चिल्ड्रन प्ले जोन आदि सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इस प्रोजेक्ट में फर्स्ट फ्लोर पर पोडियम गार्डन, किड्स प्ले एरिया एवं ग्राउंड फ्लोर पर मंदिर, बैडमिंटन कोर्ट, सीनियर सिटीजन जोन, कार वॉशिंग एरिया आदि तमाम सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इस प्रोजेक्ट में उपयोग मैं लाई गई एमेनिटीज प्रीमियम स्तर की है। लोकेशन एकदम शानदार है। राजधानी के पॉश एरिया में डेवलपमेंट बहुत तेजी से हो रहा है। क्षेत्र में अनेक आधुनिक सुविधाओं का विस्तार भी हो रहा है। इधर सुव्यवस्थित बसाहट के साथ कनेक्टिविटी बहुत अच्छी है। पूरा एरिया विकसित जोन के तौर पर इस शहर में अलग पहचान बनाते जा रहा है। यह प्रोजेक्ट सभी सरकारी विभागों से अनुमोदित है एवं रेरा में रजिस्टर्ड है। इस प्रोजेक्ट के आसपास जिस गति से डेवलपमेंट हो रहा है उसकी तुलना में इसकी कीमत बहुत अच्छी मानी जा रही है। वर्तमान में बिल्डर्स के द्वारा मात्र 44.99 लाख में पूर्णतः फर्निस्ड 2 BHK स्टूडियों अपार्टमेंट प्रदान किये जा रहे है।



**सुनील साहू**
**मैनेजिंग डायरेक्टर - श्री स्वास्तिक ग्रुप**

श्री स्वास्तिक ग्रुप के डायरेक्टर श्री सुनील साहू जी का मानना है कि रियलस्टेट का मतलब सिर्फ प्रोजेक्ट बेचना नही है। बल्कि लोगों के सपनों को सच करते हुए भरोसा बनाना महत्वपूर्ण होता है।

## प्रमुख सुविधाएं (Amenities)

- सेपरेट पार्किंग
- स्वीमिंग पुल, किड्स पुल,
- जीम, योग सेन्टर
- एरोबिक्स सेन्टर
- बिलियर्ड रूम
- कैरम रूम
- सेपरेट चिल्ड्रन रूम
- भव्य मंदिर
- ओपन स्पेस एवं
- फैमली-फ्रेन्डली वातावरण

## बेहतरीन कनेक्टीविटी

**एजुकेशन हब** के नजदीक- ईस्ट 12 राजधानी रायपुर के सबसे प्राईम लोकेशन खम्हारडीह शंकर नगर में स्थित है, इसके आसपास कई विश्व स्तरीय शैक्षणिक संस्थान जैसे KPS स्कूल, DPS स्कूल, Buds N Blooms स्कूल, अंजनेय विश्वविद्यालय 5 से 15 मिनट की दूरी पर उपलब्ध है। यहां आवागमन हेतु इन सभी शैक्षणिक संस्थानों के व्हीकल्स ईस्ट 12 के प्रागंण तक उपलब्ध रहते है।

## हॉस्पिटल के नजदीक

इसके नजदीक ही मात्र 5 से 10 मिनट की दूरी पर रायपुर के बड़े मल्टीस्पेस्लिस्ट हॉस्पिटल जैसे बालाजी सुपर मल्टीस्पेस्लिटी हॉस्पिटल, ITSA हॉस्पिटल, मित्तल हॉस्पिटल, MGM हॉस्पिटल आदि उपलब्ध है।

## मॉल एवं मार्केट के नजदीक

इसके नजदीक ही मात्र 5 से 10 मिनट की दूरी पर रायपुर के प्रसिद्ध मैग्नेटो मॉल, अंबुजा मॉल, एवं सिटी सेन्टर मॉल से डायरेक्ट कनेक्टिविटी उपलब्ध है, इसके अलावा पंडरी कपड़ा मार्केट एवं वेजिटेबल मार्केट उपलब्ध है। जहां पर आप अपने आवश्यकतानुसार शॉपिंग, मूवी मस्ती एवं परिवार के साथ क्वालिटी टाईम एक्सपेंड कर सकते है।

## एयरपोर्ट से मात्र 20 मिनट का रास्ता

रायपुर राजधानी स्थित स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल एयरपोर्ट एवं नया रायपुर से ट्रैफिक रहित डायरेक्ट कनेक्टीविटी ईस्ट 12 को विशेष बनाता है। इसके अलावा मुम्बई - कलकत्ता हाइवे मात्र 5 मिनट की दूरी पर उपलब्ध है। रायपुर बिलासपुर हाईवे मात्र 10 मिनट की दूरी पर स्थित है।

SHRI SWASTIK GROUP — THE SIGN OF TRUST
NIVESH WEL — Investment of Trust







# छत्तीसगढ़ के रियल एस्टेट मार्केट में 'अष्टविनायक रियल्टीज़' बना विश्वास का पर्याय



**संतोष लोहाना (विक्की)**
सी.एम.डी.
अष्टविनायक रियल्टीज़

**उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ बनाया विशेष स्थान**

छत्तीसगढ़ के रियल स्टेट बाजार में अपनी गुणवत्ता, समय पर डिलीवरी और ग्राहकों के अटूट भरोसे के दम पर 'अष्टविनायक रियल्टीज़ ने एक उल्लेखनीय मुकाम हासिल कर लिया है। बदलते दौर की आधुनिक जरूरतों को समझते हुए कंपनी ने निर्माण क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

**मुख्य आकर्षण और उपलब्धियां गुणवत्ता और नवाचार:** मजबूत निर्माण और आधुनिक वास्तुकला का बेहतरीन तालमेल।

**समय पर डिलीवरी:** तय समय सीमा के भीतर खरीदारों को पजेशन देकर जीता भरोसा।

**सपनों का आशियाना:** मध्यम वर्ग से लेकर प्रीमियम सेगमेंट तक के लिए किफायती और लग्जरी प्रोजेक्ट्स।

**सस्टेनेबल लिविंग:** पर्यावरण के अनुकूल (Eco-friendly) तकनीकों और ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट का उपयोग। बाजार में बढ़ी साख विशेषज्ञों के अनुसार, रियल एस्टेट सेक्टर में मंदी और उतार-चढ़ाव के बावजूद अष्टविनायक रियल्टीज़ ने अपनी रणनीतिक योजना और पारदर्शी काम-काज से बाजार में अपनी स्थिति मजबूत की है। कंपनी के प्रोजेक्ट्स न केवल रहने के लिहाज से बल्कि निवेश के लिए भी पहली पसंद बन रहे हैं।

## अष्टविनायक रियल्टीज़ के प्रमुख प्रोजेक्ट्स और उनकी खासियतें:

**1. अष्टविनायक शांति कुंज सिटी फेस-1 एवं फेस-2 लोकेशन:** छछानपैरी, ओल्ड धमतरी रोड, रायपुर। प्रोजेक्ट का दायरा: लगभग 94 एकड़ की विशाल सुरक्षित और कवर्ड कैंपस टाउनशिप। प्लॉट साइज: 1250 से 1800 वर्ग फीट के कुल 1200 आवासीय प्लॉट। **विशेषताएं:** टाउनशिप में 45% खुला स्थान (Open Space) छोड़ा गया है। इसमें सबसे बड़ा शहरी पार्क, क्लब हाउस, स्विमिंग पूल, मिनी थिएटर, जिम, स्पोर्ट्स हब (क्रिकेट-फुटबॉल ग्राउंड) और एक भव्य मंदिर गार्डन शामिल हैं।

**2. गुलमोहर ग्रीन्स लोकेशन:** मुजगहन, ओल्ड धमतरी रोड, रायपुर।
**खासियत:** यह प्रोजेक्ट पर्यावरण के अनुकूल और शांत वातावरण में प्रीमियम और आधुनिक जीवनशैली की चाह रखने वालों के लिए तैयार किया जा रहा है, जो सभी शहरी सुविधाओं के बेहद करीब है।

**3. महादेव विहार लोकेशन:** सेजबहार, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास, ओल्ड धमतरी रोड। **खासियत:** बेहतर कल के लिए स्मार्ट इन्वेस्टमेंट और आधुनिक सुविधाओं से लैस यह एक सुव्यवस्थित गेटेड रेजिडेंशियल टाउनशिप है।

**4. अष्टविनायक सिटी लोकेशन:** कांदुल रोड, कमल विहार / संतोषी नगर के पास, रायपुर। **खासियत:** सर्वसुविधायुक्त इस प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट प्रोजेक्ट में क्लब हाउस, स्विमिंग पूल, ओपन जिम और चौड़ी सड़कों का नेटवर्क है। यह पूरी तरह से रेरा पंजीकृत है जो खरीदारों को कानूनी सुरक्षा और पारदर्शिता देता है।

**5. वेदांता ग्रीन्स लोकेशन:** छछानपैरी, ओल्ड धमतरी रोड, रायपुर। **खासियत:** प्राकृतिक हरियाली के बीच शानदार मुख्य द्वार, आधुनिक क्लब हाउस और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाओं के साथ यह एक बजट-फ्रेंडली बेहतरीन विकल्प है। ग्राहकों का भरोसा और बेहतर कनेक्टिविटी ही अष्टविनायक रियलिटीज के सभी प्रोजेक्ट्स की सबसे बड़ी यूएसपी उनकी लोकेशन है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, नया रायपुर रेलवे स्टेशन और इंटरस्टेट बस टर्मिनल (ISBT) से इन प्रोजेक्ट्स की कनेक्टिविटी बेहद शानदार है। कंपनी का उद्देश्य केवल जमीन बेचना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित और खुशहाल कम्युनिटी का निर्माण करना है।

### हर कदम पर पूरे परिवार का साथ



**हमारा उद्देश्य ग्राहकों को सिर्फ एक जमीन का टुकड़ा देना नहीं, बल्कि एक ऐसा सुरक्षित और हरा-भरा वातावरण देना है जहाँ वे अपने सपनों का आशियाना बना सकें।**

फाउंडर मेंबर्स



टीम मेम्बर्स



SHREE DADAJI INFRA CGRERA241219A000438 · TRIVEDA VENTURES · SAI SHUBH ARAMBH DEVELOPERS CGRERA310519A000365 · Siddhi Vinayak Infrabuild · FORTUNE INFRA · VINAYAKAA · Shivay Infra & Build · Radhaswami Developers · LAND KING · SKY REAL ESTATE · GLOBAL1 We Understand Real Estate



भगवान श्री जगन्नाथ जी की पावन
रथ यात्रा
की हार्दिक शुभकामनाएं

Vedanta Greens
A project by Shubh Dream Homes Pvt Ltd

ASHTVINAYAKA REALTIES
CGRERA150322A000647

PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS

इस शुभ अवसर पर करें निवेश अष्टविनायक रियल्टीज़ के साथ

850sqft | 1000sqft | 1250sqft | 1500sqft | 2000sqft

























MAHESHWARI

RERA NO. - PCGRERA130326002056
Website - www.rera.cgstate.gov.in

छछानपैरी, पुराना धमतरी रोड, रायपुर

8516003000

Project by Shubh Dream Homes Pvt. Ltd.

## हाईकोर्ट : 38 सिविल जजों के पदोन्नति आदेश जारी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रदेश में पदस्थ 38 सिविल जज जूनियर डिवीजन को सिविल जज सीनियर डिवीजन के पद में पदोन्नत किया है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश में सिविल जज श्रीमती अंजली पांडेय, अंकिता अग्रवाल, कु. दिव्या गोयल, कु. ऐश्वर्या दीवान, शैलेश कुमार वशिष्ठ, आफरीन बानो, हरषी अग्रवाल, कु. मीनू नंद, प्रज्ञा अग्रवाल, कु. स्वर्णा देहरे, काम्या आयर के पदोन्नति आदेश जारी किया है। इनके साथ ही कु. सारिका नंदे, अजय सिंह मीणा, कु. रश्मि मिश्रा, शाश्वत दुबे, कु. कोनिका यादव, आशीष कुमार चांदहे, गुरु प्रसाद देवांगन, कु. कुमुदिनी गर्ग, कु. अंकिता यदु, कु. उन्नति महिस्वर, सिद्धार्थ आनंद सोनी, कु. तनया ब्राह्मी, कु. नीति, मनीष कुमार, कु. साक्षी ध्रुव, पार्थ दुबे, कु. जेनिफ़र लकड़ा, कु. धारिणी राणा, कु. प्रांजलि नेताम, राजेश खलको, अजय लकड़ा, ध्रुवराज ग्वाल, शिवेन्द्र कुमार टेकाम, कुमारी श्वेता ठाकुर, पुनीत तिग्गा, कु. डिपल, प्रवीण कुजूर को सिविल जज सीनियर डिविजन के पद पर पदोन्नत किया गया है।

### हादसा : बोरतलाव के गांधीनगर क्षेत्र का मामला

# खेत में बने तालाब में डूबने से तीन बच्चों की दर्दनाक मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव**

जिला अंतर्गत डोंगरगढ़ के बोरतालाब क्षेत्र से एक बेहद दुखद और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां खेत समतलीकरण के दौरान बने एक गहरे गड्ढे में भरे पानी में डूबने से तीन मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और पीड़ित परिवारों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि घटना में मरने वाले बालकों में दो सगे भाई भी शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार बोरतालाब क्षेत्र के एक खेत में कुछ दिनों पहले समतलीकरण का कार्य किया गया था। पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश के कारण इस गड्ढे में काफी मात्रा में पानी जमा हो गया था। गांव के तीन मासूम बच्चे खेलते खेलते इस खेत की तरफ चले गए। बच्चों को इस बात का अंदाजा नहीं था कि पानी से भरा यह गड्ढा उनके लिए काल बन जाएगा। खेलते समय अचानक तीनों बच्चे गहरे पानी की चपेट में आ गए और एक दूसरे को बचाने के चक्कर में तीनों ही उसमें डूब गए।



#### गांव में पसरा सन्नाटा

इस भयावह हादसे ने पूरे बोरतालाब के गांधीनगर को झकझोर कर रख दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर तीनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना में मरने वाले तीन बच्चों की उम्र 5 से 10 साल के मध्य बताई गई। जिनमें दो सगे भाई भी शामिल हैं।

#### रात के अंधेरे में चला रेस्क्यू ऑपरेशन

जब काफी देर तक बच्चे अपने घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता होने लगी। ग्रामीणों ने बच्चों की तलाश शुरू की। खोजबीन करते हुए जब कुछ लोग खेत की तरफ पहुंचे तो उन्हें गड्ढे के पास बच्चों के कपड़े और चप्पलें दिखाई दी। इसके बाद अनहोनी की आशंका के चलते तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी गई। रात का अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों और स्थानीय प्रशासन की टीम ने भारी मशक्कत के बीच टॉर्च और मोबाइल की रोशनी में पानी से तीनों मासूम बच्चों के शवों को बाहर निकाला। बच्चों के शव देखते ही मौके पर चीख पुकार मच गई।

# पहले चाकू से नस काटी, फिर फांसी लगा निगम के सब इंजीनियर ने की खुदकुशी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर**



जगदलपुर से 4 माह पहले तबादले पर शहर आए नगर निगम के इंजीनियर ने चाकू से हाथ की कलाई की नस काटने के बाद बिजली के तार का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने मृतक के बिस्तर से सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें जगदलपुर से तबादला कराने वालों का जिक्र किया गया है। पुलिस सुसाइड नोट व उनका मोबाइल जब्त कर मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जगदलपुर दंतेश्वरी वार्ड निवासी अमर सिंह चौहान पिता स्व. ईश्वर सिंह चौहान उम्र 44 साल बिलासपुर नगर निगम जोन क्रमांक 4 में सब इंजीनियर के पद पर पदस्थ थे। वे महाराणा प्रताप चौक नगर निगम कालोनी स्थित एक मकान में अकेले रह रहे थे। उनकी पत्नी बच्चे जगदलपुर में रह रहे हैं। रोज की तरह 15 जुलाई की सुबह श्री चौहान के घर साफ सफाई करने वाला कर्मचारी गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खेलने पर उसने कालोनी में रहने वाले अन्य कर्मचारियों को सूचना दी। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कालोनी पहुंचकर दरवाजा खुलवाले का प्रयास किया। नहीं खुलने पर पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो पंखे के हुक पर पीले रंग के वायर से फांसी पर लटकी उनकी लाश मिली। नीचे में टेबल गिरा हुआ था , उनके बाएं हाथ की कलाई में चाकू से काटने के निशान थे। संभावना जताई जा रही है कि उन्होंने पहले कलाई की नस काटकर खुदकुशी करने की कोशिश की, सफल नहीं होने पर फांसी लगा ली है। कमरे की तलाशी लेने पर बिस्तर में तकिए के नीचे सुसाइड नोट व मोबाइल मिला है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर जगदलपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

#### 4 माह पहले आए थे तबादले पर

श्री चौहान 4 माह पहले जगदलपुर से तबादले पर शहर आए थे। हाल ही में उनका फिर से जगदलपुर तबादला हो गया था। उनके द्वारा लिए गए सुसाइड नोट में जगदलपुर से तबादला कराने वालों के नाम का जिक्र है। पुलिस सोसाइड नोट को गोपनीय रख रही है। सूत्रों के मुताबिक मृतक केद्वारा सोसाइड नोट में जगदलपुर से बिलासपुर उनका तबादला कराने वाले कुछ लोगों का नाम लिखा गया है। कुछ होने पर उन्हें जिम्मेदार बताया है। यह भी लिखा है उनके परिवार को उक्त लोग ही पालेंगे। पत्नी व बच्चों से माफी मांगते हुए अपने मोबाइल को अपने पास में रखने का जिक्र किया है। पुलिस उसके आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI

**Short e-Tender Notice**

DATE:- 15.07.2026

| SL No. | Tender Notice Number | Name of work | No Of Unit | Estimated Value of Work (in Rs) | Cost Of BoQ (in Rs) | Earnest Money (in Rs) | Time Of Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ICDP/RANCHI/ 25/2026-27 | Construction of 500 MT Capacity Godown in Lamps/Pacs Of Districts HAzaribagh, Chatra, Bokaro & Deoghar | 21 | 19,95,78,900.00 | 10,000.00 | 19,96,000.00 | 12 Months |
| 02. | ICDP/RANCHI/ 26/2026-27 | Construction of 500 MT Capacity Godown in Lamps/Pacs Of Districts Palamu & Garhwa. | 11 | 8,78,14,716.00 | 10,000.00 | 8,78,500.00 | 12 Months |
| 05. | Date Of Publication of on Website | | 20.07.2026 AT 11:00 AM | | | | |
| 06. | Last Date & Time of Submission of bids | | 25.07.2026 AT 05:00 PM | | | | |
| 07. | Name & Address of Office Inviting Tender | | State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More, Hesag, Hatia, Ranchi. 834003 | | | | |
| 08. | Contact No of Procurement Officer | | 7979780612, 9931477485 | | | | |

06. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 20.07.2026 at 11:00 AM to 25.07.2026 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 25.07.2026. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 05:00 PM on 27.07.2026.
07. Estimate Cost May Vary.
08. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 385048 (Co-opretive) 26-27 (D)



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 18/2026–27**

दिनांक 14/07/2026

मद का नाम :– DMFT मद।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | ग्राम + पंचायत – सिंदुर एन0एच0–33 पुराना टाटा मोटर से संत विनोबा नगर होते हुए झुन्नू जी के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। | 10391000.00 | 10000.00 | 208000.00 | आठ माह |
| 2 | डाडी | बंशी रविदास के घर से कैला महतो के खेत होते हुए वेहरा नदी कालीकरण पथ तक पी0सी0सी0 पथ, गार्डवाल, नाली एवं पुलिया निर्माण। | 14034900.00 | 10000.00 | 281000.00 | दस माह |
| 3 | बरही | ग्राम जरहिया में काली महतो घर से प्रसादी महतो के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। | 13274600.00 | 10000.00 | 266000.00 | दस माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 20.07.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 21.07.26 से 01.08.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.08.2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 385011 (District) 26-27 (D)


### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर का पलटवार

# पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने अपराधियों को पाला-पोसा



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने महादेव बेटिंग एप और स्काई एक्सचेंज मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा हिरासत में लिए गए कारोबारी से रायपुर में हो रही पूछताछ के मद्देनजर दो टूक कहा है कि इस पूरे मामले और गिरफ्तार आरोपी विकास गर्ग का भारतीय जनता पार्टी से कोई सरोकार नहीं है। डॉ. मिश्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने खुद ऐसे आपराधिक तत्वों को प्रश्रय दिया और पाला-पोसा है। भूपेश सरकार के कार्यकाल में जितने भी अपराधी थे, वे सब उन्हीं के समर्थक या सम्पर्क वाले रहे हैं। भाजपा का नीतिगत स्टैंड है कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। विकास गर्ग चाहे जितना भी बड़ा अपराधी हो या महादेव एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल का कितना भी करीबी सहयोगी क्यों न हो। यदि जाँच में उसके खिलाफ दोष सिद्ध होता है, तो सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

#### कानून से ऊपर कोई नहीं

डॉ. मिश्रा ने कहा कि महादेव एप से जुड़ा पैसा हवाला के जरिए विकास गर्ग तक पहुँचता था, जिसकी गहनता से जांच हो रही है। भाजपा सरकार किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेन्स की नीति पर काम करती है। ऐसे अपराधियों को जेल भेजने में भाजपा को अत्यंत प्रसन्नता होगी, क्योंकि कानून से ऊपर कोई नहीं है।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**

आवश्यकता है- कंप्यूटर व कॉमर्स ग्रुप हेतु अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षक की आवश्यकता है वेतन 8 से 15 हजार अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क MIG 1068 के सामने वीर शावरकर नगर हीरापुर रायपुर ज्ञान भारती हा. से. स्कूल मोबाइल- 8319496635.(आरो-890)

**दुकान कार्य/ड्रायवर**

आवश्यकता है- PVC पाइप दुकान में काम करने हेतु लड़के चाहिए 06, Tata Ace ड्राइवर 02 पता- आर.बी.पाटीदार एंड कंपनी नर्सिंग मील कम्पाऊन्ड प्लेट फार्म नंबर- 7 के पास गुढ़ियारी रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर- 8435904413.(आरो-889)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है। पता:- रेमंड शोरूम के पीछे पंडरी रायपुर मों.:-89599-61875.(आरो-888)

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में लड़को/लड़की (फ्रेशर/अनुभवी) की जरूरत है वेतन योग्यता अनुसार: *आशीष शुभम मेडिकोज 41 छत्तीसगढ़ दवा बाज़ार राजबंधा मैदान रायपुर 81039 81038. (आरो-188)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- किराना एवं डेली नीड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारीयों की वेतन 10 से 15 हजार योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता । संपर्क:- सी - मार्केट सेक्टर-6 भिलाई 98266-84859. (आरो-316)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- चायपत्ति में पैकिंग कार्य के लिये लेडिस व लोडिंग अनलोडिंग के लये पुरूष कि आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मों नं. - 74699-80000, 0771-4075490.(आरो-883)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- नर्सिंग स्टाफ (GNM/ ANM/ अनुभवी) पैरामेडिकल OT टेक्नीशियन, रिसेप्शनिस्ट नाइट आया बाई, गार्ड - कैलाश कान्ता हॉस्पिटल जोरा रायपुर- 9300734153, 0771-2994153. अनुभवी को प्राथमिकता, उचित वेतन (आरो-283)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड के प्रोडक्ट हेतु 6 सर्विस टेक्नीशियन चाहिए। अनुभव आवश्यक नहीं है सम्पर्क करें- जेजेएल सर्विसेज पवन विहार आरसी ब्लड बैंक, न्यू राजेन्द्र थाना के सामने, रायपुर 9755960687. (आरो-41402)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ऑपरेटर/इंचार्ज**

Wanted- Computer Operators & Dispatch Incharge- 5–6 years' experience, SAP/ Oracle ERP knowledge preferred, Experience in vehicle dispatch and labour management (for Dispatch Incharge), Preference to candidates with C&F experience in the Pesticide/Fertilizer industry, Good computer skills and a responsible attitude. Send your resume on 8700749996, Location: Ring Road No. 2, Gondwara, Raipur.(आरो-902)

**मार्केटिंग कार्य**

आवश्यकता है- मार्केटिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता वेतन -12000 + इंसेंटिव ऑफिस का पता - शंकर नगर, चौपाटी हाउसिंग बोर्ड कॉम्प्लेक्स, 414,415 चौथी मंजिल, रायपुर ( मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक ) 9098334681, 7869745488. (आरो-185)

**पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा सहित सम्पर्क करे डागा पेट्रोल पंप फाफाडीह चौक स्टेशन रोड रायपुर मो. 8109135400, 9179380728. (आरो-896)

क्लासीफाईड

**ड्रायवर**

शीघ्र आवश्यकता- स्कूल बस चालक/ मैजिक चालक- 5 पद, परिचालक - 5 पद, सुरक्षागार्ड- 05 पद, आया मदर -8 पद, संपर्क करे- मो. नं. 7389358588, 7805015500, पता- 01, सुंदर नगर रायपुर (आरो-ghos)

**कुक**

आवश्यकता है- शंकर नगर रायपुर हेतु 1. सिंधी खाना बनाने हेतु महिला कुक एवम कार चलाने हेतु कुशल ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी सम्पर्क करें:- 9893132000. (आरो-416)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। रामनगर, गुढ़ियारी के निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी, कार्य का समय सुबह 11:30 से शाम 6:30 तक वेतन 400/- प्रतिदिन संपर्क- 6260088185.(आरो-105)

**ऑफिस कार्य**

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000 + कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क- 9630922589, 9893029618.(आरो-530)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- टाटीबंध, रायपुर अस्पताल। नर्सिंग (ANM,GNM)। नाइट ड्यूटी के लिए पुरुष नर्सिंग स्टाफ। आया बाई। वेतन योग्यतानुसार रहने की सुविधा ।मो.9826136022, समय 1-2 PM (आरो-Ghos)

**डिलीवरी बॉय**

आवश्यकता है- एजेंसी के काम में डिलीवरी बॉय 3 वेतन 10000 से 14000 कम्पुटर टैली ऑपरेटर 2 वेतन 10000 अल्ट्राक्लीन होम केयर, उरकुरा रेल्वे स्टेशन के सामने , भनपुरी, रायपुर 9589175680. (आरो-189)

**सर्वे प्रचार कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस हेतु कंप्यूटर कार्य एवं डोर टू डोर सर्वे प्रचार हेतु महिलाओं की आवश्यकता है संपर्क - मातृ दृष्टि वेलफेयर फाऊंडेशन भिलाई मो 9039088128, 9244378559. (आरो-317)

**कंडक्टर/ड्रायवर**

आवश्यकता है- दुर्ग, भिलाई, रायपुर स्कूल, स्टाफ बस हेतू महिला कंडक्टर ,ड्राइवर की आवश्यकता आधारकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस(हैवी व्हीकल) watsup करें पता बस स्टैंड दुर्ग 9343322450, 7385600786, 9424125786. (आरो-1319)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**थैरेपिस्ट**

आवश्यकता है- कार्य हेतु 20 से 35 वर्ष महिला एवं पुरुष मसाज थैरेपिस्ट की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क :- नेचर क्योर हॉस्पिटल, आनंदनगर रायपुर 9993137510. (आरो-416)

**होटलकर्मी**

आवश्यकता है- होटल कार्य (महिला/ पुरुष) पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट, सफाई कर्मचारी, वेटर, कप्तान जानकार को प्राथमिकता। संपर्क -होटल अपना केशरी ,होटल शिव-प्रभा , पावर हाऊस भिलाई, मो.-98932-15251, 89669-81590 (आरो नं.-311)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे:-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515.(आरो न.-4157)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक )(1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 8882627857.(आरो-4402))

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152




विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**CLASSIFIED RATE CARD** — हरिभूमि — 01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

10X1

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**Healthcare**

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

# बारिश में सड़क किनारे का स्वाद आपको पड़ सकता है भारी : डॉ. राहुल प्रजापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून के मौसम में गर्मी से राहत के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में इट्सा हॉस्पिटल्स, रायपुर ने लोगों से खानपान और स्वच्छता को लेकर विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

अस्पताल के संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल प्रजापति ने कहा कि बारिश के दौरान दूषित भोजन और असुरक्षित पानी के सेवन से टायफॉयड, फूड पॉइजनिंग, हेपेटाइटिस-ए, गैस्ट्रोएंटेराइटिस और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं तेजी से बढ़ती हैं। डॉ. राहुल प्रजापति ने बताया कि मानसून में अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीजों में एक समान कारण सामने आता है। उन्होंने हाल ही में सड़क किनारे मिलने वाले खाद्य पदार्थ या असुरक्षित पानी से बने पेय पदार्थों का सेवन किया होता है। उनके अनुसार बारिश के मौसम में नालियों का ओवरफ्लो होना, जगह-जगह पानी का जमा होना, बढ़ी हुई नमी और साफ-सफाई में कमी बैक्टीरिया, वायरस एवं अन्य रोगजनक सूक्ष्मजीवों के पनपने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर देते हैं।



## थोड़ी सी लापरवाही पहुँचा सकती है अस्पताल

### बाहर भोजन करते समय रखें विशेष सावधानी

डॉ. प्रजापति ने कहा कि सड़क किनारे खुले में तैयार होने वाले खाद्य पदार्थ संक्रमण का प्रमुख कारण बन सकते हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि बाहर भोजन करने से पहले पानी की गुणवत्ता, भोजन की ताजगी, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने और विक्रेता की स्वच्छता जैसी बातों पर जरूर ध्यान दें। यदि इनमें लापरवाही दिखे तो वहां भोजन करने से बचना चाहिए।

**स्वच्छता को लेकर विशेष सावधानी बरतने की अपील**

**फूड पॉइजनिंग जैसी गंभीर समस्याएं तेजी से बढ़ती है**

### इन खाद्य पदार्थों से बनाएं दूरी

विशेषज्ञों ने मानसून के दौरान गोलगप्पे, पहले से कटे फल, गन्ने का रस, खुली चटनी, सलाद और असुरक्षित पानी से बने पेय पदार्थों से दूरी बनाने की सलाह दी है। इसके बजाय ताजा एवं गरमा-गरम भोजन, भुट्टा, केला जैसे साबुत फल और सीलबंद पेय पदार्थों को सुरक्षित विकल्प बताया गया है।

### लक्षण दिखें तो तुरंत लें चिकित्सकीय सलाह

डॉ. प्रजापति ने बिना चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन न करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि लगातार तेज बुखार, मल में खून, बार-बार उल्टी, शरीर में पानी की कमी या पेशाब कम आने जैसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। उनका कहना है कि अधिकांश संक्रामक रोगों का इलाज संभव है, लेकिन सावधानी और बचाव ही सबसे प्रभावी उपाय है।

## ऑटो इंडस्ट्री की संस्था सियाम ने जारी किए ताजा आंकड़े

# ऑटो सेक्टर में बंपर उछाल, जून में 24 प्रतिशत बढ़ी पैसेंजर कारों की बिक्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए जून 2026 का महीना बेहद शानदार रहा है। देश में जून 2026 के दौरान पैसेंजर व्हीकल, टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर की बिक्री में जोरदार बढ़त दर्ज की गई है। ऑटो इंडस्ट्री की संस्था सियाम के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू बाजार में वाहनों की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। घरेलू बाजार के साथ-साथ विदेशों में भी भारतीय गाड़ियों की डिमांड तेजी से बढ़ी है, जिससे पूरी इंडस्ट्री की रफ्तार को नई ताकत मिली है।

सियाम के अनुसार, जून 2026 में कंपनियों ने डीलरों को 3,88,144 पैसेंजर व्हीकल भेजे। पिछले साल जून में यह संख्या 3,12,851 थी। यानी इस बार पैसेंजर व्हीकल की बिक्री में सालाना आधार पर 24.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इससे साफ है कि कारों की मांग में अच्छी तेजी बनी हुई है।

**घरेलू बाजार में वाहनों की मांग मजबूत बनी हुई है**

**विदेशों में भी भारतीय गाड़ियों की डिमांड तेजी से बढ़ी है**

**भारतीय कारों की मांग में अच्छी तेजी देखी गई**

### थ्री-व्हीलर और ई-रिक्शा की रफ्तार भी तेज

कमर्शियल और पैसेंजर थ्री-व्हीलर मार्केट में भी ग्राहकों ने खूब दिलचस्पी दिखाई है। जून 2026 में थ्री-व्हीलर की बिक्री में भी अच्छी तेजी देखने को मिली। इसकी बिक्री 26.1 फीसदी बढ़कर 77,951 यूनिट रही। पिछले साल इसी महीने यह आंकड़ा 61,828 यूनिट था। इस दौरान पैसेंजर थ्री-व्हीलर की बिक्री 25 फीसदी बढ़कर 64,181 यूनिट पहुंच गई। वहीं सामान ढोने वाले थ्री-व्हीलर की बिक्री 29.4 फीसदी बढ़कर 11,828 यूनिट रही। ई-रिक्शा की बिक्री में भी 52.4 फीसदी की मजबूत बढ़त दर्ज की गई और इसकी बिक्री 1,590 यूनिट तक पहुंच गई।



### विदेशों में भी बढ़ी भारतीय गाड़ियों की डिमांड

घरेलू बाजार के साथ-साथ भारत से वाहनों का एक्सपोर्ट भी तेजी से बढ़ा है। जून 2026 में कुल वाहन एक्सपोर्ट 34 फीसदी बढ़कर 6,73,105 यूनिट रहा। टू-व्हीलर एक्सपोर्ट 40.2 फीसदी बढ़कर 5,43,684 यूनिट पहुंच गया। थ्री-व्हीलर एक्सपोर्ट में 39.7 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई और यह 51,950 यूनिट रहा। वहीं पैसेंजर व्हीकल एक्सपोर्ट लगभग स्थिर रहा और इसकी संख्या 76,601 यूनिट दर्ज की गई।

### एसयूवी की मांग सबसे ज्यादा

पैसेंजर व्हीकल में सबसे ज्यादा मांग यूटिलिटी व्हीकल यानी एसयूवी की रही। जून में एसयूवी की बिक्री 19.9 फीसदी बढ़कर 2,17,228 यूनिट पहुंच गई। वहीं पैसेंजर कार की बिक्री 15.7 फीसदी बढ़कर 98,610 यूनिट रही। वैन की बिक्री भी 9.5 फीसदी बढ़कर 10,230 यूनिट तक पहुंच गई।

### टू-व्हीलर की बिक्री में भी अच्छी तेजी

*त्योहारी सीजन से पहले टू-व्हीलर बाजार में भी तगड़ी रौनक लौट आई है। जून 2026 में टू-व्हीलर की बिक्री भी मजबूत रही। इस दौरान कंपनियों ने 18,51,400 टू व्हीलर डीलरों को भेजे, जबकि पिछले साल जून में यह संख्या 15,61,283 थी। यानी टू-व्हीलर की बिक्री में 18.6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। टू-व्हीलर में सबसे ज्यादा तेजी स्कूटर की बिक्री में देखने को मिली। जून में स्कूटर की बिक्री 39.1 फीसदी बढ़कर 7,44,823 यूनिट पहुंच गई। वहीं मोटरसाइकिल की बिक्री 6.4 फीसदी बढ़कर 10,56,422 यूनिट रही। मोपेड की बिक्री में भी 50.4 फीसदी की शानदार बढ़त दर्ज हुई और यह 50,155 यूनिट तक पहुंच गई।*

# अब एआई की तरफ बढ़ रहे विप्रो के ग्राहक : प्रेमजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- मुख्य कारोबारी प्रक्रियाओं का हिस्सा बना रहे एआई को
- आईटी क्षेत्र में अभ भी सतर्कता का माहौल है

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो के कार्यकारी चेयरमैन रिशद प्रेमजी ने बुधवार को कहा कि अब ग्राहक कृत्रिम मेधा (एआई) को प्रारंभिक परीक्षण परियोजनाओं तक सीमित रखने की जगह अपनी मुख्य कारोबारी प्रक्रियाओं का हिस्सा बना रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में अब भी सतर्कता का माहौल है और कंपनियां लागत को कम करने एवं दक्षता बढ़ाने पर खास ध्यान दे रही हैं।प्रेमजी ने विप्रो की 80वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते वर्ष में एआई और आधुनिकीकरण को लेकर चर्चा तेज रही, लेकिन कंपनियां सतर्क बनी रहीं और दक्षता, एकीकरण एवं लागत नियंत्रण को प्राथमिकता दी। रिशद ने कहा, /"एआई हमारे समय के सबसे बुनियादी बदलावों में से एक है। इससे जहां कार्यकुशलता बढ़ रही है, वहीं नवाचार, रूपांतरण एवं वृद्धि के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। साथ ही आंकड़ों, आधुनिकीकरण और एआई-आधारित प्रौद्योगिकी सेवाओं की मांग भी तेज हो रही है।/" प्रेमजी ने कहा कि अब ध्यान प्रयोग से आगे बढ़कर वास्तविक क्रियान्वयन पर आ गया है। प्रेमजी ने कहा, /"हमारे ग्राहक प्रारंभिक परीक्षण चरण से आगे बढ़ चुके हैं और एआई को अपने मुख्य परिचालन का हिस्सा बना रहे हैं। इसका असर हमें काम की प्रकृति में बदलाव के रूप में दिखाई दे रहा है।/"

### एक माह की योजना अब पांच दिन में पूरी हो रही

कंपनी ने आंतरिक तौर पर एआई लागू कर अपनी मासिक वित्तीय समापन प्रक्रिया को घटाकर सिर्फ आठ घंटे कर दिया है, जबकि पहले एक महीने में बनने वाली योजना अब पांच दिन में पूरी हो रही है। प्रेमजी ने कहा कि एआई आधुनिकीकरण की गति और लागत संरचना दोनों को बदल रही है और इससे वृद्धि के नए रास्ते खुल रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### रुपया 16 पैसे टूटकर 96.32 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 16 पैसे की गिरावट के साथ 96.32 प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और डॉलर के कमजोर होने से रुपये में गिरावट सीमित रही।

### सिग्नेचर ग्लोबल का कर्ज बढ़कर 390 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में शुद्ध कर्ज बढ़कर 390 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च 2026 के अंत में 200 करोड़ रुपये था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, '30 जून, 2026 तक कंपनी के पास नकदी तथा बैंक में जमा राशि 2,522 करोड़ रुपये थी।

### कडपा में डालमिया सीमेंट संयंत्र की आधारशिला रखी गई



**कडपा (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने बुधवार को डालमिया भारत कंपनी के 3,100 करोड़ रुपये से प्रस्तावित दूसरे सीमेंट विनिर्माण संयंत्र की यहां आधारशिला रखी। कंपनी का यह नया संयंत्र हरित सीमेंट उत्पादन के लिए तैयार किया जा रहा है और इसके 2027-28 की तीसरी तिमाही तक चालू होने की उम्मीद है।

### कुसुमगर का शेयर 44% चढ़कर हुआ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** खास तरह का कपड़ा बनाने वाली कंपनी कुसुमगर लिमिटेड का शेयर बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद निर्गम मूल्य 419 रुपये के मुकाबले 44 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 419 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 36.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 574 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

### आईजीएक्स ने आईपीओ के लिए दस्तावेज किए दाखिल

**नई दिल्ली।** इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड ने आईपीओ लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। आईजीएक्स, देश का पहला ऑनलाइन डिलीवरी-आधारित प्राकृतिक गैस कारोबार मंच है। प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश पर आधारित होगा। इसके तहत प्रवर्तक इंडियन एनर्जी एक्सचेंज लिमिटेड (आईईएक्स) 1.67 करोड़ तक शेयर बेचेगी। आईपीओ के बिक्री पेशकश पर आधारित होने के कारण इससे आईजीएक्स को कोई राशि प्राप्त नहीं होगी।

# गौतम अदाणी का अमेरिकी अदालत में हलफनामा पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- आरोप हटाने के पीछे कोई सौदा या समझौता नहीं
- इस संबंध में किसी भी तरह के लेन-देन की जानकारी नहीं

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने इस बात से इनकार किया है कि उनके खिलाफ आपराधिक आरोपपत्र को खारिज करने के अमेरिकी न्याय विभाग के फैसले के पीछे कोई वादा, समझौता या सौदा था। इसके साथ ही अमेरिकी अदालत में दाखिल हलफनामे में उन्होंने कहा है कि उन्हें इस संबंध में किसी भी तरह के लेन-देन की जानकारी नहीं है।

यह हलफनामा अमेरिका में न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले की जिला अदालत के न्यायाधीश निकोलस गराउफिस के निर्देश पर दाखिल किया गया है। जिला न्यायाधीश ने आठ जुलाई को अदाणी से शपथ लेकर यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या आरोपों को वापस लेने के फैसले के संबंध में उन्हें किसी प्रस्ताव, समझौते या लाभ की जानकारी है। अदाणी ने अपने हलफनामे में कहा है कि उन्हें 'किसी भी तरह के वादे, पेशकश, मांग, प्राप्ति, सहमति या स्वीकार' के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि आरोप हटाने के बदले में किसी मूल्यवान चीज के आदान-प्रदान से जुड़ा कोई समझौता हुआ था। अमेरिकी न्याय विभाग ने वर्ष 2024 में तत्कालीन जो बाइडेन प्रशासन के दौरान दायर आरोपों को वापस लेने का अदालत से अनुरोध किया था।

### मामले को खत्म करने निवेश प्रतिबद्धताओं से जोड़ा गया

इससे पहले चार जुलाई को दायर एक हलफनामे में न्याय विभाग ने मीडिया में आई उन खबरों को खारिज किया था, जिनमें मामले को खत्म करने को निवेश प्रतिबद्धताओं से जोड़ा गया था। विभाग ने कहा था कि अभियोजन कानूनी और साक्ष्य संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा था, क्योंकि कथित घटनाएं मुख्य रूप से भारत में हुई थीं, निवेशकों को नुकसान का कोई प्रमाण नहीं था और मामला भारत में भी जांच के दायरे में है।

## सोना स्थिर, चांदी में रही गिरावट



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं, जबकि स्थानीय मांग कमजोर होने के कारण चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले दिन के 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) के स्तर पर ही बनी रही। हालांकि, चांदी की कीमत 100 रुपये टूटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जबकि मंगलवार को यह 2,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों का कहना है कि आभूषण विक्रेताओं और औद्योगिक लिवालों की ओर से कम लिवाली के कारण घरेलू बाजार में कीमती धातुओं की कीमतें एक दायरे में बनी रहीं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 23.30 डॉलर या 0.57 प्रतिशत गिरकर 4,029.66 डॉलर प्रति औंस रह गया और चांदी लगभग एक प्रतिशत के नुकसान के साथ 58.26 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

# भारत-यूके फ्री ट्रेड से रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर जैसी लग्जरी कारें होंगी सस्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आप रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर,जैगुआर, एस्टन मार्टिन जैसी लग्जरी कार खरीदने का सपना देख रहे हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। भारत-यूके के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) 15 जुलाई से लागू हो गया है।

इस समझौते का सबसे बड़ा असर ऑटोमोबाइल सेक्टर पर देखने को मिलेगा। अब यूके से भारत आने वाली कई लग्जरी कारों पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी कम हो जाएगी। इसका असर आने वाले समय में इन कारों की कीमतों पर भी दिख सकता है। भारत-यूके एफटीए के तहत अब यूके में बनी और पूरी तरह तैयार होकर आने वाली लग्जरी कारों पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी को 110 फीसदी से घटाकर सीधे 30 फीसदी कर दी गई है। यह राहत पहले साल 20,000 कारों के तय कोटा पर मिलेगी। यही वजह है कि रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर, जगुआर, एस्टन मार्टिन और बेंटले जैसे ब्रिटिश ब्रांड की कारें पहले के मुकाबले कम कीमत पर मिल सकती हैं।



## जैकेट के शेष

### देवभोग से पुरी ....

भेजेगे। यह परंपरा आज भी कायम है और इसी परंपरा के कारण देवभोग नाम पड़ा। देवभोग के इस अनोखे मंदिर की आधारशिला 1854 में तत्कालिक मालगुजार रामचंद्र बेहेरा द्वारा रखी गई और बलभद्र बेहरा द्वारा पूर्ण की गई। तब इन्हीं पूरे 84 गांवों के लोगों ने श्रमदान करने के साथ ही बेल का गुदा, चिवड़ा, मुर्रा और रेगटा (एक विशेष प्रकार के पत्थर) का चूर्ण पीसकर मंदिर का निर्माण शुरू किया, जो 46 वर्षों की अथक मेहनत के बाद जाकर पूर्ण हुआ। इसके बाद 1901 में पहली बार नेत्रोत्सव के साथ ही भगवान की रथयात्रा देवभोग में निकाली गई। जो आज भी विधि-विधान के साथ लगातार जारी है। **भगवान को देते हैं लगान** : पुराने जमाने में राजा महाराजाओं और अंग्रेज लगान वसूलते थे। मौजूदा समय में सरकारें टैक्स वसूलती हैं। देवभोग में विराजे भगवान जगन्नाथ आज भी उन 84 गांव के लोगों से लगान वसूलते हैं। लगान देने की ये परंपरा 125 साल से निरंतर चली आ रही है। लगान के रूप में चावल और मूंग लिया जाता है। यहां से वसूला गया लगान ओडिशा के पुरी के विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ मंदिर जाता है और फिर उसी सुगंधित चावल और मूंग का भोग पुरी के जगन्नाथ मंदिर में लगाया जाता है। बता दें कि भक्त खुद ही अपने स्वेच्छा से यहां लगान भरने आते हैं। इन पर कोई दबाव नहीं डाला जाता है। **मंदिर की स्थापना की कहानी** : मंदिर की स्थापना की कहानी भी दिलचस्प है। 18वीं शताब्दी में टेमरा गांव के रामचंद्र बेहेरा तीर्थ यात्रा से लौटते वक्त पुरी से भगवान जगन्नाथ की मूर्ति साथ लाए थे। उन्होंने मूर्ति को झराबहाल गांव के एक पेड़ के नीचे स्थापित कर पूजा शुरू की। जब यह बात तत्कालीन जमींदारों तक पहुंची तो उन्होंने मूर्ति की शक्ति की परीक्षा एक सभा में की बताते हैं कि परिणाम चौंकाने वाले थे, जिसके बाद उन्होंने मंदिर निर्माण का निर्णय लिया। 1854 में मंदिर निर्माण शुरू हुआ और 1901 में जाकर पूर्ण हुआ तबसे यहां धूमधाम से नेत्रोत्सव और रथयात्रा का पर्व मनाया जाता है।

### भारत और यूके में ...

मूल्य (ट्रेड वैल्यू) को कवर करता है। सरकार का मानना है कि इससे भारतीय उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी, निर्यात को नई गति मिलेगी, निवेश आकर्षित होगा और दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी पहले से अधिक मजबूत होगी। सीईटीए को केवल व्यापार समझौता नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई व्यापक आर्थिक साझेदारी माना जा रहा है। समझौते के तहत वस्तुओं के साथ-साथ सेवाओं के क्षेत्र में भी भारत को अब तक की सबसे महत्त्वाकांक्षी बाजार पहुँच (मार्केट एक्सेस) में से एक मिलेगी।

### ये हो होंगे सस्ते....

00 ब्रिटेन के कॉस्मेटिक्स, मेडिकल उपकरण और एयरोस्पेस पार्ट्स पर कम टैरिफ से ये सामान सस्ते होंगे। टैरिफ 15% से घटकर 3% पर आ जाएगा।
00 ब्रिटेन से आने वाले ब्रांडेड कपड़े, फैशन प्रोडक्ट्स और होमवेयर भी सस्ते होंगे। वहीं फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स भी कम कीमत पर मिलेंगे।

### टैंकर ने स्कूटी ....

का आक्रोश फूट पड़ा और लोगों ने कटघोरा अंबिकापुर मुख्यमार्ग में चक्काजाम कर दिया। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद प चक्काजाम समाप्त कराया। जानकारी के अनुसार बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोनकोना निवासी दशरथ कुमार उम्र 15 वर्ष एवं रवीना उम्र 13 वर्ष पिता मंडलाल व विवेक कुमार 12 वर्ष पिता सुनील कुमार सुबह 9.30 बजे स्कूटी क्रमांक सीजी 12 एवाई 2443 में सवार होकर कोनकोना से किसी काम से पोड़ी उपरोड़ा आए थे तीनों एक्टिवा से वापस कोनकोना लौट रहे थे तभी कटघोरा की ओर से जा रहे टैंकर क्रमांक सीजी 07 सीजी 2765 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया।

### कोलकाता के हवाला ....

उनके परिवार और उससे जुड़ी कंपनियों की 940.77 करोड़ रुपए मूल्य की चल और अचल संपत्तियां कुर्क की है। इनमें दिल्ली और अन्य स्थानों पर स्थित आवासीय संपत्तियां, जमीन, करोड़ों रुपए के शेयर, प्रतिभूतियां तथा अन्य निवेश शामिल हैं। **कई कंपनियों के जरिए की गई लेयरिंग** : जांच में सामने आया है कि सट्टे की रकम को सीधे निवेश नहीं किया गया, बल्कि पहले उसे कई कंपनियों और वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से घुमाया गया। इस प्रक्रिया को मनी लॉन्ड्रिंग में लेयरिंग कहा जाता है। इसके बाद रकम का उपयोग शेयर खरीदने, कंपनियों में निवेश करने, जमीन खरीदने और अन्य परिसंपत्तियां अर्जित करने में किया गया।

### डिजिटल मूल्यांकन से ....

डिजिटल जांच प्रक्रिया है, जिसमें शिक्षक छात्रों की भौतिक उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों को कंप्यूटर स्क्रीन पर देखकर जांचते हैं, न कि कागज की मूल उत्तर पुस्तिकाओं पर। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा, छोटे बच्चों में हताशा का स्तर देखिए। कोर्ट ने इस मामले में सॉलिसिटर जनरल की सहायता लेने की बात कही।

### कोर्ट ने मांगी जानकारी

सुप्रीम कोर्ट ने अब सॉलिसिटर जनरल से सीबीएसई द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देने को कहा है और मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह तय की है। यह जनहित याचिका राकेश बिजोला की ओर से अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शुक्ला के माध्यम से दायर की गई है।

### राज्यपाल ने ....

अनूप जलोटा की 'भजन संध्या' का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा, छत्तीसगढ़ विधान सभा में संसदीय दायित्वों को परिमार्जित करने के उद्देश्य से उत्कृष्ट विधायक एवं उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार को सम्मानित करने का यह कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, विधान सभा राज्य की सबसे बड़ी जनप्रतिनिधि सभा है। यह एक ऐसा पवित्र सदन है, जहां से राज्य के विकास का रास्ता सुनिश्चित होता है। छत्तीसगढ़ विधान सभा ने राज्य के विकास और नागरिकों के हित के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता से ऊपर उठकर आपसी सद्भाव की आधारशिला रखी है।

**छत्तीसगढ़ के सभी 90 विधायक श्रेष्ठ- रमन** : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, छत्तीसगढ़ विधानसभा के सभी 90 विधायक श्रेष्ठ हैं, जो प्रदेश की तीन करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, उत्कृष्टता अलंकरण पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य संसदीय मूल्यों को अलंकरण और अधिक मजबूती देना है, जिससे कि भविष्य में भी हमारी विधानसभा का संसदीय वातावरण अन्य संसदीय निकायों के लिए एक आदर्श बन सके। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा ने संसदीय मूल्यों को संरक्षित रखते हुए, अपने कार्यकरण से श्रेष्ठता के उच्च मानकों को स्पर्श किया है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की विधान सभा ने अपने गठन के साथ ही कई संसदीय परम्पराओं एवं उच्च मापदण्डों को स्थापित किया है। उन्होंने कहा, पक्ष एवं प्रतिपक्ष के सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर मत वैभिन्य के होते हुये भी सभा में अपने विचारों के माध्यम से शासन को मार्गदर्शन दिया और फलस्वरूप शासन व्यवस्था को न केवल सुदृढ़ किया, अपितु कई सुधारात्मक और जनकल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने में भी अपनी भूमिका निभायी।

### मुख्यमंत्री ने दी ....

उठाया। इससे हमारे युवा विधायकों को सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, पुरस्कृत पत्रकारों ने भी सभा की कार्यवाही की रिपोर्टिंग में उत्कृष्ट संसदीय परम्पराओं का पालन करते हुए अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है ।

## राजस्थान में 57 करोड़ का 'गौ-अनुदान घोटाला'!

# मरी हुई गायों के नाम पर भी उठता रहा सरकारी पैसा, एजी रिपोर्ट से बड़ा खुलासा

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में गोवंश संरक्षण के नाम पर सरकारी अनुदान के इस्तेमाल को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। महालेखाकार (एजी) की जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वर्ष 2023-24 के दौरान कई गोशालाओं को ऐसे गोवंश के नाम पर भी सरकारी अनुदान जारी कर दिया गया, जिनकी मौत हो चुकी थी या जो पूरी अनुदान अवधि के दौरान गोशालाओं में मौजूद ही नहीं थे। इस खुलासे के बाद सरकारी व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य की कई गोशालाओं ने वास्तविक संख्या से कहीं अधिक गोवंश दिखाकर सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये का अनुदान प्राप्त किया। जांच में यह भी सामने आया कि दैनिक गोवंश विवरण और भारत पशुधन ऐप में दर्ज आंकड़ों में भारी अंतर होने के बावजूद संबंधित रिकॉर्ड का उचित सत्यापन नहीं किया गया और अनुदान जारी होता रहा। महालेखाकार की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इनवैलिड, इनएक्टिव और बिना पंजीकृत टैग वाले गोवंश पर भी अनुदान का भुगतान किया गया। बड़े गोवंश के लिए प्रतिदिन 40 रुपये और छोटे गोवंश के लिए 20 रुपये की दर से सरकारी राशि जारी की गई, जिससे करोड़ों रुपये का अतिरिक्त भुगतान हो गया।

### गोशाला संचालकों ने दी सफाई

इस पूरे मामले पर गोशाला संचालकों ने अपना पक्ष भी रखा है। उनका कहना है कि यह फर्जी अनुदान लेने का मामला नहीं है, बल्कि दस्तावेजों और रिकॉर्ड में कुछ कमियां थीं। उनका दावा है कि संबंधित दस्तावेज और स्पष्टीकरण जांच समिति को सौंप दिए गए हैं और जांच पूरी होने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। फिलहाल एकाउंटेंट जनरल (एजी) रिपोर्ट के सामने आने के बाद पूरे मामले ने प्रदेश में राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों नई बहस छेड़ दी है।

## अहमदाबाद विमान हादसा

# अक्टूबर में आएगी फाइनल ड्राफ्ट रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान हादसे की फाइनल ड्राफ्ट रिपोर्ट इस साल अक्टूबर के अंत तक आने की संभावना है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से जुड़े इस जटिल हादसे की जांच प्रक्रिया करीब 6 हफ्तों में पूरी होने की संभावना है। जबकि फाइनल ड्राफ्ट रिपोर्ट अक्टूबर तक तैयार हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में मृतक पायलट के पिता पुष्कर राज सभरवाल की याचिका पर जवाब देते हुए एएआईबी ने कहा, हादसे की गंभीरता, बड़े पैमाने और कई देशों से जुड़े होने के कारण जांच में अधिक समय लग रहा है।

# नोएडा में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग 2 जिंदा जले

**नई दिल्ली।** नोएडा में बुधवार सुबह 11 बजे 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में 2 लोग जिंदा जल गए। एक बच्चा और एक युवती गंभीर रूप से झुलस गए। फायर ब्रिगेड ने सीढ़ियों के सहारे 50 परिवारों का रेस्क्यू किया। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि बिल्डिंग के बेसमेंट में इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्ज हो रही थी। इसी दौरान उसमें धमाका हुआ और आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। 30 से 40 बाइकें जलकर राख हो गईं। धुआं उठता देखकर बिल्डिंग के आसपास रहने वाले सैकड़ों लोग सड़क पर आ गए। बिल्डिंग के निचले हिस्से में फंसे लोग बाहर निकल गए, लेकिन ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले लोग फंस गए। सूचना पर फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन भीड़ और संकरी गलियों के चलते वे बिल्डिंग तक नहीं पहुंच सकीं। ऐसे में गाड़ियों को सड़क पर ही खड़ा करना पड़ा। इसके बाद पाइप जोड़कर आग पर काबू पाया गया। इसमें करीब 3 घंटे लगे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

anagarpalika3@gmail.com

क्र./960 / न.पा./ लो.नि.वि. / 2026-27 — **ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना** — आरंग, दिनांक 15.07.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य की ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख में) | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 195530 | वार्ड क्र. 01 से 09 तक लघुनिर्माण, मरम्मत संधारण, ट्यूबवेल खनन एवं पाईप लाईन विस्तार तथा विद्युत विस्तार एवं संधारण कार्य (PWD ROAD SOR 20.06.2026, BUILDING SOR 10.06.2026, PHE SOR 2020 तथा ELECTRIC SOR 10.06.2026) | 18.00 | 05.08.2026 |
| 2 | 195531 | वार्ड क्र. 10 से 17 तक लघुनिर्माण, मरम्मत संधारण, ट्यूबवेल खनन एवं पाईप लाईन विस्तार तथा विद्युत विस्तार एवं संधारण कार्य (PWD ROAD SOR 20.06.2026, BUILDING SOR 10.06.2026, PHE SOR 2020 तथा ELECTRIC SOR 10.06.2026) | 18.00 | 05.08.2026 |
| 3 | 195534 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Municipal Council Arang under SBM 2.0 (2nd Call) | 573.48 | 31.07.2026 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा निविदा दस्तावेज के संबंध में आवश्यक जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग


## पेज एक के शेष

### गर्भवती और स्तनपान कराने वाली...

लगाना नहीं, बल्कि उच्च जोखिम वाले औद्योगिक कार्यों में उनके स्वास्थ्य और मातृत्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।
राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार पहली बार नियमों में गर्भवती महिला तथा स्तनपान कराने वाली माता की स्पष्ट कानूनी परिभाषा जोड़ी गई है। छह माह तक शिशु को स्तनपान कराने वाली महिला को स्तनपान कराने वाली माता की श्रेणी में रखा गया है। **फैक्ट्री संचालकों की जिम्मेदारी बढ़ी** : संशोधित नियमों के बाद अब फैक्ट्री संचालकों की जिम्मेदारी भी बढ़ जाएगी। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि जहां महिलाओं को नियोजित किया जा रहा है, वहां सभी सुरक्षा उपाय प्रभावी रूप से लागू हों। नियमों का पालन नहीं होने पर कारखाना अधिनियम, 1948 के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

### ऐसे में नहीं लगाया जा सकेगा...

उत्पादन, खतरनाक कीटनाशकों का निर्माण व भंडारण तथा कैंसरकारी डाई इंटरमीडिएट्स जैसे उच्च जोखिम वाले कार्य शामिल हैं।

### देश में ही बनेंगे मोबाइल पुर्जे...

सेमीकंडक्टर उपकरण और सामग्री, फैब्रिकेशन सुविधाएं, अत्याधुनिक पैकेजिंग और परीक्षण, शोध और विकास तथा प्रतिभा विकास पर ध्यान देगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस कार्यक्रम के अंत तक हम स्वदेशी चिप के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाएंगे। सरकार को उम्मीद है कि नई योजना से लगभग चार लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा और योजना अवधि के दौरान दो लाख करोड़ रुपये मूल्य का सेमीकंडक्टर उत्पादन होगा। वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 62,500 करोड़ रुपए की 'मोबाइल फोन विनिर्माण योजना' को भी मंजूरी दी है।

### सामूहिक नकल मामले में...

जांच की प्रोग्रेस और उसके अनुसार की गई कार्रवाई बताई जाएगी। अगर जांच पूरी हो जाती है, तो उसका आखिरी नतीजा भी संबंधित ऑर्डर के साथ रिकॉर्ड में लाया जाएगा। अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।

### बुजुर्ग दंपती की हत्या के...

टीम घटना की जांच कर रही है। मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम भी जांच कर रही थी। पुलिस डॉग आसपास ही घूम रहा था। दो संदेहियों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना मंगलवार की रात की है। बुधवार की सुबह जब काम करने वाला घर आया तो उसके होश उड़ गए। उसने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों लाश पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया था। बुजुर्ग के परिवार को इसकी सूचना दी गई । जानकारी के अनुसार मूल निवासी घरघोड़ा ब्लॉक के औरानारा के बुजुर्ग दंपती मंगल राठिया 65 और उसकी पत्नी पुनाई बाई राठिया 55 दोनों खेती करने कुछ दिन पहले धरमजयगढ़ के क्रोंधा गांव के देवमारीडांड गए थे। वहां मंगलवार की रात अज्ञात आरोपी ने दोनों पति-पत्नी की हत्या कर आग लगा दी। सुबह वहां काम करने वाला रामलाल चौहान 35 निवासी क्रोंधा बौधपारा निवासी जब पहुंचा तो वहां का नजारा देख उसके होश उड़ गए। दोनों बुजुर्गों का शव आसपास पड़ा था और आधा जला हुआ था। सभी घर खुले हुए थे और एक घर से धुंआ उठ रहा था। उसने किसी तरह अपने आप को संभाला और इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। **शव के पास दिखे खून के छींटे** : घटना के बाद पूरे गांव के लोग वहां पहुंच गए। पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने पहले तो दोनों शव को पीएम के लिए भेजा और आसपास जांच की। जहां शव पड़ा था वहां खून के छींटे भी पुलिस को नजर आई। ऐसे में पुलिस भी हत्या की आशंका जताते हुए इसी नजरिए से जांच शुरू की। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई।

### रोहतक की गुंगुन ने रहीं ....

परीक्षार्थी अपने विषयवार अंकों सहित ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट भी डाउनलोड कर सकते हैं।आईसीएसआई ने बताया कि जून 2026 सत्र की सीएसईईटी परीक्षा 1 से 4 जून 2026 के बीच आयोजित की गई थी। परीक्षा परिणाम 15 जुलाई को नई दिल्ली में जारी किए गए। परिणाम के साथ प्रत्येक अभ्यर्थी के विषयवार अंक भी ऑनलाइन उपलब्ध कराए गए हैं।

### आईआरसीटीसी ...

आईआरसीटीसी की नई वेबसाइट को यूजर एक्सपीरियंस बेहतर बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसमें आसान नेविगेशन, साफ-सुथरा इंटरफेस और टिकट बुकिंग प्रक्रिया को सरल बनाने पर जोर दिया गया है।


## कार्यालय नगर पंचायत गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक / 1049 / लो.नि.वि./ न.पं./ 2026-27 — गीदम, दिनाँक 14.07.2026

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

**Main Portal https://eproc.cgstate.gov.in**

नगर पंचायत गीदम द्वारा छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था-ई रजिस्ट्रेशन में "डी" एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ई-टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | निविदा राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 195441 | आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य वार्ड क्र. 01 | 28.20 | 22000.00 |

निविदा प्रपत्र पर ऑनलाईन वेबसाईट Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 14/07/2026 को सांय 8.00 बजे से देखे/क्रय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सके हैं। अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपरोक्त वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है। धरोहर (अमानत) राशि एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस हेतु निर्धारित राशि को ऑन लाईन जमा कर पावती को सिस्टम टेण्डर में अपलोड करना अनिवार्य है। किसी प्रकार की संशोधन किये जाने पर पृथक से सूचना प्रकाशित नहीं की जायेगी, कृपया वेबसाईट का अवलोकन कर निविदा की कार्यवाही करें।

टीपः- निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों को उक्त वेबसाईट में पंजीकरण अनिवार्य है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत गीदम,
जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कम्पनी लिमिटेड

**बिजली बिल संबंधित शिकायत निवारण शिविर 2026**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि धमतरी शहर में बिजली बिल संबंधित शिकायतों का त्वरित निवारण एवं पी. एम. सूर्यघर सोलर योजना के पंजीयन हेतु विभिन्न वार्डो में निम्नांकित तिथि में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण करावें।

| शिविर दिनांक | स्थान | वार्ड |
|---|---|---|
| 17.07.2026 | पॉवर हाउस बठेना | बठेना वार्ड, सरदार पटेल वार्ड औद्योगिक वार्ड, नवागांव वार्ड, मकेश्वर वार्ड |
| 20.07.2026 | नंदी चौक कोष्टापारा | श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, महंत घासीदास वार्ड, कोष्टापारा वार्ड, जालमपुर वार्ड |
| 22.07.2026 | सत्संग भवन गोकुलपुर | रामपुर वार्ड गोकुलपुर वार्ड मराठापारा वार्ड, महात्मागांधी वार्ड बांसपारा वार्ड, |
| 24.07.2026 | सामुदायिक भवन | सदर दक्षिण, दानीटोला, विन्ध्यवासिनी, ब्राम्हणपारा महिमासागर वार्ड |
| 27.07.2026 | रंगमंच जोधापुर | जोधापुर वार्ड, सोरिद, डाकबंगला वार्ड, अंबेडकर वार्ड, विवेकानंद वार्ड, |
| 29.07.2026 | गुजराती भवन बनियापारा | मोटर स्टैण्ड वार्ड, सदर उत्तर वार्ड, टिकरापारा वार्ड, आमापारा, बनियापारा |
| 31.07.2026 | रंगमंच नयापारा | रिसाईपारा वार्ड, पोस्टआफिस वार्ड रिसाईपारा पूर्व, रामसागरपारा, नयापारा वार्ड |

कार्यपालन अभियंता(सं./सं.) संभाग
छ.स्टे. पॉ.डि.कं. लि. धमतरी


## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

# 1 करोड़ डॉलर के साथ पकड़ा गया था विदेशी

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा की अवैध नकद सप्लाई से जुड़े रैकेट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को चेन्नई में कई ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (एफईएमए) के तहत की जा रही है। जांच एजेंसियों ने पिछले सप्ताह चेन्नई में सेनेगल के एक नागरिक को लगभग 1 करोड़ रुपये मूल्य के अमेरिकी डॉलर के साथ पकड़ा गया था। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि विदेश से संचालित एक नेटवर्क के जरिए चेन्नई की कुछ स्थानीय संस्थाओं को नियमित रूप से विदेशी मुद्रा नकद में पहुंचाई जाती थी। इसी जानकारी के आधार पर ईडी ने कम से कम तीन ऐसे संस्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया है, जिन पर विदेशियों से नकद विदेशी मुद्रा प्राप्त करने का आरोप है।


## कार्यालय नगर पंचायत बस्तर, जिला बस्तर (छ.ग.)

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

**Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in**

क्रमांक/ 588/ न.पं./ लो.नि.वि./ 2026 — बस्तर, दिनांक 15/07/2026

नगर पंचायत बस्तर द्वारा ई-प्रोक्योमेंट में पंजीकृत व्यक्ति/ फर्म/ कम्पनी जो पंजीकृत व्यवस्था- ई रजिस्ट्रेशन में "डी" एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत, निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | ई-टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | निविदा राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 195563 | मुक्तिधाम उन्नयन कार्य वार्ड क्र.- 13 | 68.50 | 51500.00 |

निविदा प्रपत्र पर ऑनलाईटन वेबसाइट : Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर दिनांक 06.08.2026 को सांय 5.30 बजे तक देखे/ क्रय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सके हैं। अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपरोक्त वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है। धरोहर (अमानत) राशि एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस हेतु निर्धारित राशि को ऑन लाईन जमा कर पावती को सिस्टम टेण्डर में अपलोड करना अनिवार्य है ।

टीपः- निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों को उक्त वेबसाईट में पंजीकरण अनिवार्य है ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बस्तर



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांन्समिशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (CIN ): U40108CT2003SGC015820 GSTIN NO. 22AADCC5773E1ZX
कार्यालय : अधीक्षण अभियंता (उपकेन्द्र) वृत्त : भिलाई-3 पता – बिजली नगर, जी0ई0रोड भिलाई-3 (छ0ग0) पिन – 490021
वेब साईट – cspc.co.in Email – SESSOnM.Bhilai@cspc.co.in टेली / फैक्स – 0788-2281561,

क्रमांकः 10-70 / वाहन / 2026 / 550 — भिलाई, दिनांकः 14.07.2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

• अधीक्षण अभियंता (उपकेन्द्र) वृत्त छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0 कं. लिमि., भिलाई के कार्यालीयन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier jeep) श्रेणी या समकक्ष वाहन चालक सहित के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु निविदा आमंत्रण सूचना •

अधीक्षण अभियंता (उपकेन्द्र) वृत्त छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0 कं. लिमि., भिलाई के कार्यालीयन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier jeep) श्रेणी या समकक्ष वाहन चालक सहित के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु पंजीकृत / उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाऐ आमंत्रित की जाती है ।


| क्र. | कार्य का विवरण | आवश्यक संख्या | निविदा का मूल्य | बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | अधीक्षण अभियंता (उपकेन्द्र) वृत्त छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0 कं. लिमि., भिलाई के कार्यालीयन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier jeep) श्रेणी या समकक्ष वाहन चालक सहित के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु । | 01 नग | रू. 1695.00 + 305.00 (18% जी.एस.टी.) = 2000.00 ( वापसी योग्य नही) | रू. 23800.00 ( वापसी योग्य ) |
| अ | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | | दिनॉक 03 / 08 / 2026 समय 17:00 बजे तक | |
| ब | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | | दिनॉक 04 / 08 / 2026 समय 15:00 बजे तक | |
| स | निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय | | दिनॉक 04 / 08 / 2026 समय 16:00 बजे तक | |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है– http:cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है। छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0 कं. लिमि., भिलाई

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें

अधीक्षण अभियंता (उपकेन्द्र)वृत्त
छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रांस0कं.लिमि. भिलाई-3


## शब्द पहेली - 6288



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली- 6287 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | ■ | ब | स | ■ | धा | गा | ■ | ह | य |
| व | ह | म | ■ | ब | म | ■ | ना | ला | ■ | ह |
| ■ | न | म | न | ■ | जा | न | ■ | र | मा | ■ |
| ना | ■ | ता | क | त | ■ | शा | न | ■ | ता | त |
| क | मी | ■ | ल | ल | ना | ■ | म | न | ■ | न |
| ■ | न | ख | ■ | वा | च | क | ■ | ल | क्ष | ■ |
| स | ■ | र | वा | ■ | ना | म | क | ■ | मा | दा |
| खा | द | ■ | त | र | ■ | र | ह | न | ■ | म |
| ■ | म | स्त | ■ | मा | न | ■ | या | ह | क | ■ |
| दा | ■ | र | स | ■ | या | र | ■ | र | च | ना |
| स | दा | ■ | च | क्षु | ■ | न | भ | ■ | य | ल |

## सूडोकु नवताल - 6298

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6297 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |



## मेरे लिए फिटनेस का मतलब है हेल्दी-एक्टिव-एनर्जेटिक रहना

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'हस्तिनापुर के वीर' में गुरु द्रोणाचार्य की भूमिका जितेन लालवानी निभा रहे हैं। शो में उनकी बॉडी बहुत फिट और टोंड दिख रही है। इसे मेंटेन करने के लिए वे किस तरह का डाइट प्लान और वर्कआउट रूटीन फॉलो करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।



**फिटनेस फंडा**

जितेन लालवानी

मेरे लिए फिटनेस का मतलब सिर्फ मसल्स बनाना नहीं है, बल्कि हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहना है, ताकि मैं स्क्रीन पर ही नहीं अपनी निजी जिंदगी में भी अपना बेस्ट दे सकूं।

**डाइट प्लान:** मैं आमतौर पर एक दिन में 2,000 से कम कैलोरी लेता हूं। हालांकि जब मेरा लक्ष्य मसल्स गेन करना था, तब मैंने अपनी कैलोरी बढ़ाकर लगभग 2,800-3,000 प्रतिदिन कर दी थी। मैं मोस्टली वेजीटेरियन हूं, इसलिए प्रोटीन के लिए मुख्य रूप से पनीर, दाल, सोया चंक्स और अंडों पर निर्भर रहता हूं। मैं दिन में तीन बार भोजन करता हूं और कोशिश करता हूं कि रात का खाना जल्दी खा लूं। अगर रात में 9 बजे से ज्यादा लेट हो जाता है तो मैं आमतौर पर डिनर छोड़ देता हूं।

**वर्कआउट रुटीन:** मैं सप्ताह में कम से कम 4-5 दिन वर्कआउट करता हूं। मेरा रुटीन इस प्रकार का होता है-

सोमवार को लेग्स स्ट्रेंथनिंग। मंगलवार को चेस्ट, शोल्डर्स और ट्राइसेप्स। बुधवार को बैक और बाइसेप्स। गुरुवार को एब्स और कार्डियो। शुक्रवार को फिर लेग्स स्ट्रेंथनिंग। शनिवार को फुल अपर बॉडी वर्कआउट। जिम के अलावा मैं हर शाम अपने शेड्यूल के अनुसार 5,000 से 10,000 स्टेप्स वॉक भी करता हूं।

मैं हमेशा अपने साथ एक रेजिस्टेंस बैंड भी रखता हूं। अगर किसी दिन जिम जाना संभव नहीं हो पाता, तो मैं अपने मेकअप रूम में ही कुछ सेट्स पुश-अप्स और रेजिस्टेंस बैंड की बेसिक एक्सरसाइज कर लेता हूं, ताकि मेरा वर्कआउट मिस न हो।

**मैनेज करता हूं टाइम:** अगर मैं सिर्फ एक शो को शूट कर रहा होता हूं, तो फिटनेस के लिए समय निकालना अपेक्षाकृत आसान होता है, क्योंकि आमतौर पर महीने में 15-20 दिन ही शूटिंग करनी होती है। लेकिन जब एक साथ दो शो कर रहा होता हूं, तब टाइम मैनेजमेंट करना थोड़ा चैलेंजिंग हो जाता है। दो शोज को साथ में मैनेज करना मुश्किल जरूर होता है, लेकिन मैं उसे भी पूरी पॉजिटिविटी के साथ निभाता हूं और जो भी जितना भी टाइम मिलता है, उसमें वर्कआउट करता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मैं खुद को हमेशा एक्टिव और बिजी रखने की कोशिश करता हूं। नियमित वर्कआउट करता हूं, वॉक करता हूं और अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताता हूं। साथ ही, मैं हमेशा कुछ नया सीखने की कोशिश करता हूं, चाहे वह अभिनय से जुड़ा हो या जीवन से, क्योंकि नई चीजें सीखना मुझे प्रेरित करता है। बेशक हर किसी की जिंदगी में तनाव वाले दिन आते हैं, लेकिन मैंने यह सीख लिया है कि नकारात्मकता को ज्यादा देर तक अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। मैं उन चीजों पर ध्यान देता हूं, जो मेरे नियंत्रण में हैं, हर दिन के लिए आभारी रहता हूं और एक-एक दिन करके आगे बढ़ता हूं। यही संतुलन मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखता है।

**फिटनेस आइडल:** ऐसे कई लोग हैं, जिनसे मैं इंस्पायर होता हूं। लेकिन अगर मुझे किसी एक का नाम लेना हो, तो मैं अनिल कपूर का नाम लूंगा। जिस तरह उन्होंने वर्षों से अपनी फिटनेस, एनर्जी और डिसिप्लीन को बनाए रखा है, वह वास्तव में इंस्पायरिंग है।

**रीडर्स को मैसेज:** मैं रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि सीखना और खुद पर काम करना कभी बंद मत कीजिए। सफलता रातों-रात नहीं मिलती, बल्कि हर दिन लगातार मेहनत करने से मिलती है, चाहे उस दिन आपका मन करे या नहीं। अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखें, क्योंकि वही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। अनुशासित रहें और मेहनत करने से कभी न घबराएं। चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन अगर आप लगातार प्रयास करते रहेंगे और धैर्य बनाए रखेंगे, तो वही चुनौतियां आपको और मजबूत बनाएंगी। सबसे जरूरी बात, हमेशा विनम्र रहें, कृतज्ञ रहें और इस सफर का आनंद लें। मंजिल महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी ज्यादा अहम वह इंसान है, जो आप इस सफर के दौरान बनते हैं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---

**अवेयरनेस**


रजनी अरोड़ा

अधिकतर लोग रोजाना कोई न कोई ऐसा सेल्फ केयर प्रोडक्ट यूज करते हैं, जिसमें केमिकल्स होते हैं। ऐसे प्रोडक्ट्स किस तरह से आपके लिए हार्मफुल हो सकते हैं, इनके साइड इफेक्ट्स से बचने के लिए आप क्या सावधानियां बरत सकते हैं और इनके क्या बेहतर ऑप्शंस हो सकते हैं, आपको जरूर जानना चाहिए।

## क्या आप भी अक्सर करते हैं यूज केमिकल बेस्ड सेल्फ-केयर प्रोडक्ट्स!







आज के समय में शैंपू, साबुन, फेस वॉश, मॉयश्चराइजर, डिओडरेंट, परफ्यूम, हेयर डाई, शेविंग क्रीम, मेकअप, लिपस्टिक और इंटीमेट हाइजीन उत्पाद दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। पुरुष हों या महिलाएं, लगभग हर व्यक्ति किसी-न-किसी सेल्फ-केयर प्रोडक्ट का उपयोग करता है। लेकिन केमिकल बेस्ड ऐसे उत्पादों का लंबे समय तक, बार-बार या गलत तरीके से उपयोग स्वास्थ्य को प्रभावित भी कर सकता है।

कुछ शोधों से पता चला है कि सेल्फ-केयर उत्पादों के माध्यम से अनेक महिलाएं (करीब 168) और पुरुष (करीब 120) अलग-अलग रसायनों के संपर्क में रोजाना आते हैं। ये रसायन मानव रक्त, बाल, मूत्र और यहां तक कि मां के स्तन के दूध में भी पाए गए हैं। यानी ये केवल त्वचा पर नहीं रहते, वे शरीर के भीतर तक पहुंच जाते हैं और जमा होते रहते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सेल्फ-केयर उत्पादों का उद्देश्य शरीर को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उसे स्वस्थ, साफ और आरामदायक रखना है। लेकिन ये उत्पाद कितने सुरक्षित हैं. यह उसमें मौजूद विभिन्न घटकों की मात्रा, गुणवत्ता और नियामक मानकों के माध्यम से ही तय नहीं होता। उसके सही ढंग से उपयोग करने और उससे शरीर या त्वचा पर होने वाले नुकसान पर भी निर्भर करता है। इसलिए स्त्री-पुरुष दोनों के लिए जरूरी है कि उत्पादों को समझदारी से चुनें, अनावश्यक रसायनों के संपर्क को कम करें और अपनी त्वचा की वास्तविक जरूरतों को पहचानें।

**शैंपू-साबुन-बॉडी वॉश:** झाग बनाने के लिए अकसर इनमें सोडियम लॉरिल सल्फेट (एसएलएस) और सोडियम लॉरेथ सल्फेट (एसएलईएस) जैसे पदार्थ मिलाए जाते हैं। संवेदनशील त्वचा वालों में एक्जिमा, रूसी या सूखे बालों वाले लोगों में खुजली, रूखापन, जलन और बालों का खिंचाव बढ़ा सकते हैं। कुछ उत्पादों में पैराबेंस, कृत्रिम रंग और तेज कृत्रिम सुगंध भी होती है, जो एलर्जी या त्वचा पर चकत्ते पैदा कर सकते हैं। ऐसे में सल्फेट मुक्त, कम सुगंध वाले, पीएच संतुलित और डर्मेटोलॉजिकली टेस्टेड उत्पाद बेहतर विकल्प हो सकते हैं। रीठा, शिकाकाई, आंवला, एलोवेरा, ओटमील और ग्लिसरीन जैसे घटकों वाले हल्के उत्पाद भी उपयोगी हो सकते हैं। हालांकि नया उत्पाद लगाने से पहले त्वचा के छोटे हिस्से पर पैच टेस्ट करना उचित रहता है।

पानी एक यूनिवर्सल सॉल्वेंट है, जो नहाने पर गंदगी को आसानी से हटा देता है। केमिकलयुक्त साबुन के बजाय बेसन और हल्दी का उबटन, मुल्तानी मिट्टी, कच्चा दूध और हल्दी, मूंग दाल पावडर, चंदन पावडर इस्तेमाल कर सकते हैं। ये प्राकृतिक क्लींजर बिना नेचुरल ऑयल निकाले स्किन को साफ करते हैं।

**फेस वॉश, क्रीम और मॉयश्चराइजर:** चेहरे की त्वचा शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक नाजुक होती हैं। बहुत अधिक अल्कोहल, तेज सुगंध, कठोर क्लींजर या अनावश्यक स्क्रबिंग वाले फेस वॉश त्वचा की प्राकृतिक सुरक्षा परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे चेहरा सूखा, लाल, खिंचा हुआ या संवेदनशील महसूस हो सकता है।

फेस वॉश चुनते समय सोप-फ्री, फ्रेगनेंस-फ्री, जेंटल क्लींजर या आयुर्वेदिक क्रीम उपयोगी हो सकते हैं। मॉयश्चराइजर में ग्लिसरीन, सेरामाइड, हायलूरोनिक एसिड, शिया बटर, जोजोबा ऑयल या बादाम तेल जैसे तत्व त्वचा को नमी देने में मदद कर सकते हैं। तैलीय त्वचा वाले व्यक्ति हल्के, नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर चुन सकते हैं, जबकि शुष्क त्वचा वालों को अधिक मॉयश्चराइजिंग क्रीम की आवश्यकता हो सकती है।

**फेयरनेस-स्किन व्हाइटनिंग क्रीम:** त्वचा को गोरा बनाने का दावा करने वाली कुछ नकली उत्पादों में हाइड्रोक्विनोन, कॉर्टिकोस्टेरॉइड और पारा यानी मरकरी जैसे रसायन पाए गए हैं। हाइड्रोक्विनोन त्वचा के मेलानिन पर असर डाल सकता है, जबकि कॉर्टिकोस्टेरॉइड का बिना चिकित्सकीय सलाह लंबे समय तक उपयोग त्वचा को पतला, लाल और संवेदनशील बना सकता है। मरकरी युक्त उत्पाद त्वचा के अलावा किडनी और तंत्रिका तंत्र के लिए भी गंभीर चिंता का विषय हो सकते हैं। ऐसी क्रीमों से तत्काल चमक या गोरेपन का अनुभव हो सकता है, लेकिन लंबे समय में दाग-धब्बे, मुंहासे, त्वचा की कमजोरी, असमान रंगत और सूर्य की रोशनी से अधिक नुकसान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सुरक्षित विकल्प के रूप में नियमित सनस्क्रीन, हल्का मॉयश्चराइजर, विटामिन-सी या नियासिनामाइड युक्त प्रमाणित उत्पाद, एलोवेरा जैल तथा त्वचा विशेषज्ञ की सलाह अधिक उचित है। आयुर्वेदिक या हर्बल बेस्ड क्रीम का यूज करना भी सुरक्षित विकल्प है।

**हेयर डाई-हेयर स्प्रे-स्ट्रेटनिंग प्रोडक्ट्स:** बालों को रंगने, सीधा करने या लंबे समय तक सेट रखने वाले उत्पादों में मौजूद कुछ रसायन स्वास्थ्य के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। कुछ हेयर डाई में पैरा-फेनिलीनडायमीन यानी पीपीडी और अमोनिया हो सकते हैं, जिनसे सिर की त्वचा में खुजली, जलन, सूजन या एलर्जी हो सकती है। सुरक्षित विकल्प के रूप में अमोनिया-फ्री और पीपीडी-फ्री हेयर कलर, शुद्ध मेहंदी, नारियल तेल, आर्गन ऑयल, एलोवेरा हेयर मास्क और अलसी का तेल उपयोग किए जाते हैं।



**लिपस्टिक-नेल पॉलिश:** महिलाओं के द्वारा यूज किए जाने वाले मेकअप उत्पादों जैसे लिपस्टिक और नेल पॉलिश में प्रिजर्वेटिव, कृत्रिम रंग, सुगंध और अन्य रसायन हो सकते हैं। इसलिए लिपस्टिक, काजल, फाउंडेशन और अन्य मेकअप केवल विश्वसनीय ब्रांड वाले ही खरीदने चाहिए। एक्सपायरी डेट के बाद मेकअप का उपयोग नहीं करना चाहिए। नेल पॉलिश में नुकसानदायक तत्व हो सकते हैं। इनमें से कुछ रसायन त्वचा, आंखों और श्वसन तंत्र में जलन पैदा कर सकते हैं। नेल पॉलिश लगाते समय कमरे में हवा का अच्छा आवागमन होना चाहिए और पूरी सतर्कता के साथ इनका उपयोग किया जाना चाहिए।

**डिओडरेंट-परफ्यूम-बॉडी स्प्रे:** ये शरीर की दुर्गंध कम करने के लिए उपयोग किए जाते हैं, लेकिन इनमें कृत्रिम सुगंध, फ्थैलेट्स और कभी-कभी एल्यूमिनियम सॉल्ट्स जैसे घटक हो सकते हैं। कृत्रिम सुगंध कुछ लोगों में सिरदर्द, माइग्रेन, सांस की तकलीफ, त्वचा की खुजली या एलर्जी को बढ़ा सकती है। संवेदनशील त्वचा वाले लोग एल्यूमिनियम-फ्री या फ्रेगरेंस-फ्री डिओडरेंट इस्तेमाल कर सकते हैं। प्राकृतिक विकल्पों में कम सुगंध वाले मिनरल डिओडरेंट, फिटकरी का पानी, बेकिंग सोडा आधारित उत्पाद या केवल नियमित स्नान और साफ कपड़ों की आदत उपयोगी हो सकती है। नारियल तेल में एक-दो बूंद टी ट्री, लेवेंडर, रोज, जैस्मिन, सेंडल वुड, यूक्लिप्टस ऑयल मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सावधानियों से आप हमेशा सुरक्षित रहेंगे। *

**(दिल्ली के डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉ. गौरव नाकरा और जनरल फिजीशियन, डॉ. जे. रावत से बातचीत पर आधारित)**

### ऐसे करें सुरक्षित सेल्फ-केयर



- आवश्यकता से अधिक कॉस्मेटिक या रासायनिक उत्पादों का उपयोग न करें।
- सेल्फ-केयर उत्पाद चुनते समय सबसे पहले उसमें मौजूद तत्वों की डिटेल पढ़ें।
- बहुत अधिक सुगंध, चमकीले रंग, इंस्टेंट व्हाइटनिंग, केमिकल-फ्री या शत-प्रतिशत नेचुरल जैसे दावों पर बिना जांचे भरोसा न करें।
- कम केमिकल सामग्री वाले, फ्रेगरेंस-फ्री, प्रमाणित और विश्वसनीय उत्पाद अधिक अच्छे विकल्प हो सकते हैं।
- नए उत्पाद का उपयोग करने से पहले पैच टेस्ट करके जरूर देखें यानी हाथ की स्किन पर हल्का-सा लगाकर देखें। अगर कोई समस्या न हो, तभी वो उत्पाद इस्तेमाल करें।
- एक्सपायरी डेट का ध्यान रखें। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जो ज्यादा नुकसानदायक हो सकते हैं।
- त्वचा में लगातार जलन, लालपन, खुजली या दाने हों। तो उपयोग बंद कर त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें।

---

**एडवाइस**

शिखर चंद जैन

हमारा शरीर मुख्य तौर पर हमारे मस्तिष्क यानी ब्रेन से ही संचालित होता है। इसलिए इसकी सुरक्षा, इसका बेहतर स्वास्थ्य और इसका अच्छे ढंग से कार्य करना बहुत जरूरी है। **वर्ल्ड ब्रेन डे (22 जुलाई)** के अवसर पर यहां बता रहे हैं कि हमारा ब्रेन कैसे हेल्दी और हमारी मेमोरी कैसे शार्प बन सकती है?

## तब ब्रेन रहेगा हेल्दी मेमोरी होगी शार्प



मात्र तीन पौंड वजन का हमारा मस्तिष्क आकार में भले ही बहुत बड़ा नहीं होता, लेकिन यह एक शक्तिशाली अंग है। शरीर के इस छोटे से हिस्से में ही हमारा व्यक्तित्व और सभी यादें समाहित होती हैं। मस्तिष्क ही विचारों, भावनाओं और गतिविधियों का समन्वय करता है। जीवन को सुचारू रूप से चलाने, सफलता व सुकून के लिए इसका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।

**न्यूरॉन्स का रोल:** मस्तिष्क में अरबों तंत्रिका कोशिकाएं न्यूरॉन्स होती हैं। ये ही शरीर के बाकी हिस्सों को जानकारी भेजती हैं। यदि ये ठीक से काम नहीं करेंगी तो शरीर के अंग और मांसपेशियों में संवेदना कम हो सकती है। सोचने और कार्य करने की क्षमता धीमी हो सकती है।

**क्यों जरूरी है बचाव:** मस्तिष्क, क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए न्यूरॉन्स की जगह नए न्यूरॉन्स नहीं बना पाता है। सिर में चोट लगना, नशीली दवाओं का सेवन, अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी स्वास्थ्य समस्याएं मस्तिष्क कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं या उन्हें नष्ट कर सकती हैं। इसलिए ब्रेन की हिफाजत करना बेहद जरूरी है। साथ ही मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी आदतें विकसित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने होंगे।



**पसीना बहाएं:** जो लोग शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं, उनका दिमाग तेज रहने की संभावना अधिक होती है। नियमित शारीरिक गतिविधि संतुलन, लचीलापन, ताकत, ऊर्जा और मनोदशा में सुधार लाने में भी सहायक होती है। शोध से पता चलता है कि व्यायाम करने से अल्जाइमर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।

**सिर की सुरक्षा जरूरी:** मस्तिष्क की चोट किसी व्यक्ति के जीवन पर दीर्घकालिक रूप से गहरा प्रभाव डाल सकती है। मस्तिष्क की चोटें सोचने-समझने की क्षमता, स्मृति, समन्वय, वाणी और भावनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। अपने मस्तिष्क की सुरक्षा के लिए, सिर में चोट लगने के जोखिम वाली किसी भी गतिविधि को करते समय हमेशा हेलमेट पहनें। जैसे- साइकिल चलाना, स्कीइंग करना, घुड़सवारी करना या मोटरसाइकिल, स्नोमोबाइल या ऑल-टेरेन वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट जरूर पहनें। सिर में चोट लगने के अन्य सामान्य कारणों में कार दुर्घटनाएं भी शामिल हैं। कार में सीट बेल्ट पहनकर सिर पर चोट लगने से बच सकते हैं। गिरने से बचने के लिए, सीढ़ियों पर, ऊबड़-खाबड़ जमीन पर या किसी अपरिचित जगह पर सावधानी से चलें। घर में सीढ़ियों और गलियारों से फालतू सामान हटाकर गिरने से बचाव करें। सीढ़ियों में पर्याप्त रोशनी रखें। सुनिश्चित करें कि सभी कालीन और गलीचे फर्श पर मजबूती से बिछे हों ताकि आप फिसलें नहीं।

**पर्याप्त सावधानी बरतें:** कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हमारी सोचने और याददाश्त संबंधी परेशानियों को बढ़ा सकती हैं। इनसे स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ सकता है, जिससे मस्तिष्क की रक्त वाहिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इनमें से सबसे आम समस्याएं मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप हैं। यदि आपको इनमें से कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो अपने डॉक्टर के निर्देशों का पालन करें।

**सामाजिक दायरा बढ़ाएं:** सामाजिक मेलजोल अवसाद और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। ये दोनों मानसिक रोग याददाश्त कमजोर होने की समस्या को बढ़ा सकते हैं। सामाजिक अलगाव और अकेलापन सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट और अल्जाइमर रोग के जोखिम से भी जुड़े हुए हैं। इसलिए अपना सामाजिक दायरा बढ़ाएं, लोगों से मेलजोल रखें।

**अच्छी नींद लें:** रोज अच्छी नींद लेना, ठीक वैसे ही है जैसे फोन को चार्ज करने के लिए प्लग लगाना। अच्छी नींद लेने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता और याददाश्त बेहतर होती है, सतर्कता बढ़ती है और दैनिक कार्यों को करना आसान हो जाता है। आराम करने से तनाव और अवसाद भी कम होता है।

**ब्रेन फूड लें:** स्वस्थ खाद्य पदार्थों से भरपूर आहार मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे मानसिक एकाग्रता में सुधार होता है और सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट धीमी होती है। माइंड डाइट यानी मेडिटरेनियन डैश इंटरवेंशन फॉर न्यूरो डिजेनरेटिव डिले एक विशेष खान-पान प्लान है, जो दिमाग की सेहत को सुधारने, याददाश्त तेज करने और अल्जाइमर या डिमेंशिया (मनोभ्रंश) के जोखिम को कम करने के लिए डिजाइन की गई है। यह 'मेडिटेरेनियन' और 'डैश' डाइट का मिश्रण है, जो मुख्य रूप से हरी पत्तेदार सब्जियों, बेरीज, नट्स और साबुत अनाज को अपने डाइट में शामिल करने पर जोर देती है। *

**(अपोलो हॉस्पिटल, कोलकाता के न्यूरोसर्जन डॉ. बिनोद कुमार सिंघानिया से बातचीत पर आधारित)**

### ब्रेन एक्सरसाइज करें



**जिस प्रकार** शारीरिक गतिविधि आपके शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखती है, उसी प्रकार दिमाग को सक्रिय रखने वाली गतिविधियां आपके मस्तिष्क को भी चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। ये गतिविधियां मस्तिष्क की कार्यक्षमता और स्मृति को बेहतर बनाने में सहायक हो सकती हैं। इसके लिए क्रॉसवर्ड पहेलियां हल करें, अलग-अलग विषय पढ़ें, खेल खेलें या कोई वाद्य यंत्र बजाना सीखें। साथ ही कोई नया शौक अपनाएं या किसी स्थानीय विद्यालय या सामुदायिक समूह में स्वयंसेवा करें।



पाक की हुकूमत के खिलाफ भारी गुस्सा

# पाकिस्तान के खिलाफ पीओके में बगावत जेएसी ने किया अलग देश बनाने का ऐलान

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के खिलाफ जनाक्रोश तेजी से बढ़ रहा है। जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएसी) के प्रमुख नेता सरदार अमन कश्मीरी ने एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए अलग स्वतंत्र देश बनाने की मांग को जोरदार तरीके से दोहराया। मुजफ्फराबाद की ओर प्रस्तावित लॉन्ग मार्च से ठीक पहले दिए गए इस भाषण में अमन कश्मीरी ने साफ कहा कि यह आंदोलन अब हर हाल में जारी रहेगा और जेएसी की मूल मांग हमारा अपना वतन है। सभा में भावुक माहौल के बीच अमन कश्मीरी ने कहा कि हमें अपना देश चाहिए। हर इंसान को अपने देश, अपनी सरकार और अपनी अथॉरिटी का अधिकार होना चाहिए। हमारे अधिकार हमें वापस सौंप दो। हम अब किसी के गुलाम नहीं बनकर रहेंगे। जेएसी नेता ने आरोप लगाया कि आंदोलनकारियों को लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि कई साथियों के सिरों पर इनाम रख दिया गया है।



जन समूह को संबोधित करते अमन कश्मीरी

## नेताओं पर भी बोला हमला

इस दौरान जेएसी नेता ने पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर के मुख्यधारा के राजनीतिक नेताओं पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि ये नेता लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं और पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ मिलकर स्थानीय जनता के हितों को बेच रहे हैं। अमन कश्मीरी ने कहा कि आपकी किस्मत में संघर्ष नहीं लिखा था, बल्कि चापलूसी और सत्ता की खुशामद लिखी थी।



पाक सरकार का पुतला फूंका

## व्यापारियों-ट्रांसपोर्टरों को सलाम

आंदोलन में विभिन्न वर्गों के योगदान को स्वीकार करते हुए सरदार अमन कश्मीरी ने व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, युवाओं और आम नागरिकों को विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ महीने यानी पूरे छह हफ्तों से आप लगातार सड़कों पर डटे हुए हैं। मैं आप में से हर एक को उस अटूट इरादे और हौसले के लिए सलाम करता हूं। उन्होंने समर्थकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की धमकी, दबाव या डराने-धमकाने के सामने न झुकें और आंदोलन को और मजबूत बनाएं।



## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सामान्य वन मंडल धरमजयगढ़ (छ.ग.)

### ई - नीलाम विज्ञापन

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मंडल धरमजयगढ के काष्ठागार धरमजयगढ में उपलब्ध ईमारती एवं जलाऊ लकडी का दर्शित तिथि समय में ई-नीलाम किया जावेगा।

1. ई-नीलाम दिनांक - 22-07-2026
2. ई-नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रारंभ

| अ. क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 183.573 | 0 | 183.573 | 0 |
| 2 | साल | 550.000 | 80 | 2282.199 | 2933 | 2832.199 | 3013 |
| 3 | बीजा | 5.000 | 0 | 168.332 | 0 | 168.332 | 0 |
| 4 | खम्हार | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | साजा | 3.000 | 0 | 74.144 | 616 | 77.144 | 616 |
| 6 | हल्दू | 0 | 0 | 20.117 | 0 | 20.117 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 1.000 | 0 | 13.113 | 209 | 14.113 | 209 |
| 8 | सलिहा | 0 | 0 | 7.915 | 0 | 7.915 | 0 |
| 9 | अन्य | 1.000 | 0 | 243.631 | 971 | 244.631 | 971 |
| 10 | आर.टी.एल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| योग:- | | 560.000 | 80 | 2988.024 | 4729 | 3548.024 | 4809 |
| 11 | जलाऊ | चट्टा-300 | - | 4169-चट्टा | 0 | 4469- चट्टा | - |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे ई-नीलाम में भाग लेवें। ई-नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी - अधिकता संभव है।

वनमण्डलाधिकारी
धरमजयगढ़ वनमण्डल

G-262702128/3

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर (छत्तीसगढ़)

### नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रफनगर में रखी इमारती लकड़ी / जलाऊ काष्ठ को निम्नलिखित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त कर सकते हैं।

डिपो का नाम - काष्ठागार वाड्रफनगर
ई-नीलाम दिनांक - 24.07.2026
समय - प्रातः 09:00 बजे से

| क्र. | वनोपज का विवरण | नया काष्ठ | | पुराना काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली/डेंगरी | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी |
| | | घ.मी. | नग | नग | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| A | इमारती काष्ठ | | | | |
| 1 | सागौन | 21.586 | 60 | 73.922 | 190 |
| 2 | साल | 1235.251 | 25 | 2787.132 | 937 |
| 3 | साजा | 25.289 | - | 252.630 | 132 |
| 4 | तिन्सा | - | - | - | - |
| 5 | बीजा, शीशम, खम्हार | 3.107 | 2 | 19.897 | 9 |
| 6 | हल्दु, मुंडी, बांसा | 1.009 | - | 63.114 | 4 |
| 7 | धावड़ा | 8.673 | - | 10.250 | 81 |
| 8 | अन्य मिश्रित (सेमल) | 35.145 | - | 72.231 | 109 |
| 9 | नीलगिरी | 2.983 | 9 | - | - |
| 10 | सलया | - | - | - | - |
| 11 | खैर काष्ठ | 2.939 | - | - | - |
| | योग :- | 1335.982 | 96 | 3279.176 | 1462 |
| क्र. | प्रजाति विवरण | | | | |
| 1 | जलाऊ चट्टा मिश्रित प्रजाति सा. 2.00 मी. X 1.25 X 0.80 मी. | 231 चट्टा | | 429 चट्टा | |

टीप:- (1) क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते हैं।

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर

G-262702133/4

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400. Website: www.navaraipuratalnagar.com

### Notice Inviting Tender

Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 13/07/2026

Online Tenders are invited for "Allotment of land for Development of Nursing Home and Pharmaceutical Retail Shop project at Sector 32 & 33 in Nava Raipur Atal Nagar" Details of the projects are as below :-

| S. No. | System Tender No. | Notice Inviting Tender No. | Location of Project | Plot Area (In Sq.mt.) approx. | Reserved Land Premium (INR/Sq.mt.) | EMD (INR Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 194514 | 5302/R-13/PRJ/ NRANVP/2026 | Nursing Home/Health Facility Plot LI/S33/H2, Sector- 33 | 4,346.196 (1.07 acre) | 2,475.00 | 11.00 |
| 2 | 194515 | 5303/R-04/PRJ/ NRANVP/2026 | Nursing Home/Health Facility (2nd Call) Plot - LI/S33/H3b, Sector - 33 | 5,286.324 (1.30 acre) | 2,475.00 | 14.00 |
| 3 | 194516 | 5304/R-02/PRJ/ NRANVP/2026 | Pharmaceutical Retail Shop & Residence (2nd call) Plot - M1 Sector 32 | 122.5002 (0.03 acre) | 10,100.00 | 1.50 |
| 4 | 194517 | 5305/R-02/PRJ/ NRANVP/2026 | Pharmaceutical Retail Shop & Residence (2nd call) Plot - M2 Sector 32 | 122.5002 (0.03 acre) | 10,100.00 | 1.50 |
| 5 | 194518 | 5306/R-02/PRJ/ NRANVP/2026 | Pharmaceutical Retail Shop & Residence (2nd call) Plot - M3 Sector 32 | 122.5002 (0.03 acre) | 10,100.00 | 1.50 |
| 6 | 194519 | 5307/R-02/PRJ/ NRANVP/2026 | Pharmaceutical Retail Shop & Residence (2nd call) Plot - M4 Sector 32 | 122.5002 (0.03 acre) | 10,100.00 | 1.50 |

Tenderers shall download tender from e-Procurement website. The tender processing fee is INR. 5,900/- only (Including GST) per tender.
* Date and time of pre-bid meeting at 12:00 PM on 27th July 2026
* Last Date for Online submission of Tender - up to 03:00 PM on or before 17th August 2026
* Last Date for Hard copy Submission of Technical Bid - up to 03:00 PM on or before 19th August 2026 * Opening of Technical Bid after 03.30 PM on 19th August 2026

The details of tender and terms & conditions are available on the e-Procurement website https://eproc.cgstate.gov.in

Any amendment/modification in the tender documents, will only be uploaded on the e-Procurement website and shall not be published in any newspaper.

Note: If the date of Hard copy submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered.

(Approved by CEO)

Manager (Estate)
NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar

S-48464/1


# आईएसएस पर पहुंचे अंतरिक्ष यात्री...



वॉशिंगटन। नासा के भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन और दो रूसी कोस्मोनॉट्स बुधवार की सुबह (भारतीय समय) इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंच गए। सोयुज एमएस-29 स्पेसक्राफ्ट से तीन घंटे से ज्यादा की यात्रा के बाद वे वहां पहुंचे। उन्होंने आपस में गले मिलकर और हाथ मिलाकर स्वागत किया।

## स्वदेशी वाटरजेट्स का हुआ पहला सफल परीक्षण

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच तटरक्षकबल को बड़ी सफलता मिली है। जिसमें गोवा में एमएस एमजेपी इंडिया में देश के भीतर बनाए गए मरीन जेट पावर वाटरजेट्स का पहला फैक्ट्री स्वीकृति परीक्षण सफलता के साथ पूरा किया गया है। एमजेपी इंडिया स्वीडन की एमजेपी एबी से तकनीक हस्तांतरण (टीओटी) के जरिए भारत में स्थापित की गई एक उन्नत वाटरजेट प्रणोदन प्रणालियों के निर्माण और परीक्षण के लिए समर्पित एक सुविधा है।

## संसद की पीएसी बैठक में सड़क सुरक्षा, टोल और निर्माण गुणवत्ता पर मंथन

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) की बैठक में बुधवार को देश में सड़क सुरक्षा, राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल शुल्क, विभिन्न प्रकार के उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर चार्ज), लेवी और सड़क निर्माण की गुणवत्ता जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बाद लोक लेखा समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के साथ हुई बैठक सकारात्मक और सार्थक रही।

## क्षेत्रीय सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने का इच्छुक है भारत

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** पश्चिम-एशिया युद्ध की वजह से वैश्विक स्तर पर चुनौतीपूर्ण बने हुए सुरक्षा हालात के बीच गुरुवार को नई दिल्ली में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल यानी बिम्सटेक देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें भारत का नेतृत्व एनएसए अजीत डोभाल करेंगे। लेकिन इस बैठक के ठीक एक दिन पहले, बुधवार को उनकी समूह में शामिल म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड और बांग्लादेश जैसे देशों के अपने समकक्ष एनएसए तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ क्रमवार रूप में उच्च-स्तरीय बैठकें हुई हैं।

## नेताओं ने डर के कारण पाला बदला : ममता

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को बीजेपी पर जोरदार जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी चाहती थी कि मुझे हार्ट अटैक आए, लेकिन मैं तब तक जिंदा रहूँगी जब तक आपका अंत न देख लूँ। ममता को एक और झटका तब लगा जब विधायक मदन मित्रा बागी खेमे में शामिल हो गए।

उन्होंने कहा, जो जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। ममता ने आरोप लगाया कि बीजेपी जांच एजेंसियों और पुलिस का इस्तेमाल करके नेताओं को दल बदलने के लिए मजबूर कर रही है, और कई नेताओं ने डर के कारण पाला बदला है।



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 1722/ न.पा.नि. / 2026 रायगढ़ दिनाँक 15/07/26

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 195478 | रायगढ़ स्टेडियम में हाई मास्ट लाईट स्थापना कार्य। | 189.15 | 06.08.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़

## कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

### ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा सूचना

दिनांक 13/07/2026

नगर पालिक निगम बिलासपुर के ज़ोन क्र. 08 अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 06.08.2026 तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | NIT | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07/01 | 195030 | जोन क्र. 08 अंतर्गत वार्ड क्र. 59 से 63 तक विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड/नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | 20.80 | 16,000.00 |
| 2 | 07/02 | 195031 | जोन क्र. 08 अंतर्गत वार्ड क्र. 64 से 68 तक विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड/नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | 20.80 | 16,000.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 16.07.2026 संध्या 05:30 बजे के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.08
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

e-mail- eewrknk@cgwrd.in

### -:: निविदा निरस्तीकरण सूचना ::-

क्रमांक/2311 / व. ले.लि. / 2026-27 कांकेर, दिनांक 13/07/2026

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सिस्टम निविदा क्र. 182196/ निविदा सूचना क्र 39/व.ले.लि./ 2025-26 दिनांक 24.12.2025 कार्य का नाम कांकेर जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा की सिकसोड़ तालाब का स्लूस संरचना एवं सायफन निर्माण कार्य एवं निविदा सिस्टम निविदा क्र. 182197/ निविदा सूचना क्र. 40 / व. ले.लि. / 2025-26 दिनांक 24.12.2025 कार्य का नाम कांकेर जिले के विकासखंड कांकेर के अंतर्गत बेंवरती जलाशय का बांध एवं नहर सुधार कार्य हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रण में निविदा स्वीकृति सूचना क्र. FOPN00013 एवं FOPN00012 दिनांक 22.04.2026 द्वारा निविदाकार अरिहंत इंफ्रा, वी-3 ए स्क्वायर, मेन रोड, अंडर ब्रिज के पास, प्रियदर्शिनी नगर, रायपुर (छ.ग.) पिन - 492001 को अनुबंध हेतु इस कार्यालय में आवश्यक समस्त दस्तावेज एवं मूल EMD भौतिक रूप से 07 कार्य दिवस का समय प्रदाय किया गया। जिसमें निर्धारित समयवधि में निविदाकार उपस्थित नहीं हुए है।

अतः शासन के हित में अनुबंध की कंण्डिका / धारा 2.49 के तहत अमानत राशि को राजसात करते हुए निविदा निरस्त की जाती है। उक्त निविदा के प्रकाशन का जी.नं. 252605694 दिनांक 29.12.2025 है।

**यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।**

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कांकेर
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

G-262702126/3

## Public Works Department
## Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)

### REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)

(1st Call)

No. 15/Raipur /2026-27 Raipur, Dated. 13.07.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work"

**शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक रायपुर के परिसर में 150 सीटर कन्या छात्रावास भवन निर्माण कार्य हेतु वास्तुविद् नियुक्त करने बाबत।**

Situated at Raipur
Probable cost of project Rs. 378.00 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below:-

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture / consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.01, Raipur |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 01 to 10 Crore | Empanelled as architect in Class "D" & Above Class in C.G. PWD. | Rs. 3,000=00 |

General condition - All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/ Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 03.08.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintanding Engineer
Public Works Department,
Raipur Circle No.-1 Raipur

G-262702115/3


सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# तीसरा बच्चा होने पर नहीं लड़ सकते चुनाव, कहा-अब बदल गया देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने के लिए दो बच्चों के नियम की प्रासंगिकता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत का मानना है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए दशकों पहले बनाई गई यह नीति, देश में तेजी से घटती फर्टिलिटी रेट (टीएफआर) को देखते हुए शायद अपना उद्देश्य खो चुकी है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने महाराष्ट्र की एक पूर्व महिला सरपंच को तीसरा बच्चा होने पर अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। कोर्ट ने इस नीति की वैधता की समीक्षा करने की इच्छा जताते हुए वकील रुक्मिणी बोबडे से एमिकस क्यूरी के रूप में मदद मांगी है।



## संचालनालय, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष), छत्तीसगढ़

ब्लॉक-1,तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर 492002 फोन नं. (0771) 2221640,
ईमेल- cgayush@gmail.com

### धन्वन्तरि सम्मान 2026 के लिए प्रविष्टियां

छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा तथा शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्रा में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य स्तरीय "**धन्वन्तरि सम्मान**" स्थापित किया गया है, जिसके लिए प्रविष्टियां / अनुशंसाएं आमंत्रित है।

1. चयन समिति की अनुशंसा पर शासन द्वारा अंतिम रूप से घोषित व्यक्ति/संस्था को एक लाख रूपये नगद और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा।
2. प्रविष्टियां निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 25.08.2026 तक प्राप्त हो जाना चाहिए। विलम्ब से प्राप्त होने वाली प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जावेगा।
3. जिस लिफाफे में प्रविष्टियां भेजी जावें, उस पर "**धन्वन्तरि सम्मान 2026**" अंकित किया जाना आवश्यक है।

आवेदन का प्रारूप संचालनालय आयुष के वेबसाईट WWW.AYUSH.CG.GOV.IN से प्राप्त किया जा सकता है।

आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़

G-262702123/2

## भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन स्वायत्तशासी निकाय)
मानव संसाधन प्रभाग-II
मुख्यालय, गेट संख्या - 10 (पूर्वी द्वार),
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

फा. सं. A- 12/12/2026-66 दिनांक: 04.07.2026

### भारतीय खेल प्राधिकरण में कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद पर भर्ती

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी संगठन है, कर्मचारी चयन आयोग (SSC) द्वारा आयोजित संयुक्त हिंदी अनुवादक परीक्षा, 2024 की पब्लिक डिस्क्लोज़र सूची (PDL) के माध्यम से चयनित एवं शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों से कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी (Junior Translation Officer) के पद पर नियमित नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

ऑनलाइन आवेदन पोर्टल निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार खुला रहेगा:
- आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि: 08.07.2026 (प्रातः 10:00 बजे)
- आवेदन की अंतिम तिथि: 23.07.2026 (सायं 05:00 बजे)

केवल कर्मचारी चयन आयोग (SSC) द्वारा आयोजित संयुक्त हिंदी अनुवादक परीक्षा, 2024 की पब्लिक डिस्क्लोज़र सूची (PDL) के माध्यम से शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र होंगे।

भर्ती संबंधी विस्तृत विज्ञापन, पात्रता की शर्तें, आवश्यक निर्देश तथा ऑनलाइन आवेदन का लिंक भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट www.sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध है।

भर्ती संबंधी किसी भी प्रश्न के लिए अभ्यर्थी hrd2.sai@gov.in पर ई-मेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

CBC 47103/11/0019/2627

## GOVT. OF MAHARASHTRA
Public Works (East) Division, Pune - 411 001
Phone No. 020/26122457 Web- www.mahapwd.gov.in and e-mail- eastpune.ee@mahapwd.gov.in

### E-TENDER NOTICE NO. 28 FOR 2026-2027 (RFQ)

The Executive Engineer, Public Works (East) Division, Pune - 411 001 invites bids for following work from **EMPANELMENT OF CONSULTANTS / CONSULTANCY FIRMS**, and full filling the qualifying criteria in as per Maharashtra Government, Public Work Department G.R. No. CAT/2017/Pra.Kra-08/Bldg-2, dt. 27/9/2018 and Public Work Department Matralaya Mumbai Circular No. CAT/2017/Pra.Kra-08/Bldg-2, dt. 22/10/2018. Bids document can be downloaded from website https://mahatenders.gov.in Executive Engineer reserves all rights to accept or reject bids. Conditional bids will not be accepted.

**NAME OF WORK AND ESTIMATE COST LIST**

| Sr. No. | Name of Work | Time limit for Completion | Cost of e-tender Form Fee |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 6 |
| 1 | REQUEST FOR QUALIFICATION OF CONSULTANTS / CONSULTANCY FIRMS FOR EMPANELMENT UNDER VARIOUS CONSULTANCY SERVICES IN PUBLIC WORKS REGION, PUNE | 36 Months (Including Monsoon) | Rs.5900/- (With GST 18%) |

**E-tender- Time Table**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Period of Downloading of bid documents/ Sale start and end dates | Dt. 16.07.2026 @ 10.00 hrs. to Dt. 23.07.2026 @ 18.00 hrs. |
| 2 | Pre-bid Meeting In the Office of Chief Engineer, P. W. Region Office, Pune | Dt. 20.07.2026 @ 12.00 hrs. |
| 3 | Period of Bid Submission/ Bid Submission Start and End date. | Dt. 16.07.2026 @ 10.00 hrs. to Dt. 23.07.2026 @ 18.00 hrs. |
| 4 | Bid Opening Period | Dt. 24.07.2026 @ 18.00 hrs. (If Possible) (In the office of Superintending Engineer, P.W. Circle, Pune.) |

**Note:-** 1. All eligible/interested contractors are downloading and mandated to get enrolled on e-tendering portal "https://mahatenders.gov.in". 2. For online Payment related issues, Kindly send email with Bank Reference Number to this email ID merchant@sbi.co.in. You may also contact 022-27560149 for clarifications. 3. Other term and condition Displayed in online e-tender forms. Right to reject any or all online bid of work without assigning any reasons thereof is reserved. 4. Above only Tender Notice is displayed on P.W.D. website "www.mahapwd.gov.in" 5. Online Blank Tender Downloading fee and Earnest money shall be paid via online using NEFT/RTGS or payment gateway mode.

Executive Engineer,
Public Work (East) Division,
Pune 411 001.

आरओसी 2025-26/ क्र.-5/ C-1724

# सातवीं बार वर्ल्ड कप फाइनल में अर्जेंटीना, इंग्लैंड का सफर समाप्त

## सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

दो दशक बाद इंग्लैंड और अर्जेंटीना की टीमें फीफा वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल में आमने-सामने हुई। मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में हुए रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड और अर्जेंटीना ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली है। अर्जेंटीना का सामना अब खिताबी मुकाबले में स्पेन से होगा। अर्जेंटीना खिताब का बचाव करने से अब महज एक कदम दूर रह गई है। वहीं, इंग्लैंड का सफर सेमीफाइनल में ही थम गया है। वहीं मेसी की अर्जेंटीना सातवीं बार फाइनल में पहुंची है।

इंग्लैंड ने दूसरे हाफ में गॉर्डन के गोल की मदद से बढ़त ली थी, लेकिन अर्जेंटीना ने सात मिनट के अंदर दो गोल करके मैच का रुख पलट दिया। अर्जेंटीना के लिए सबसे पहले इंजो फर्नांडिज ने गोल दागा और फिर इंजरी समय में लाउतारो मार्टिनेज ने गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिलाई। अर्जेंटीना ने आखिरी समय तक इस बढ़त को बरकरार रखा। लियोनल मेसी भले ही इस मैच में गोल नहीं कर सके, लेकिन दोनों गोल करने में उन्होंने मदद की।





### पहले हाफ में 19 फाउल

*मुकाबले में पहले हाफ में ही 19 फाउल देखने को मिले। दोनों टीमों में से इंग्लैंड का खेल ज़्यादा बेहतर रहा है। उन्होंने ज़्यादा समय तक बॉल अपने पास रखी और मैदान पर ज़्यादा दबदबा बनाए रखा। वहीं, अर्जेंटीना को गोल करने का सबसे अच्छा मौका एंज़ो फर्नांडीज़ को मिला, लेकिन उनका शॉट गोल-पोस्ट के ऊपर से निकल गया।*

### मैच के बीच दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़े

*मैच के तीसरे मिनट में इंग्लैंड के मिडफील्डर इलियट एंडरसन टैकल के बाद मैदान पर गिर पड़े। इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आमने-सामने आ गए और रेफरी को बीच-बचाव करना पड़ा। 37वें मिनट में भी लियोनेल मेसी पर एंडरसन ने फाउल किया। इस पर उन्हें येलो कार्ड दिखाया गया। हाफ टाइम के बाद भी दोनों टीमों के खिलाड़ी रेफरी के पास पहुंचे और मेसी काफी देर तक रेफरी से चर्चा करते नजर आए।*

### पहला हाफ रहा गोल रहित

पहला हाफ गोल रहित रहा। दूसरे हाफ में इंग्लैंड ने 1 गोल दागा। इंग्लैंड ने अर्जेंटीना के खिलाफ दूसरे हाफ में बढ़त ली। 55वें मिनट में मोर्गन रोजर्स के पास पर एंथनी गॉर्डन ने शानदार शॉट लगाया और अर्जेंटीना के गोलकीपर को छकाते हुए गेंद गोल पोस्ट के पार भेज दी। इंग्लैंड ने इस तरह गत चैंपियन टीम के खिलाफ 1-0 की बढ़त ली। वहीं 85वें मिनट में एंजो फर्नांडिज ने गोल कर अर्जेंटीना को बराबरी दिला दी। अर्जेंटीना ने इंजरी टाइम में इंग्लैंड के खिलाफ बढ़त हासिल की। 90 मिनट के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थीं, लेकिन इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में अर्जेंटीना के लिए लाउतारो मार्टिनेज ने गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिलाई। इस बार में गोल करने में मेसी ने मदद की।

# 14 टीमों के साथ नए प्रारुप में खेला जाएगा वनडे विश्व कप

## आईसीसी ने बदला वनडे वर्ल्ड कप का फॉर्मेट

- वनडे विश्व कप में सुपर सीरीज और सुपर-7 चरण की एंट्री
- 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होगा टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| एडिनबर्ग

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2027 वनडे विश्व कप और 2028 टी20 विश्व कप के प्रारुप में कुछ बदलाव किए हैं, जिनका उद्देश्य दोनों टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा को और अधिक रोमांचक बनाना है। ये फैसले आईसीसी की सालाना बैठक में लिए गए। दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले 2027 वनडे विश्व कप में पूर्व योजना के अनुसार 14 टीमें ही भाग लेंगी, जो पिछले चरण की 10 टीम से अधिक हैं। हालांकि टूर्नामेंट को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आईसीसी ने सुपर सीरीज और सुपर-7 चरण को शामिल किया है।

### सुपर सीरीज में तीन टीम के बीच होंगे मुकाबले

आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में 14 योग्य टीमें भाग लेंगी लेकिन संशोधित प्रारुप के तहत फाइनल तक पहुंचने के लिए तीन चरण की प्रतियोगिता होगी, जिससे टूर्नामेंट के हर मैच का महत्व बढ़ेगा और शुरुआत से लेकर फाइनल तक प्रतिस्पर्धा रोमांचक बनी रहेगी। 'सुपर सीरीज में तीन टीम के बीच मुकाबले होंगे, जिनमें से एक टीम दूसरे दौर में पहुंचेगी, जिसमें छह टीम को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष तीन टीम और दोनों समूहों में शेष टीम में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली एक टीम सुपर-7 (पहले प्रस्तावित सुपर-6 के स्थान पर) में पहुंचेगी। सुपर-7 चरण से शीर्ष चार टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### मुकाबले होंगे पहले से ज्यादा रोमांचक

आईसीसी ने कहा, 'इन बदलावों से हर मैच का महत्व बढ़ेगा और मुकाबले पहले से ज्यादा रोमांचक होंगे। इससे प्रशंसकों को बेहतर अनुभव मिलेगा, वहीं नई और उभरती टीम को भी क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता रहेगा।' ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के बाद अब सुपर-8 की जगह सुपर-10 चरण होगा।टूर्नामेंट में चार-चार टीम के पांच ग्रुप बनाए जाएंगे। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीम सुपर-10 में पहुंचेंगी। पिछले चरण में सुपर-8 के प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सीधे सेमीफाइनल में पहुंचती थीं।

### हर ग्रुप की शीर्ष टीम सीधे पहुंचेगी अंतिम चार में

नए प्रारुप में अब प्रत्येक ग्रुप की केवल शीर्ष टीम ही सीधे अंतिम चार में पहुंचेगी। ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम विपरीत ग्रुप की तीसरे स्थान वाली टीम के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबला खेलेंगी, जिससे प्रतियोगिता में एक नया रोमांच जुड़ जाएगा। आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में उभरती हुई टीम के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए दूसरे चरण में भाग लेने वाली टीम की संख्या 8 से बढ़ाकर 10 करने का फैसला किया गया है।'

### स्कॉटलैंड को यूरोप क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा

आईसीसी ने यह भी बताया कि स्कॉटलैंड को 2026 टी20 विश्व कप में विशेष परिस्थितियों में अंतिम समय पर बांग्लादेश की जगह खेलने के कारण सीधे यूरोप क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा। वहीं 2026 टी20 विश्व कप में खेलने वाली लेकिन स्वतः क्वालीफाई नहीं कर पाने वाली बाकी टीम सीधे वैश्विक क्वालीफायर में पहुंचेंगी। वैश्विक क्वालीफायर के अन्य आठ स्थानों के लिए क्षेत्रीय क्वालीफिकेशन होगा। इनमें अफ्रीका, एशिया और यूरोप से दो-दो टीम जबकि अमेरिका और पूर्वी एशिया प्रशांत क्षेत्र से एक-एक टीम क्वालीफाई करेंगी। वैश्विक क्वालीफायर में प्रत्येक क्षेत्र की शीर्ष टीम और कुल मिलाकर अगली तीन सर्वश्रेष्ठ टीम 2028 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## खबर संक्षेप



### असम में देर रात तक खुले रहेंगे रेस्टोरेंट

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने घोषणा की कि विश्व कप फुटबॉल के मैचों के दिन राज्य की राजधानी में रेस्टोरेंट (रेस्तरां) को सुबह 3 बजकर 30 मिनट तक खुला रखने की अनुमति दी जाएगी। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फुटबॉल लोगों को जोड़ता है और राज्य सरकार चाहती है कि खेल प्रेमी बिना किसी असुविधा के सेमीफाइनल और फाइनल का आनंद लें।

### अलग-अलग चरणों में खेलना रोमांचक : वाशिंगटन

**बर्मिंघम।** भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने कहा कि वह बल्लेबाजी क्रम में किसी भी स्थान पर उतरने के लिए तैयार हैं क्योंकि उन्हें बल्लेबाजी में अलग-अलग भूमिकाएं रोमांचित करती हैं। वाशिंगटन की खेल के विभिन्न प्रारुपों में भूमिकाएं बदलती रहती हैं। वाशिंगटन ने कहा, ' मुझे अलग-अलग भूमिकाएं निभाना रोमांचक लगता है। बहुत कम खिलाड़ियों को अलग-अलग भूमिकाएं निभाने का मौका मिलता है।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा भारत, इंग्लैंड से दूसरी भिड़ंत आज

## बदला दूसरे वनडे का समय, शाम 5.30 बजे होगा शुरू

एजेंसी ▶▶| कार्डिफ

पहले मैच में जीत से उत्साहित भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को होने वाले दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने के लिए उतरेगी तो कप्तान शुभमन गिल की फिटनेस और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की फॉर्म पर सभी का ध्यान केंद्रित रहेगा। गिल ने बर्मिंघम में खेले गए पहले वनडे में भारत की छह विकेट से जीत में 80 रन बनाए थे, लेकिन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उन्हें 'रिटायर्ड हर्ट' होकर मैदान छोड़ना पड़ा था। भारत उनके जल्द से जल्द फिट होने की उम्मीद कर रहा होगा। पिछले कुछ समय में यह पहला अवसर नहीं है जबकि गिल को फिटनेस संबंधी समस्या के कारण मैदान छोड़ना पड़ा।



### रोहित को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

रोहित ने कप्तानी गंवाने के बाद अपने आक्रामक रवैए पर अंकुश लगाया लेकिन उन्हें अभी तक इससे खास फायदा नहीं हुआ है। रोहित ने पिछले साल अक्टूबर से 13 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने एक शतक और चार अर्धशतकों की मदद से 46.91 के औसत से 563 रन बनाए हैं। यह कोई मामूली रिकॉर्ड नहीं है। लेकिन भारतीय ड्रेसिंग रूम के मौजूदा हालात ने रोहित के लिए लगभग हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करना अनिवार्य बना दिया है। अभी यह सोचना कल्पना से परे होगा कि रोहित अगले कुछ मैचों में असफल रहने पर 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की दौड़ से बाहर हो जाएंगे।

### पुरानी फॉर्म में वापस लौटे बुमराह

भारत के लिए एक बड़ी सकारात्मक बात यह है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 2023 विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार 50 ओवर के प्रारुप में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इस साल आईपीएल के दौरान बुमराह को लय हासिल करने और विकेट लेने के लिए संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन अब लगता है कि उन्होंने अपनी पुरानी फॉर्म वापस पा ली है। इसी तरह ऑलराउंडर अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर की फॉर्म में वापसी से भी टीम प्रबंधन बेहद खुश होगा।

**मैच का समय :** शाम 5:30 बजे





### बेल्जियम और नीदरलैंड में 15 अगस्त से शुरू होगा महासंग्राम

# पहली बार पुरुष और महिला हॉकी विश्व कप एकसाथ

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच विश्व कप में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है लिहाजा भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर चल रहे राष्ट्रीय शिविर में तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं।

बेल्जियम और नीदरलैंड में 15 से 30 अगस्त के बीच टूर्नामेंट खेला जाएगा और पहली बार महिला और पुरुष विश्व कप एक साथ, एक जगह पर होगा। भारतीय पुरुष टीम ने एफआईएच प्रो लीग के नीदरलैंड और लंदन चरण में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें उसने विश्व चैंपियन जर्मनी और पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड के अलावा चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराया।



### पूल डी में भारतीय पुरुष टीम

अब तक सिर्फ एक बार 1975 में विश्व कप जीत सकी भारतीय पुरुष टीम को पूल डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारत को वेल्स के खिलाफ 15 अगस्त को खेलना है जबकि इंग्लैंड से 17 अगस्त और पाकिस्तान से 19 अगस्त को सामना होगा। शानदार फॉर्म में चल रही इंग्लैंड टीम से भारत को कड़ी चुनौती मिल सकती है। एफआईएच प्रो लीग में दोनों टीमों के मुकाबले करीबी रहे थे जबकि पाकिस्तान से टक्कर हमेशा सुर्खियों में रहती है।

### आत्मविश्वास से भरी महिला टीम

महिला हॉकी टीम एफआईएच नेशंस कप में खिताबी जीत के बाद आत्मविश्वास के साथ विश्व कप खेलने जाएगी । महिला टीम को पूल डी में रखा गया है, जिसमें उसका सामना 16 अगस्त को चीन से होगा, जो प्रबल दावेदारों में से है। इसके बाद 18 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका और 20 अगस्त को इंग्लैंड से खेलना है। महिला टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा,' विश्व कप और एशियाई खेलों को लेकर टीम आत्मविश्वास से भरी है।

## रूममेट की बक-बक से पक गए महिला के कान, सुई-धागे से कर दी मुंह की सिलाई

**टोक्यो।** जापान, जहां अनुशासन और शांति की मिसाल दी जाती है, वहां एक ऐसा शॉकिंग मामला सामने आया है, जिसने सबको हैरान कर दिया है। कोगा शहर में 49 वर्षीय महिला मसाए सकुराई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि उसने अपनी रूममेट का मुंह सुई-धागे से सिल दिया था। जानकारी के मुताबिक़, दोनों महिलाएं अप्रैल 2025 से एक साथ रह रही थीं। इस साल 29 जून को दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। 49 वर्षीय महिला अपनी 42 वर्षीय रूममेट की ज्यादा बात करने से परेशान थी। गुस्से में आकर उसने कथित तौर पर सुई और धागे से रूममेट के होंठ सिल दिए।




**बिजली के सामने लगते हैं भिनभिनाने, टूटे पंखों से भर जाती है सड़क!**

# बारिश होते ही कहां से आ जाते हैं पंख वाले कीड़े ?

**नई दिल्ली।** मॉनसून सीजन शुरू होते ही पहली बारिश के बाद शाम ढलते ही एक अनोखा नजारा दिखाई देता है। बिजली के बल्ब, ट्यूबलाइट या स्ट्रीट लाइट के आसपास हजारों पंख वाले कीड़े भिनभिनाते नजर आते हैं। ये कीड़े इतनी तेजी से उड़ते हैं कि कई बार लोग डर भी जाते हैं। कुछ देर बाद उनके पंख टूट जाते हैं और सड़क, छत, बालकनी सब इन टूटे पंखों से भर जाती है। सुबह तक कई पंख गायब हो जाते हैं। ये रहस्यमयी कीड़े असल में उड़ने वाले दीमक होते हैं। ये सामान्य दीमक का ही एक रूप हैं। दीमक कॉलोनी में रहने वाले सामाजिक कीड़े होते हैं। कॉलोनी में राजा, रानी, मजदूर और सैनिक होते हैं। बारिश के मौसम में कॉलोनी नई कॉलोनियां बनाने के लिए पंखदार नर और मादा पैदा करती है। इन्हें स्वान फ्लाइट भी कहते हैं। पहली भारी बारिश मिट्टी को नरम करती है। नमी और तापमान के सही संकेत मिलते ही ये पंख वाले दीमक कॉलोनी से बाहर निकलकर उड़ने लगते हैं।



### प्राकृतिक महत्व

ये दीमक इकोसिस्टम का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे मिट्टी को उपजाऊ बनाते हैं, मृत पौधों को सड़ाते हैं और कई पक्षियों, चींटियों व दूसरे जीवों के लिए भोजन का स्रोत बनते हैं। नई कॉलोनियां बनाकर वे पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं।

### क्यों सड़कें पंखों से भर जाती हैं?

जब ये कीड़े लाइट के पास भिनभिनाते हैं तो पंख टूटने लगते हैं। हवा, बारिश या उनकी खुद की गतिविधि से पंख अलग हो जाते हैं, एक रात में हजारों पंख सड़क पर बिखर जाते हैं। सुबह पक्षी, चींटियां और अन्य जीव इन पंखों और कीड़ों को खा जाते हैं, इसलिए वे गायब हो जाते हैं।

### वैज्ञानिक कारण और प्रक्रिया

**ट्रिगर:** बारिश मिट्टी में नमी लाती है, जो दीमकों के लिए आदर्श है। नमी अंडों के विकास और नए घोंसले बनाने में मदद करती है।

**उड़ान:** पंखदार दीमक शाम के समय उड़ते हैं क्योंकि उस समय हवा शांत होती है और रोशनी उन्हें आकर्षित करती है

**पंख क्यों टूटते हैं?:** उड़ान के बाद या जोड़ी बनाने के बाद वे अपने पंख झाड़कर गिरा देते हैं। इसके बाद वे जमीन पर रेंगते हैं। मादा और नर जोड़ी बनाकर नई कॉलोनी शुरू करते हैं।

**लाइट आकर्षण:** दीमक रोशनी की तरफ खिंचे चले आते हैं। यही वजह है कि बल्ब के आसपास वे सबसे ज्यादा दिखते हैं।







## इस चिड़िया को कहते हैं कार की दुश्मन

**वेलिंगटन।** आज हम आपको एक ऐसे ही पक्षी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे गाड़ियों से नफरत है, वो भी ऐसी-वैसी नफरत नहीं, बल्कि उसकी हालत खराब करने तक की. दरअसल, न्यूजीलैंड की केआ चिड़िया इन्हीं में से एक है। यहां कि ये शरारती चिड़ियाएं पार्किंग में खड़ी कारों को देखते ही उन पर अपनी चोंच से हमला बोल देती हैं। ये सिर्फ चोंच से हमला ही नहीं करती, बल्कि कार पर लगे रबर विंडो सील, वाइपर, एंटीना, हेडलाइट रबर, यहां तक कि टायर को भी खींच-खींचकर बाहर निकाल देती है। यही वजह है कि, लोग इन्हें कारों का बड़ा दुश्मन मानते हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com